संसेक्स 71,941.57 ▲ +1,240.90
डॉलर 83.145 ▼ +0.023

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 25.0 | 12.0 | 17.0 |
| धनबाद | 25.0 | 15.0 | 18.0 |
| जमशेदपुर | 28.0 | 20.0 | 24.0 |
| पलामू | 25.0 | 13.0 | 17.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर), माघ कृष्ण पक्ष 05, विक्रम संवत 2080 डालटनगंज (मेदिनीनगर), मंगलवार, 30 जनवरी 2024, वर्ष-30, अंक- 104, पृष्ठ-12, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 www.rastriyanaveenmail.com





संपादकीय छात्रों के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के बीच संतुलन...8


डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित


लाइव सिंगिंग परफॉर्मेंस को लेकर इमोशनल ...12 देश/विदेश







## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें हमसे

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 82925 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

### झारखंड के सभी सरकारी स्कूलों में गूंजी प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा

## बच्चे के रिपोर्ट कार्ड को अपना विजिटिंग कार्ड न मानें : पीएम

**शिक्षक अपने काम को नौकरी के रूप में न लें छात्रों के जीवन को सशक्त बनाने के साधन के रूप में लें**

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के 7वें संस्करण के दौरान नई दिल्ली के भारत मंडपम में छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ बातचीत की। प्रधानमंत्री ने परीक्षा के तनाव और घबराहट भरे माहौल को दूर करने के साथ ही बच्चों, अभिभावकों एवं शिक्षकों का



मार्गदर्शन किया। प्रधानमंत्री कहा कि शिक्षकों को अपने काम को केवल नौकरी के रूप में नहीं लेना चाहिए बल्कि उन्हें इसे छात्रों के जीवन को सशक्त बनाने के साधन के रूप में लेना चाहिए। शिक्षक और छात्रों के बीच हमेशा सकारात्मक रिश्ता रहना चाहिए। कुछ माता-पिता अपने बच्चे के रिपोर्ट कार्ड को अपना विजिटिंग कार्ड मानते हैं, यह अच्छा नहीं है। आपको एक बच्चे की तुलना दूसरे से नहीं करनी चाहिए क्योंकि यह उनके भविष्य के लिए हानिकारक हो सकता है। मोदी ने कहा, परीक्षा के तनाव को विद्यार्थियों के साथ-साथ पूरे परिवार और टीचर को मिल कर एड्रेस करना चाहिए। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का राज्य के सरकारी स्कूलों में लाइव प्रसारण किया गया। इसके लिए सभी स्कूलों में लाइव प्रसारण की विशेष व्यवस्था की गयी थी। बच्चों ने प्रधानमंत्री के संबोधन को सुनकर जीवन ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## पलामू में कुल मतदाताओं की संख्या 16,93,169 है

- **18 से 19 वर्ष आयु के कुल 23,601 नये मतदाताओं के नाम जोड़े गये**
- **उपायुक्त ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों संग बैठक कर दी जानकारी**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के पश्चात पलामू में कुल 16,93,169 मतदाता हैं। इनमें 8,77,713 पुरुष,8,15,451 महिला व 5 ट्रान्सजेंडर मतदाता शामिल हैं। पांकी विधानसभा में 3,18,266, डालटनगंज में 3,94,065, विश्रामपुर में 3,52,109, छतरपुर में 3,13,963 तथा हुसैनाबाद में 3,14,766 मतदाता हैं। इस दौरान 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के 23,601 मतदाताओं के नाम जोड़े गये हैं। मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024 के अंतिम प्रकाशन को लेकर जिले के उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन ने सोमवार को विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक में उपरोक्त जानकारी दी। श्री रंजन ने एसएसआर- 2024 में प्रपत्र 6 के माध्यम से जिले में जुड़े कुल मतदाताओं की संख्या,पुरुष और महिला मतदाताओं की संख्या के साथ ही प्रपत्र 7 के माध्यम से विलोपन व प्रपत्र 8 के तहत स्थानांतरण/संशोधन आदि किये गये कार्यों से भी अवगत कराया। सभी दलों के प्रतिनिधियों को जिले की पांचों विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूची की एक-एक प्रति की हार्ड कॉपी भी उपलब्ध करवाया। उन्होंने प्रतिनिधियों से कहा कि यदि सूची में किसी योग्य व्यक्ति का नाम छूट गया है तो वे अपने स्तर से भी उस व्यक्ति का नाम सूची में जुड़वाने का कार्य करें। यह प्रक्रिया निरंतर जारी रहेगी।

## पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 62,420
चांदी (किलो) 71,940

### भाजपा दफ्तर, राजभवन और अन्य संवेदनशील स्थानों पर फोर्स की तैनाती की गई

## दिल्ली में छापेमारी, सीएम आवास की बढ़ी सुरक्षा

**बड़गाईं अंचल में जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में और पूछताछ होनी है**

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** ईडी जहां नई दिल्ली में हेमंत सोरेन के आवास पर दबिश दे रही है वहीं रांची के कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास सहित कई अन्य स्थानों पर सोमवार को सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी और जगह-जगह अतिरिक्त पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है। कांके रोड स्थित हॉट लिप्स चौक के पास सिटी एसपी राजकुमार मेहता, एसडीएम, सिटी डीएसपी, कोतवाली डीएसपी सहित भारी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात हैं। मालूम हो कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 27 जनवरी की शाम आठ बजे चार्टर्ड प्लेन से दिल्ली गए थे, तब से वे वहीं हैं। सोमवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम दिल्ली में शांति निकेतन स्थित मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास पर पहुंची। फिलहाल यह साफ नहीं हो पाया है कि वहां ईडी की टीम की सीएम से मुलाकात हुई या नहीं। नई दिल्ली में सीएम के आवास पर ईडी के पहुंचने की खबर जैसे ही सामने आई, रांची में सियासी हलचल बढ़ गई।
**सीएम आवास** ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



### कल एक बजे सीएम आवास आकर कर लीजिए 'पूछताछ'

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ईडी को मेल भेजकर सूचित किया है कि वे 31 जनवरी को दिन के एक बजे सीएम आवास में पूछताछ के लिए उपलब्ध होंगे। सीएम हेमंत सोरेन ने ईडी के असिस्टेंट डायरेक्टर देवव्रत झा को मेल के जरिए भेजे पत्र में कहा है कि आपकी ओर से की जा रही कार्रवाई पॉलिटिकल एजेंडा के तहत राज्य की सरकार के कामकाज को बाधित करने और निर्वाचित जनप्रतिनिधि को उसकी ऑफिशियल ड्यूटी से रोकने की दुर्भावनापूर्ण कोशिश है। सोरेन ने लिखा है ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### पटना में ईडी कार्यालय में लालू



**पटना।** बिहार में सरकार बदलते ही प्रवर्तन निदेशालय हरकत में आ गया और सोमवार को आईआरसीटीसी लैंड फॉर जॉब मामले में लालू प्रसाद से पूछताछ करने राबड़ी देवी के आवास पर पहुंचा। ईडी की टीम इस संबंध में समन ले जा रही है और दावा किया कि उनके पास इस मामले के बारे में ताजा सुराग हैं। लालू प्रसाद ने ईडी के अधिकारियों को पटना स्थित कार्यालय जाने को कहा और वह जल्द ही वहां पहुंचेंगे। जैसे ही ईडी की टीम राबड़ी देवी के आवास से बाहर निकली, लालू प्रसाद अपनी बड़ी बेटी मीसा भारती के साथ उनके पीछे हो लिए। राबड़ी देवी के आवास से पटना स्थित ईडी कार्यालय तक यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में राजद समर्थक जुटे। उन्होंने लालू प्रसाद के समर्थन में और केंद्र सरकार के खिलाफ नारे लगाये। ईडी ने इस मामले में नई दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में आरोप पत्र दायर किया है और इसकी सुनवाई 9 फरवरी को होनी है।

### हाईकोर्ट ने डीसी के आदेश को पलटते हुये दी अनुमति

## पलामू में 10 फरवरी से होगा धीरेंद्र शास्त्री का कार्यक्रम

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू में पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री (बाबा बागेश्वर धाम सरकार) का कार्यक्रम अब 10 से 15 फरवरी के मध्य चैनपुर प्रखंड के ओरनार गांव में होगा। इसकी अनुमति हाईकोर्ट ने दे दी है। बाबा बागेश्वर धाम सरकार के प्रस्तावित कार्यक्रम के संबंध में दाखिल श्रीहनुमंत कथा आयोजन समिति की रिट याचिका को हाई कोर्ट ने स्वीकृत करते हुए पलामू उपायुक्त के द्वारा 10 दिसंबर को कार्यक्रम रद्द करने के आदेश को निरस्त कर दिया। न्यायमूर्ति आनंदा सेन की पीठ ने अपने आदेश में कहा कि कार्यक्रम के लिये आयोजन समिति श्रीहनुमंत कथा समिति श्रद्धालुओं के लिए बैठने की व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा, एम्बुलेंस, पार्किंग, टॉयलेट आदि की व्यवस्था खुद करेगी। बेसिक बुनियादी सुविधाओं से संबंधित एक्शन प्लान आयोजन समिति द्वारा पलामू उपायुक्त को दिया जाएगा, जिसे पलामू उपायुक्त कंसीडर करेंगे। विदित हो कि इससे पूर्व पलामू में 10 जनवरी से बाबा बागेश्वर का कार्यक्रम निर्धारित किया गया था। जिसे कानून व्यवस्था का हवाला देते हुये उपायुक्त ने रद्द कर दिया था। ओरनार गांव में यह कार्यक्रम रैयती भूमि पर होगा, इसके लिए ग्राम सभा से अनुमति भी मिल गई है।

## एक नजर

### सात फरवरी को उलिहातू आयेंगे राहुल गांधी



**खूंटी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के क्रम में सात फरवरी को भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू आयेंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर खूंटी के कांग्रेस नेताओं ने सोमवार को उलिहातू का दौरा किया। भारतीय कांग्रेस कमेटी की टीम में कमेटी के प्रतिनिधि सुशांत मिश्रा, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कालीचरण मुंडा और वरिष्ठ नेता मानस सिन्हा ने उलिहातू में कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता देवजीत देवघरिया ने बताया कि राहुल गांधी सात फरवरी को उलिहातू में बिरसा मुंडा को श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे और भगवान बिरसा मुंडा के वंशजों तथा बिरसाइत पंथ को मानने वालों से मुलाकात करने बाद खूंटी में रात्रि विश्राम करेंगे। आठ फरवरी को राहुल गांधी खूंटी से उड़ीसा के लिए प्रस्थान करेंगे।

## धोनी ने पूर्व कारोबारी साझेदारों के मानहानि के मुकदमे को दिल्ली उच्च न्यायालय में दी चुनौती




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दो पूर्व बिजनेस पार्टनर मिहिर दिवाकर और उनकी पत्नी सौम्या दास के मानहानि के मुकदमे का विरोध करते हुए टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेट कप्तान एमएस धोनी ने सोमवार को दिल्ली उच्च न्यायालय को बताया कि याचिका सुनवाई योग्य नहीं है और उन्होंने रांची की एक अदालत में दंपति के खिलाफ मामला दायर किया है। दोनों ने 15 करोड़ रुपये के कथित अवैध लाभ और 2017 के अनुबंध के उल्लंघन के संबंध में कथित मानहानिकारक बयानों के प्रसार को रोकने के उद्देश्य से धोनी के खिलाफ स्थायी निषेधाज्ञा और क्षतिपूर्ति की मांग की है। पिछली बार, अदालत ने अपनी रजिस्ट्री को निर्देश दिया था कि वह धोनी को उनके ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### तीन सप्ताह में जारी करनी थी अधिसूचना, जबाब भी नहीं हुआ दाखिल

## हाईकोर्ट के आदेश की मियाद खत्म, ननि चुनाव की सुगबुगाहट भी नहीं

अखिलेश चौबे

**मेदिनीनगर।** ननि चुनाव को लेकर झारखंड हाईकोर्ट के आदेश की मियाद समाप्त हो गयी। इसके बाद भी एक वर्ष से लंबित नगर निकाय चुनावों के संबंध में प्रदेश सरकार के स्तर पर कोई सुगबुगाहट देखने को नहीं मिली। यहां तक कि इस मामले में सरकार ने अपना जबाब दाखिल करना भी मुनासिब नहीं समझा। इससे कुछ नगर निकायों में तीन तो अन्य सभी नगर क्षेत्र में एक वर्ष से बुनियादी समस्याओं से जूझ रहे नागरिकों के समक्ष किंकर्त्तव्यविमूढ़ता की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। विदित हो कि झारखंड के 48 नगर निकायों में से 14 का कार्यकाल मई 2020 में ही समाप्त हो गया था। जबकि शेष 34 नगर निकायों ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



### नगर निकाय में तानाशाही हावी

विश्रामपुर नगर परिषद में वर्ष 2020 से ही निकाय का कार्यकाल समाप्त हो चुका है। नगर परिषद में पूरी तरह से तानाशाही हावी है। जन समस्याओं के प्रति पूरी तरह उदासीनता बरती जा रही है। नगर निकाय का चुनाव लंबित होने से न सिर्फ आम जनता परेशान है। अपितु केंद्र से मिलने वाली सैकड़ों करोड़ रूपये की राशि भी बंद हो गयी है। यह प्रदेश सरकार की ईच्छा शक्ति का अभाव है।

**- डा. वीपी शुक्ला, अध्यक्ष पद उम्मीदवार सह समाजसेवी।**

## इंडिया

## नवाचार, स्थिरता और समावेशी विकास से ही आएगी समृद्धि



सुनील बादल

**वैश्विक** गांव में बदल चुकी दुनिया में अब दूरियाँ तेजी से कम हो रही हैं,कृत्रिम मेधा एआइ के आने से भाषा का बंधन भी लगभग समाप्ति पर है और आधुनिक उपकरणों का प्रयोग करने वाले लोग इसका भरपूर उपयोग तो कर ही रहे हैं मोबाइल तक ऐसे बाजार में आ गए हैं जो तत्क्षण भाषा को बदलने में सक्षम हैं । ऐसे में भारत भी तेज अर्थव्यवस्था की दौड़ में अपने आप शामिल हो गया है और विश्व की पाँचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से दूसरी या पहली अर्थव्यवस्था बनने कि तीव्र चाहत रखता है । औपनिवेशिक काल और स्वतंत्रता के बीच, वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में भारत की हिस्सेदारी एक-चौथाई से गिरकर लगभग पांच फीसदी रह गई थी जो आज वैश्विक जीडीपी में हमारी हिस्सेदारी (क्रय शक्ति समता के मामले में) लगभग सात-आठ फीसदी है। हमने अपनी स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष तक भारत को दुनिया के विकसित देशों में शामिल कराने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। पर इस बड़े लक्ष्य का पूरा होना राजनीतिक उठापटक से अलग निरंतर आर्थिक विकास से ही संभव है। अभी हमारी प्रति व्यक्ति आय लगभग 2,100 डॉलर है। जबकि आज उच्च आय वाला देश उसे माना जाता है, जहां प्रति व्यक्ति आय 12 हजार डॉलर से अधिक हो। यानी अभी हम उच्च आय वाले देश के छठवें हिस्से के बराबर हैं। चूंकि, वर्ष 2024 की तुलना में वर्ष 2047 में उच्च आय वाले देशों की आय सीमा स्वाभाविक ही बहुत अधिक होगी, इसलिए प्रति व्यक्ति आय का हमारा लक्ष्य 15 हजार डॉलर सालाना से अधिक होना चाहिए। भारत को विकसित देश बनाने के लिए आज से 2047 के बीच लगातार आठ फीसदी से अधिक की विकास दर पाना जरूरी है। बुनियादी ढांचे में सार्वजनिक पूंजीगत व्यय द्वारा समर्थित निजी निवेश से इस विकास को आगे बढ़ाना होगा। केंद्र सरकार निश्चित रूप से अपना काम कर रही है पर राजनीति से ऊपर उठकर सभी सरकारों को इस मुद्दे पर एकमत होना चाहिए। जीडीपी में 2014 और 2024 के बीच केंद्र सरकार के पूंजीगत व्यय का हिस्सा जीडीपी के 1.5-1.6 फीसदी से दोगुना होकर जीडीपी का 3.0-3.2 फीसदी हो गया है। बुनियादी ढांचे में यह निवेश लॉजिस्टिक की लागत को कम करेंगे और हमारी विनिर्माण प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देंगे। राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन जैसे कार्यक्रमों के साथ-साथ बुनियादी ढांचे में निवेश से इस क्षेत्र में निजी निवेश बढ़ेगा। उच्च विकास दर हासिल करने के लिए विनिर्माण और निर्यात का भी विस्तार होना चाहिए। बुनियादी ढांचे में निवेश और व्यापार सुगमता पर ध्यान देने से व्यापार करने की लागत में कमी आएगी। हालांकि बहुत कुछ हासिल किया जा चुका है, पर अब अगली छलांग पर ध्यान देना चाहिए। राज्य स्तर पर प्रक्रियाओं, मंजूरी, लाइसेंस, फॉर्म आदि व्यवस्था को निश्चित रूप से तर्कसंगत और व्यवस्थित किया जाना चाहिए। अब यह राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है कि वे अपने राज्यों को निवेश गंतव्य के रूप में बढ़ावा दें। तेजी से उभर रही नई प्रौद्योगिकी के साथ भारत को तकनीकी रूप से छलांग लगाने के लिए नवाचार-समर्थक नियामक दृष्टिकोण की जरूरत है।




भारतीय नियामकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे पर्याप्त क्षमता से सुसज्जित हों और नई प्रौद्योगिकियों को विकसित होने का मौका देने का लचीलापन भी दिखाएं। हमें निर्यात बाजारों को भी आक्रामक रूप से लक्षित करना चाहिए। बुनियादी ढांचे में निवेश के अलावा केंद्र एवं राज्य सरकारों को भूमि एवं श्रम सुधारों को लागू करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। उद्योगों के लिए बिजली की लागत को भी अन्य समकक्ष राष्ट्रों के हिसाब से प्रतिस्पर्धी बनाना चाहिए। सरकार लागत संबंधी कमियों को दूर करने का प्रयास तो कर ही रही है, निजी क्षेत्रों को भी नवाचार, अनुसंधान व विकास और गुणवत्ता पर ध्यान देना चाहिए। भारत में अनुसंधान व विकास पर ज्यादातर खर्च सार्वजनिक क्षेत्र से होता है। खासकर उद्योग 4.0 (एआई, मशीन लर्निंग इत्यादि) में निजी अनुसंधान एवं विकास हमारी प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के लिए आवश्यक है। डिजिटल कौशल और साक्षरता पर अधिक जोर दिया जाना चाहिए और कौशल विकास उद्योग आधारित होने चाहिए। टिकाऊपन या स्थिरता को हमारे सभी प्रयासों के केंद्र में रखना होगा। आने वाले वर्षों में हर तरह के वैश्विक व्यापार में कार्बन तीव्रता एक महत्वपूर्ण बिंदु बनने वाली है। हमारी कंपनियों और सरकारों को इस बदलाव के लिए तैयार रहना चाहिए। इसी तरह वैश्विक पूंजी भी अपने निवेश फैसलों में तेजी से आर्थिक, सामाजिक एवं शासन संबंधी मानदंडों को ध्यान में रख रही है। भारत को इसके लिए तैयार रहना चाहिए और जलवायु एवं सहस्राब्दी विकास लक्ष्य (एसडीजी) परियोजनाओं की दिशा में आने वाले निवेश का लाभ उठाना चाहिए। राज्य या केंद्र में सरकारें किसी की भी हों पर आर्थिक सुधार की प्रक्रिया चलती रहनी चाहिए ।

## बजट सत्र के मद्देनजर संसद की सुरक्षा हुई और कड़ी

**हर विजिटर को क्यूआर कोड, पत्रकारों व पूर्व सांसदों के लिए भी कड़ाई**

-ब्यूरो

**नई दिल्ली।** 31 जनवरी से शुरू होकर 9 फरवरी तक चलने वाले संसद के बजट सत्र के लिए सुरक्षा व्यवस्था और भी कड़ी कर दी गई। सांसदों, अफसरों व कर्मचारियों को छोड़कर अन्य सभी लोगों के लिए संसद परिसर में प्रवेश व जांच के नियम पहले से ज्यादा कड़े कर दिये गये हैं। कुछ गेट से केवल सांसद ही जाएंगे। पत्रकारों को भी संसद के गलियारे में खड़े होने की इजाजत नहीं है। पूर्व सांसदों के लिए भी संसद परिसर में कई तरह की कड़ाई कर दी गई है। इधर मंगलवार को सरकार ने बजट को लेकर सर्वदलीय बैठक बुलाई है। सुरक्षा में कड़ाई 13 दिसंबर 2023 को लोकसभा में शून्य काल के दौरान दर्शक दीर्घा से सदन में दो लोगों के कूदने, नारेबाजी करते हुए कैन से पीला धुआं छोड़ने के कारण हो रहा है, ताकि भविष्य में ऐसी घटना नहीं हो। नये नियम के तहत अब संसद के लोकसभा व राज्य सभा दर्शक दीर्घा में जाने के लिए पास बनवाना बहुत कठिन हो गया है। दर्शक दीर्घा में प्रवेश के लिए लोगों को सबसे पहले ऑनलाइन आवेदन करना होगा। जांच-परख के बाद यदि आवेदन स्वीकार होता है, तो आवेदक के मोबाइल नंबर पर एक क्यू आर कोड भेजा जाएगा। उस क्यू आर कोड का प्रिंट निकालकर आवेदक को बताए गये समय पर ,आधार कार्ड के साथ संसद भवन के उस गेट पर जहां पास बनता है, पहुँचना होगा। जहां एंट्री प्वाइंट पर क्यू आर कोड को दिखाकर अंदर जाने की अनुमति लेना होगा। अन्दर रिसेप्शन पर आवेदक का बायोमेट्रिक किया जाएगा तथा फोटो भी लिया जाएगा। यह करने के बाद उसको एक स्मार्ट कार्ड दिया जाएगा। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### हरिहरगंज थाना प्रभारी को मिला पुरस्कार



**हरिहरगंज।** बेहतर कार्य करने के लिए पुलिस निरीक्षक सह हरिहरगंज के थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास को गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में डीसी शशि रंजन एवं एसपी रिष्मा रमेशन ने प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया है। विदित हो कि थाना प्रभारी के पद पर हरिहरगंज थाना में श्री दास तीन वर्षों से अधिक समय से कार्यरत हैं। थाना में बेहतर काम करने, मामले का निष्पादन तेजी से करने, विधि व्यवस्था का सफतापूर्वक संचालन करने को लेकर उन्हें सम्मानित किया गया है। थाना प्रभारी के सम्मानित होने पर विभाग के अधिकारियों ने भी उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

### झारखंड में सब कुछ बेचने पर आतुर है सरकार : आप्सू

**मेदिनीनगर।** छात्र संगठन आप्सू के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने कहा कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा सीजीएल की एग्जाम लेने से पहले ही प्रश्न पत्र को मोटी रकम लेकर के बेचने का प्रमाण छात्रों के हाथ लगा है। उन्होंने कहा कि बहुत ही मुश्किल से एक परीक्षा सरकार द्वारा आयोजित की गई। तो सरकार प्रश्न पत्र को बेच रही हैं। आखिर सरकार झारखंड में क्या-क्या बेचना चाहती है। छात्रों की झारखंडी होने की पहचान बेच दी गई। छात्रों के लिए किसी भी प्रकार की कोई ठोस नियोजन नीति नहीं बनाई गई और उसके बाद भी यदि छात्रों ने कठिन परिश्रम करके पढ़ाई की तो सरकार प्रश्न पत्र बेचने पर आतुर है। यह झारखंड के छात्रों की अस्मिता बेचने वाली सरकार है। बालू, पत्थर, शराब बेचते-बेचते जो सरकार नही थकी वह सरकार अब प्रश्न पत्र बेच कर अपनी जमीर बेचने पर आतुर है। यह सरकार युवाओं के हक अधिकार को मारने वाली सरकार सीजीएल की 28 फरवरी को होने वाली परीक्षा की तीनो पत्र को रद्द नहीं करती है तो आप्सू सड़क से लेकर न्यायलय तक आवाज बुलंद करेगी।

### पेपर लीक पर एबीवीपी ने जताया रोष

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा नगर मंत्री रमाशंकर पासवान की अध्यक्षता में पेपर लीक के विरोध में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि इतनी महत्वपूर्ण परीक्षा में पेपर का लीक होना सरकार की विफलता का प्रतीक है। युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाली ऐसी सरकार को तत्काल सत्ता छोड़ देनी चाहिये। जनता शिवरात्रि महाविद्यालय कॉलेज अध्यक्ष आकाश वर्मा ने कहा कि हम सभी युवा मिलकर वर्तमान राज्य सरकार को उखाड़ फेंकने का कार्य करें। मौके पर राष्ट्रीय प्रादेशिक विश्वविद्यालय सह संयोजन विनीत पांडे, जिला संयोजक सुमित पाठक, सतीश तिवारी, सूर्यकांत पासवान, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अभय वर्मा,नितीश दुबे,दीपक पांडे, उज्जवल सिंह, बिट्टू सिंह, हेमंत मिश्रा उपस्थित थे।

### क्षेत्र के चार विद्यालयों को उच्च विद्यालय में किया गया उत्क्रमित

# अब सुदूरवर्ती इलाके के बच्चे भी पा सकेंगे माध्यमिक शिक्षा



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के चार विद्यालयों के उच्च विद्यालय में उत्क्रमित होने से अब सुदूरवर्ती क्षेत्र के गरीब विद्यार्थियों को माध्यमिक शिक्षा घर के आसपास ही मिल जाएगी। यह बातें हुसैनाबाद के विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि झारखंड प्रदेश में 140 मध्य विद्यालयों को उच्च विद्यालय में उत्क्रमण करने के प्रस्ताव की स्वीकृति झारखंड कैबिनेट से मिली है। पलामू जिले के नौ मध्य विद्यालयों का उत्क्रमण किया गया है। जिसमे चार विद्यालय हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के शामिल है। जिन विद्यालयों को उत्क्रमित किया गया है। उनमे मध्य विद्यालय डेहरी, मध्य विद्यालय पथरा, मध्य विद्यालय सड़क के मामले में हुसैनाबाद-हरिहरगंज क्षेत्र राज्य के अन्य विधानसभा क्षेत्रों से काफी बेहतर है। इस दिशा में लगातार कार्य कराया जा रहा है। सभी प्रखंडों में बालिका आवासीय विद्यालय व जपला के झरहा में कालेज के निर्मित भवन में पठन-पाठन शुरू कराने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही सकारात्मक परिणाम आने की उम्मीद है। दंगवार व मध्य विद्यालय बिहरा शामिल हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी क्षेत्र के विद्यालयों को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित कराया जा चुका है। इस माह चार और विद्यालयों के उत्क्रमित होने से संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र को लाभ मिल सकेगा। श्री सिंह ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य

### तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव अनुष्ठान का समापन, श्रद्धालुओं ने लगाये जयकारे

# सिद्धपीठ देवी मंदिर में माता रानी की भव्य प्राण- प्रतिष्ठा

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** सिद्धपीठ देवी मंदिर में माता प्राण- प्रतिष्ठा के वार्षिकोत्सव को लेकर तीन दिवसीय अनुष्ठान का रविवार को हवन, पूजन व भंडारे के साथ समापन हुआ। वाराणसी से आये विद्वान आचार्य पं.विवेकानंद शुक्ला, भारतेन्दु द्विवेदी व कन्हैया मिश्र ने मंदिर में श्रृंगार के साथ पूजा-आरती की। मंदिर प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष विवेकानंद सिंह, सचिव रामाश्रय सिंह, कोषाध्यक्ष रविन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि इस मंदिर में गत वर्ष ही गर्भगृह में माता का स्थान ऊंचा करने सहित कई विकास कार्य कराये गये हैं। मुखिया संतोष कुमार सिंह के निर्देशन में भंडारा प्रसाद का वितरण देर शाम तक कराया गया। रविवार की शाम तीन बजे से श्रीत्रिदंडी स्वामी जी महाराज के शिष्य हेकड़िवा स्वामी जी महाराज ने कथा श्रवण कराते हुए कहा कि श्रीराम कथा जीवन जीने की कला सिखाती है। इसे सुनने मात्र से ही प्रभु की कृपा मिलती है। जहां भगवान श्रीराम की कृपा होती हैं, वहीं रामकथा संभव है। कार्यक्रम के समापन में जिला पार्षद संगीता देवी, पंसस शैलू जायसवाल, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉ. अजय जयसवाल, उप-मुखिया पवन कुमार आदि सक्रिय रहे।



अनुष्ठान में शामिल श्रद्धालु।

### नोनियाडीह में देवी प्राण-प्रतिष्ठा व नवचंडी महायज्ञ का भव्य आगाज

# गाजे-बाजे के साथ निकली जलयात्रा, वातावरण भक्तिमय

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के पथरा पंचायत के चनकार कस्तूरी टोला के नोनियाडीह गांव में देवी प्राण-प्रतिष्ठा व श्रीमाँ दुर्गा नवचंडी यज्ञ को लेकर सोमवार को भव्य जलयात्रा निकाली गई। जलयात्रा की शुरूआत गांव स्थित देवी मंदिर परिसर से की गयी। गाजे-बाजे के साथ निकली जलयात्रा में शामिल श्रद्धालु नोनियाडीह, चनकार कस्तूरी, पोलडीह जगदीशपुर, पोलडीह आदि गांवों का भ्रमण करते हुए गजनधाम स्थित कररबार नदी पहुंचे। जहां आचार्य कृपानाथ पाठक, रजनीश पाठक, रामेश्वर पाठक आदि ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जलभरी की प्रक्रिया पूरी की। इस मौके पर मुखिया नरेश पासवान, कथा वाचक कृष्ण शास्त्री महाराज,लवकुश पासवान, शशिकांत कुमार, गोलू कुमार,अंगद पासवान, धीरज पासवान,मनीज पासवान, अनिल पासवान, विकड कुमार,रविकांत पासवान, जापान कुमार,गया पासवान समेत काफी संख्या में लोग शामिल हुए। वैदिक मंत्रोच्चार की अनुगूंज से पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो गया है। महायज्ञ के दौरान भक्तों को श्रीराम कथा श्रवण का भी सौभाग्य हासिल होगा।



### सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में 250 परीक्षार्थी शामिल

**मेदिनीनगर।** एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल में सैनिक स्कूल में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। इसमें 250 परीक्षार्थी शामिल हुए। कक्षा छह व नौ में प्रवेश परीक्षा के लिए 257 विद्यार्थी पंजीयकृत थे। जिसमें कक्षा छह में 194 परीक्षार्थी शामिल हुए। वर्ग नौ में 56 परीक्षार्थी परीक्षा में उपस्थित हुए। जबकि एक परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा। सीटी को-ऑडिनेटर प्राचार्य सह झारखंड जोन के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉ जीएन खान व केंद्राधीक्षक आलोक कुमार की देखरेख में परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। प्राचार्य ने कहा कि एनटीए ने अखिल भारतीय स्तर पर प्रवेश परीक्षा का इस स्कूल को केंद्र बनाना पूरे पलामू के गौरव की बात है। इस केंद्र पर पलामू, लातेहार, गढ़वा के परीक्षार्थी शामिल हुए।

# बसपा का कार्यकर्ता प्रशिक्षण सह सेक्टर समीक्षा चार फरवरी को



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** प्रखंड के कौवाखोह स्थित बसपा प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र कुमार रवि के आवास पर सोमवार को हरिहरगंज व पिपरा प्रखंड के बसपा कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता हरिहरगंज प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र कुमार रवि तथा संचालन पिपरा प्रखंड अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार ने किया। बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी चार फरवरी पूर्वाह्न 11 बजे से गौतम बुद्धा पब्लिक स्कूल में कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर सह सेक्टर समीक्षा बैठक का आयोजन किया जाएगा। बसपा प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र कुमार रवि ने बसपा कार्यकताओं व समर्थकों से अपील की है कि उक्त कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनायें। इस मौके पर बसपा जिला अध्यक्ष अजय कुमार भारती, पूर्व प्रदेश सचिव राजकुमार गौतम, विधानसभा प्रभारी रामनारायण राम, विधानसभा अध्यक्ष प्रमोद राम, बसपा के वरिष्ठ नेता प्रणव कुमार सुमन, जिला बीवीएफ रविशंकर राम, बसपा वरिष्ठ नेता पंसस प्रतिनिधि रवि रौशन कुमार, बसपा नेता कृष्णा राम उपस्थित थे।

# खेल के प्रति जागृत करें जागरूकता



**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** स्थानीय सगुना पंचायत मे युवा शक्ति के बैनर तले आयोजित कॉस्को क्रिकेट टूनामेंट का उद्घाटन पूर्व सांसद मनोज कुमार, जिला परिषद के उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, मुखिया मंजू देवी व समाजसेवी सुरेंद्र सिंह ने फीता काट कर किया। युवा समाजसेवी रंजीत कुमार सिंह ने मुख्य अतिथियों को अंग वस्त्र व गुलदस्ता देकर स्वागत किया। पूर्व सांसद मनोज कुमार ने कहा कि खेल को खेल के भावना से खेलें तभी जाकर उच्च मुकाम तक पहुंचेंगे। इससे गांव, पंचायत, शहर का नाम रोशन होता है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी की अगुआई में ग्रामीण क्षेत्र से छोटे-छोटे युवा खिलाड़ी अंतरर्राष्ट्रीय लेवल पर पहुंच कर खेल रहे हैं। वहीं जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन प्रखंड स्तर पर होते रहना चाहिये। मौके पर मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, मनोज सिंह उपस्थित थे।

### 62 दिव्यांग स्कूली बच्चों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**मेदिनीनगर।** समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत समावेशी शिक्षा के तहत पलामू जिले के विभिन्न प्रखंडों के 62 दिव्यांग बच्चों को सोमवार को शैक्षणिक टूर पर ले जाया गया। सोमवार की अहले सुबह सुरक्षित बस से सभी बच्चों के अलावे 10 रिसोर्स पर्सन, समाशेषी शिक्षा प्रभारी राजीव चौबे के अलावे कार्यालय के दो सहायक जावेद अख्तर अंसारी और संतोष कुमार बच्चों के साथ गए हैं। बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए रांची के बिरसा मुंडा जैविक उद्यान ले जाया गया है। सुरक्षित बस को समग्र शिक्षा अभियान के एडीपीओ उदय कुमार सिंह,राजीव चौबे आदि ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना किया। एडीपीओ ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों में सीखने की लालसा बढ़ती है। साथ ही नई-नई जानकारियों से रू-ब-रू भी होते हैं। जो बच्चों को भविष्य में काफी सहायक सिद्ध होता है। उन्होंने कहा कि समावेशी शिक्षा के तहत दिव्यांग बच्चों को सरकार के स्तर से सहायक उपकरण आदि भी समय-समय पर उपलब्ध कराया जाता है।

# पुलिस अवर निरीक्षक को दी विदाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** थाना परिसर में सोमवार को पुलिस अवर निरीक्षक रामेश्वर तिवारी की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने सेवानिवृत्त अवर निरीक्षक का फूलमाला से स्वागत करते हुए उन्हें अंगवस्त्र एवं उपहार भेंट किये। उन्होंने उनके अच्छे स्वास्थ्य की मंगल कामना की। मौके पर पुलिस अवर निरीक्षक अनुज कुमार, रंजीत कुमार, निरंजन सिंह, लाल बहादुर हरिजन, प्रकाश कुमार गुप्ता, नंदलाल साहनी, धूमा किस्कू के अलावे सहायक अवर निरीक्षक संजय कुमार सिंह, मनोज दास मौजूद थे।



सेवानिवृत्त पुलिस अवर निरीक्षक को गुलदस्ता भेंट करते थाना प्रभारी व अन्य।

# विचारों के आदान-प्रदान का माध्यम हैं वनभोज



**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** वनभोज विचारों के आदान-प्रदान का सशक्त माध्यम हैं। सामाजिक सामंजस्य के लिये लोगों का आपस में मिलना-जुलना बहुत जरूरी होता है। दैनिक कार्यों की व्यस्तता व थकावट से खुद को राहत दिलाने के लिये कुछ समय के लिए सकून अनिवार्य होता है। प्रकृति के बीच जाना इसका सबसे अच्छा साधन है। छतरपुर से सटे कंगालीडीह-छगराही पहाड़ के पास सोमवार को आयोजित वनभोज कार्यक्रम में समाजसेवी सुरेश कुमार ने यह बातें कहीं। श्री कुमार ने बताया कि पूरा नगर पंचायत क्षेत्र उनका परिवार है और किसी भी स्थिति में वे अपने परिवार के साथ हैं। इस मौके पर सैकड़ों लोगों ने वनभोज का भरपूर लुत्फ उठाया। मुरली प्रसाद गुप्ता, भोला प्रसाद, कृष्णदेव सिंह, शिवराम, विनोद यादव, राजेश्वर राम आदि मौजूद रहे।

समाहरणालय, चतरा
(पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)
sport.chatra@gmail.com

अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

गत् वर्ष की भाँति इस वर्ष भी राजकीय ईटखोरी महोत्सव–2024 कार्यक्रम दिनांक–19.02.2024 से 21.02.2024 तक आयोजन किया जाना निर्धारित है। जिस क्रम में माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड सरकार एवं अन्य मंत्रीगण तथा अतिथिगण की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया जाना निर्धारित है। उक्त कार्यक्रम में ANNEXURE-I में अंकित कलाकारों को समिति द्वारा चयन उपरांत राजकीय ईटखोरी महोत्सव–2024 में अभिनय/नृत्य/गायन करने हेतु बुलाया जाना है।

उपरोक्त कार्यक्रम हेतु ANNEXURE-I में उल्लेखित कलाकारों का नाम के लिए एकमुश्त दर निर्धारण प्रति इभेंट हेतु दो लिफाफा प्रणाली के तहत अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक– 07.02.2024 को 12:00 बजे अपराह्न तक जिला खेल शाखा, चतरा में प्राप्त की जाएगी। प्राप्त निविदा दिनांक–07.02.2024 को 01:00 बजे अपराह्न में समाहरणालय सभाकक्ष, चतरा में पूर्व में गठित निविदा निस्तारण समिति के समक्ष खोला जायेगा। निविदा की विस्तृत जानकारी एवं अन्य शर्तें जिले के वेबसाईट www.chatra.nic.in तथा कार्यालय के सूचना पट पर देखी जा सकती है।

जिला क्रीड़ा पदाधिकारी–सह–
जिला पर्यटन नोडल पदाधिकारी,चतरा

PR 317262 Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs (23-24).D

### भाजपा नेताओं ने नीतीश कुमार को दी बधाई

**हुसैनाबाद।** भाजपा झारखंड प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविंद्र कुमार सिंह व हुसैनाबाद नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता ने बिहार में नौवीं बार नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री बनने पर बधाई दिया है। नेताओं ने कहा है की एनडीए नीत सरकार बनने से अब बिहार का विकास होगा। इसके लिए उन्होंने उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय सिन्हा को भी बधाई दिया है। नेता द्वय ने कहा है कि पूर्ण विश्वास है कि बिहार में बनी डबल इंजन की सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य में सेवा, सुशासन और विकास के उत्कृष्ट मानक स्थापित करेगी।

# विधायक के प्रयास से मृतक का शव पहुंचा पैतृक गांव



**नवीन मेल संवादाता**

**पांकी।** कर्नाटक की राजधानी बंगलुरू में ट्रेन की चपेट में आने से मृत केकरगढ़ के ग्राम हेडुम निवासी नंददेव यादव के 23 वर्षीय पुत्र अरुण यादव का शव विधायक डॉ. कुशवाहा शशिभूषण मेहता के प्रयास से हवाई मार्ग से सोमवार सुबह रांची एयरपोर्ट तक लाया गया। इसके पश्चात विधायक के निजी सहायक सरोज कुमार चटर्जी के द्वारा एम्बुलेंस की व्यवस्था करके पार्थिव शरीर को रांची एयरपोर्ट से पैतृक निवास स्थान हेडुम तक पहुंचाया गया। मौके पर मौजूद विधायक ने शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया।

झारखण्ड सरकार
कारा निरीक्षणालय
केन्द्रीय कारा मेदिनीनगर, पलामू

ई0–निविदा सूचना
e-TENDER : - HJ AND DM/CJ MEDININAGAR/Y/2024/292

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कारा का नाम | केन्द्रीय कारा मेदिनीनगर, पलामू। |
| 2. | विषय | कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादी की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार खाद्यान्नों, हरी सब्जियों, आलु, फल, मांस, सरसों का तेल, चीनी एवं अन्य विविध सामग्रियों के क्रय/आपूर्ति के निमित्त ई०–निविदा का आमंत्रण। (वार्षिक निविदा दिनांक 01.04.2024 से 31.03.2025 तक) |
| 3. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non Refundable) Online स्वीकार की जायेगी। | 5000.00 (पाँच हजार) मात्र। |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय | तिथि– 16.02.2024 से 22.02.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 5. | निविदा Online upload करने की तिथि | तिथि– 16.02.2024 से 22.02.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 6. | आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample) जमा करने की तिथि। | तिथि– 23.02.2024 से 26.02.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 7. | अग्रधन राशि (EMD) (2500/– से अधिक होने पर) जमा करने की तिथि | तिथि– 23.02.2024 से 26.02.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 8. | निविदा के खुलने की तिथि/ समय/स्थान | दिनांक 28.02.2024 को पूर्वाहन 11.30 बजे, अधीक्षक, केन्द्रीय कारा मेदिनीनगर, पलामू के कार्यालय वेश्म में अपर समाहर्त्ता, पलामू की उपस्थिति में। |

नोट :–
1. उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार के वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, केन्द्रीय कारा, मेदिनीनरग, पलामू के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को Online upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधीक्षक
केन्द्रीय कारा मेदिनीनगर, पलामू

PR 317162 (Prison) 23-24 (D)

झारखण्ड सरकार
कारा निरीक्षणालय, केन्द्रीय कारा मेदिनीनगर, पलामू

ई0–निविदा सूचना
e-TENDER : - HJ AND DM/CJ MEDININAGAR/Q1/2024/290

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कारा का नाम | केन्द्रीय कारा मेदिनीनगर, पलामू। |
| 2. | विषय | कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादी की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार खाद्यान्नों, हरी सब्जियों, आलु, फल, मांस, सरसों का तेल, चीनी एवं अन्य विविध सामग्रियों के क्रय/आपूर्ति के निमित्त ई०–निविदा का आमंत्रण। (प्रथम त्रैमासिक निविदा दिनांक 01.01.2024 से 31.03.2024 तक) |
| 3. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non Refundable) Online स्वीकार की जायेगी। | 5000.00 (पाँच हजार) मात्र। |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय | तिथि– 16.02.2024 से 22.02.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 5. | निविदा Online upload करने की तिथि | तिथि– 16.02.2024 से 22.02.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 6. | आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना(Sample)जमा करने कीतिथि। | तिथि– 23.02.2024 से 26.02.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 7. | अग्रधन राशि (EMD) (2500/– से अधिक होने पर) जमा करनेकी तिथि | तिथि– 23.02.2024 से 26.02.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 8. | निविदा के खुलने की तिथि/ समय/स्थान | दिनांक 28.02.2024 को पूर्वाहन 11.30 बजे, अधीक्षक, केन्द्रीय कारा मेदिनीनगर, पलामू के कार्यालय वेश्म में अपर समाहर्त्ता, पलामू की उपस्थिति में। |

नोट :– 1. उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार के वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, केन्द्रीय कारा, मेदिनीनरग, पलामू के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को Online upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधीक्षक
केन्द्रीय कारा मेदिनीनगर, पलामू

PR.NO.317159 Prison(23-24):D

## सुप्रभात पलामू



पलामू वासियों को नमस्कार। उच्च शिक्षित बनकर जिले का नाम रौशन करें। आईये हम सब मिलकर एनपीयू को झारखंड का सर्वोच्च विश्वविद्यालय बनायें।

डॉ. मृत्युंजय कुमार, कुलसचिव एनपीयू।

## गांवों की विकास की राह बनायेगा खेल

**मेदिनीनगर।** गांव की मिट्टी में खेलकर भारत के नौनिहाल देश के कर्णधार बने हैं। आम आदमी का निवास गांव में ही होता है। गांवों में फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन नौजवानों के शारीरिक, मानसिक एवं आत्मविश्वास के विकास के लिए लाभकारी है। ये बातें आम आदमी पार्टी के कार्यकारी जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधानसभा प्रत्याशी राकेश तिवारी ने इंडियन फुटबॉल क्लब द्वारा चैनपुर के बसरिया में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कही।

### पत्र लीक होने पर भड़के युवक ,खिलवाड़ कर रही सरकार

# भाजयुमो ने फूंका सीएम का पुतला, जताया रोष

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षा में बड़े पैमाने पर धांधली एवं भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुये भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया। जिला अध्यक्ष ज्योति पांडे ने बताया कि लोक लुभावन वादों की यह सरकार राज्य के युवाओं को केवल झुनझुना बजाकर खुश करने में लगी हुई है। सरकार के द्वारा नौकरी एवं रोजगार के नाम पर बार-बार युवाओं को ठगा जा रहा है। यह कत्तई बर्दाश्त योग्य नहीं है। राज्य के युवा कमर कस चुके हैं और इस सरकार का जाना तय है। महामंत्री श्वेतांक गर्ग ने कहा कि पूर्व की सरकार द्वारा ली गई परीक्षा पर नियुक्ति पत्र बांट कर हेमंत सरकार अपनी पीठ थपथपा रही है। अपने कार्यकाल में एक भी साफ -सुथरी परीक्षा न ले पाना सरकार की नाकामी को दर्शा रहा है। अविनाश वर्मा ने कहा कि कल हुई परीक्षा में बड़े पैमाने पर धांधली एवं भ्रष्टाचार कर जेएसएससी के द्वारा केवल एक पाली की परीक्षा को रद्द करना सरकार एवं चयन आयोग की मंशा पर सवाल उठा रहा है। मौके पर रोहित पाठक,चंदन केसरी, राजकुमार वर्मन, रंजीत गिरी, गुड्डू वर्मन, अनूप सिंह, छोटन सिंह, चन्दन सोनी, प्रभात सिंह, दीपक पांडे, ओमप्रकाश कुमार, पंकज शर्मा, अविनाश कुमार, बबलू कुमार उपस्थित रहे।



पुतला दहन करते कार्यकर्ता

### युवाओं की जिंदगी बर्बाद कर रही सरकार

अभिभावक संघ के अध्यक्ष सह सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता किशोर कुमार पांडे ने कहा है कि मेहनत करके लड़के प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करते हैं। परीक्षा के दौरान अनियमितता बरतकर सरकार उनकी मेहनत पर पानी फेर दे रही है। जेएसएससी हमेशा कोई ना कोई बहाना और गड़बड़ी करने का नया-नया तरीका खोज लेता है। उन्होंने प्रश्न लीक मामले की उच्चस्तरीय जांच कराये जाने की मांग की है।

### प्रश्न पत्र लीक होने पर मोर्चा ने जताया रोष

**परीक्षा को रद्द कर दिये जाने से युवाओं को गंभीर मानसिक व आर्थिक परेशानी उठानी पड़ी है**

**मेदिनीनगर।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की 28 जनवरी को झारखंड के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर ली गई संयुक्त स्नातक स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक होने पर बेरोजगार संघर्ष मोर्चा ने व्यापक रोष जताया है। मोर्चा के अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि महीनों से परीक्षार्थी परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। आवेदन करने में काफी मशक्कत के बाद उन्होंने पैसे का प्रबंध किया था। लीक होने के कारण परीक्षा को रद्द कर दिये जाने से उन्हें गंभीर मानसिक व आर्थिक परेशानी उठानी पड़ी है।

## एक नजर

### रेडक्रॉस के चुनाव में विजयी पदाधिकारी सम्मानित

**मेदिनीनगर।** रेडक्रॉस चुनाव 2024 में विजयी टीम के उपाध्यक्ष आलोक पाठक, सचिव डॉ. सत्यजीत गुप्ता, संयोजक सुधीर कुमार अग्रवाल,मुख्य परियोजना निदेशक गिरधारी गर्ग,कोषाध्यक्ष सुधीर सिंह,कार्यकारिणी सदस्य कमल कुमार जैन,आलोक माथुर, कृष्णा अग्रवाल, आलोक वर्मा, अखिलेश तिवारी, उदय शंकर दुबे एवं रेडक्रॉस के सहायक नवगीत कुमार एवं गुड्डू कुमार को श्रीराम सेना की प्रदेश इकाई ने सम्मानित कर शुभकामना दी। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को भगवा अंग वस्त्र, हनुमान चालीसा व पुष्पगुच्छ भेंट किया गया। मौके पर श्रीराम सेना के राज्य प्रमुख पंकज कुमार जायसवाल ,संदीप कुमार दास ,हरिओम शंकर ,पप्पू कुमार लाठ, शशिकांत कुमार, विवेक चौबे,केशव लाठ उपस्थित थे।

### भाकपा ने किया वनभोज का आयोजन

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के सदर प्रखंड ने केचकी नदी के तट पर वनभोज कार्यक्रम सह कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया। मौके पर भाकपा जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी ने कहा कि नये वर्ष में जनवरी और फरवरी का महीना पिकनिक के रूप में मनाया जाता है। एक साथ मिलकर सहभोज से कार्यकर्ताओं का आपसी सामंजस्य बढ़ता है। यशवंत तिवारी ने कहा कि जो आमजन के साथ खड़ा रहे। सही मायने में वही नेता है। कार्यक्रम में उमेश सिंह चेरो, चंद्रशेखर तिवारी, आलोक कुमार तिवारी , कृपा शंकर तिवारी, जनार्दन तिवारी, शशिकांत तिवारी, मृत्युंजय तिवारी, सूबेदार सिंह चेरो,करीमन पासवान, धीरेंद्र प्रसाद, युगल किशोर तिवारी, सच्चिदानंद पाठक, दिनेश राम, विरेंद्र प्रसाद, सदर उप प्रमुख शीतल सिंह चेरो उपस्थित थे।

### आजसू नेता को दी गयी श्रद्धांजलि

**मेदिनीनगर।** आजसू पार्टी बुद्धिजीवी मंच के वरिष्ठ नेता मुकेश चन्द्र वर्मा (मिन्टु वर्मा) के आकस्मिक निधन पर शान्तिपुरी सुदना में कार्यक्रम का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता आजसू पार्टी बुद्धिजीवी मंच के जिलाध्यक्ष डा. श्यामदेव मेहता ने की। उन्होंने स्व. वर्मा के निधन को अपूर्णनीय क्षति करार दिया। केन्द्रीय सचिव सह गढवा जिला प्रभारी सतीश कुमार, केन्द्रीय उपाध्यक्ष शिव शंकर प्रसाद, केन्द्रीय सचिव विकेश शुक्ला, विजय मेहता, केन्द्रीय महासचिव अभय वर्मा आदि ने कहा कि वे हमेशा सामाजिक सरोकारों में लगे रहते थे। तुलसी शुक्ला व इप्टा के डॉ. कुलदीप कुमार ने भी शोक संवेदना व्यक्त की।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने चलाया विशेष अभियान

# निरूद्ध किशोरों को दी गयी विधिक सहायता

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा केंद्रीय कारा में निरूद्ध विचाराधीन व सजायाफ्ता किशोरों को विधिक सहायता प्रदान की गयी। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष नीरज कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर इस दिशा में आयोजित दो दिवसीय विशेष अभियान के दौरान केंद्रीय कारा में जागरूकता शिविर का आयोजन भी किया गया। इस मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ अमिताभ चन्द सिंह ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वर्तमान में जेल में बंद किशोरों की पहचान करना है। डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय ने कहा कि जेल में बंद सभी लोग जो अपराध के समय किशोर थे, लेकिन पुलिस या न्यायालय में आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके हैं। वैसे बन्दी भी अब अपना जन्म से सम्बंधित प्रमाण पत्र जमा कर सकते हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव के निर्देश पर एलएडीसी के चीफ व डिप्टी चीफ ने असिस्टेंट उत्तम कुमार, वीर विक्रम बख्श राय व पुष्कर राज के साथ विस्तृत जागरूकता अभियान चलाया।



### उपायुक्त ने की स्पर्श कार्यक्रम टास्क फोर्स की बैठक , दी जानकारी

# सब की सहभागिता से कुष्ठ रोग मुक्त होगा पलामू : डीसी



बैठक करते डीसी

### 13 फरवरी तक चलेगा स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त-सह -जिला दंडाधिकारी शशि रंजन की अध्यक्षता में सोमवार को स्पर्श कार्यक्रम के टास्क फोर्स की बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त ने कुष्ठ रोग से संबंधित मरीजों की जानकारी ली और कुष्ठ पीड़ित मरीजों के बेहतर इलाज के लिये संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिये। इसके अलावा उन्होंने जिले में चिन्हित कुष्ठ रोग पीड़ितों को संबंधित सहिया से मिलकर दवा सेवन का परामर्श दिया। इसके लिये उन्होंने कुष्ठ निवारण पदाधिकारी को निर्देशित भी किया। उन्होंने जिले को कुष्ठ रोग मुक्त बनाने के लिए 30 जनवरी से 13 फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान व्यापक रूप से चलाने का निर्देश दिया। कहा कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए संबंधित विभागों के पदाधिकारी आपसी समन्वय के साथ काम करें। बैठक में उप विकास आयुक्त रवि आनंद, नगर आयुक्त जावेद अख्तर, समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, कुष्ठ रोग निवारण पदाधिकारी, डिस्ट्रिक्ट लेप्रोसी कंसलटेंट डॉ मृत्युंजय मेहता,डॉ अनूप सहित अन्य उपस्थित थे।

**जिले में 30 जनवरी का दिन स्पर्श डे के रूप में मनाया जायेगा**

### सभी स्कूलों में चलेगा जागरूकता अभियान

स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के दौरान ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के सभी सरकारी स्कूलों में प्राचार्य द्वारा कुष्ठ रोग से संबन्धित आम सवाल-जबाब व भ्रांतियों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में कुष्ठ निवारण पदाधिकारी श्री सिंह ने बताया कि जिले में वर्तमान में कुल 512 कुष्ठ के मरीज हैं।

### शरीर पर सुन्न दाग कुष्ठ रोग की पहचान



जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ. विजय सिंह ने बताया कि सुन्न दाग व धब्बों का ज्ञान ही कुष्ठ रोग की पहचान है। इस अभियान में कुष्ठ रोग के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए दीवाल लेखन,नुक्कड़ नाटक, क्विज प्रतियोगिता,जनसंदेश,पम्पलेट्स इत्यादि के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 30 जनवरी का दिन स्पर्श डे के रूप में मनाया जाएगा। उस दिन जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में कुष्ठ जागरुकता के लिए जिला दण्डाधिकारी का संदेश पढ़ा जाएगा और सभी ग्राम सभाओं में ग्राम प्रधानों का संदेश उनके द्वारा पढ़ कर लोगों को सुनाया जाएगा।

### सिलेबस से बाहर के प्रश्न आने पर छात्रों ने किया हंगामा

# भौतिक विज्ञान की परीक्षा का बहिष्कार



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय की सोमवार को होने वाली भौतिक शास्त्र की परीक्षा का परीक्षार्थियों ने बॉयकॉट किया। करीब 600 परीक्षार्थियों ने भौतिक शास्त्र की परीक्षा देने से मना कर दिया। उनकी शिकायत थी कि प्रश्न पत्र सिलेबस से बाहर के थे। सोमवार को सत्र 2020-23 छठे सेमेस्टर भौतिक शास्त्र के कोर पेपर चतुर्थ की परीक्षा थी। परीक्षार्थी अपने-अपने निर्धारित स्थानों पर बैठ भी चुके थे। प्रश्न पत्र बांटने के बाद विरोध और हंगामा शुरू हो गया। छात्रों का कहना था कि सारे प्रश्न सिलेबस से बाहर के हैं। दूसरी तरफ जीएलए कॉलेज में भी 60 भौतिक शास्त्र की विद्यार्थियों ने परीक्षा का बॉयकॉट किया। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक एनके दीपक ने बताया कि भौतिक शास्त्र की परीक्षा को रद्द कर दिया गया है। जल्द ही नयी तिथि की घोषणा की जाएगी। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान भौतिकी विभाग के शिक्षकों ने भी माना कि पूछे गए प्रश्न सिलेबस से बाहर के थे। परीक्षा के बहिष्कार से लातेहार, पलामू और गढ़वा जिले में आज की भौतिकी शास्त्र की परीक्षा रद्द की दी गई है।

# हाईड्रोफोबिया की चपेट में आया युवक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रामगढ़ थाना क्षेत्र के ललन भुइयां के पुत्र ददन कुमार को पागल कुत्ते का काटना भारी पड़ गया। एंटी रेबीज इंजेक्शन न लगवाने के कारण वह घटना के 17 दिन बाद हाईड्रोफोबिया वायरस की चपेट में आ गया है। अब ददन अजीबोगरीब हरकतें कर रहा है। इसके साथ ही उसे पानी से बेहद डर लग रहा है। किशोर की हरकत से घर के लोग काफी परेशान और चिंतित है। रविवार दोपहर पीड़ित युवक को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। चिकित्सकों ने उसकी हालत को देखते हुए उसे एंटी रेबीज इन्जेक्शन का पहला डोज दिया। तीन दिन बाद उसे फिर से इंजेक्शन के लिये अस्पताल बुलाया गया है। ललन भुइयां ने बताया की ददन कुछ माह पहले उत्तर प्रदेश के चंदौली में मजदूरी का काम करने गया था। वहीं पर काम करने के दौरान उसे एक पागल कुत्ते ने काट लिया था। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया था, परंतु कुत्ते के काटने की जानकारी उसने अपने किसी भी साथी को नहीं दी थी। कुछ दिनों के बाद उसकी अजीब हरकत देख साथी मजदूरों के द्वारा इस घटना की जानकारी परिजनों को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन उसे किसी तरह घर ले आये। चिकित्सकों ने बताया कि एंटी रेबीज इंजेक्शन नहीं लेने के कारण रेबीज का हाईड्रोफोबिया वायरस उसके दिमाग तक चला गया है। ऐसा व्यक्ति हाईड्रोफोबिया और एरोफोबिया की चपेट में आ सकता है। वैसे इन संक्रमित बीमारियों से पीड़ित मरीजों के लिए नई दिल्ली में राष्ट्रीय संक्रामक रोग संस्थान बनाया गया है, लेकिन इन बीमारियों का कोई स्थायी इलाज नहीं है।

### डीसी ने की ईएलसी व कैम्पस अंबेसडर के कार्यो की समीक्षा, कहा

# मतदाता सूची में नाम होना एक अच्छे नागरिक का देता है प्रमाण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 के मद्देनजर सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने स्वीप कार्यक्रम के तहत ईएलसी व कैम्पस अंबेसडर द्वारा किये जा रहे कार्यो की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कैम्पस अंबेसडर से निर्वाचन प्रणाली से जुड़े कई सवाल किये और जिले में मतदान प्रतिशत को कैसे बढ़ाया जा सके,इस विषय पर उनके सुझाव मांगे । कहा कि इलेक्ट्रोल लिटरेसी क्लब के नोडल पदाधिकारी, मास्टर ट्रेनर व कैम्पस अंबेसडर की आगामी चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका है। सभी यह सुनिश्चित करें कि जिले में अधिकाधिक मतदान हो। उन्होंने कहा कि वोट हमे समानता का अधिकार देता है। वोट देकर मन में आत्मसंतुष्टि की भावना जागृत होती है। इससे हम किसी के सामने भी गर्व से कह सकते हैं कि सरकार गठन में हमारा भी मत है। हमने भी मतदान किया है। सभी कैंपस एंबेसडर अपने कॉलेज के सभी वैसे मित्रों जिनकी आयु 18 वर्ष से अधिक हो गयी है उनका नाम मतदाता सूची में जरूर जुड़वाएं। मतदाता सूची में नाम रहना,वोट देने की पहली शर्त के साथ एक अच्छे नागरिक होने का प्रमाण भी है। मौके पर डीडीसी रवि आनंद,नगर आयुक्त जावेद हुसैन, वूमेन कॉलेज के कैंपस एंबेसडर, जिले में गठित इलेक्ट्रॉन लिटरेसी क्लब के नोडल पदाधिकारी वह मास्टर ट्रेनर समेत अन्य उपस्थित थे।



### जदयू कार्यालय में मना गणतंत्र दिवस




**मेदिनीनगर।** जनता दल यूनाइटेड जिला कार्यालय में झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सुधा चौधरी एवं जिला अध्यक्ष मनोज कुमार दुबे, उपाध्यक्ष अवध किशोर सिंह, महासचिव सुरेंद्र कुमार यादव, चिंटू मेहता, राजेंद्र कुमार रवि, राजपति प्रजापति, अरुण प्रसाद, बसंत दुबे, मेघनाथ मिस्त्री, नवल तिवारी, राजेंद्र राय, अनिल साहू ,देवेंद्र प्रसाद आदि ने ध्वजारोहण किया।

### अज्ञात लोगों के हमले में सीआरपीएफ जवान गंभीर

**मेदिनीनगर।** पड़वा थाना क्षेत्र के कजरी गांव निवासी सीआरपीएफ के जवान अभिमन्यु सिंह को अज्ञात लोगों ने लाठी-डंडे से पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। इस संबंध में अभिमन्यु सिंह ने बताया कि शनिवार को वह सिंगरा- पाटन मोड के पास एक दुकान पर खड़े थे। तभी किसी बात को लेकर कुछ लोगों से उनका विवाद हो गया। इस बीच सिंगरा गांव के आठ-दस लड़कों ने उनपर लाठी-डंडे से हमला बोल दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचकर घायल को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए सोमवार को रांची रेफर कर दिया गया। डंडे के प्रहार से जवान का दाहिना पैर व कुल्हा टूट गया है। पुलिस घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है। परिजनों ने पड़वा थाने में शिकायत दर्ज करायी है।

### लालगढ़ पहुंची महासम्मेलन अभियान रथ यात्रा

**मेदिनीनगर।** पिछड़ा वर्ग एकता एवं अधिकार मंच द्वारा निकाली गयी महासम्मेलन अभियान रथ यात्रा सोमवार को लालगढ़ पहुंची। इस दौरान लोगों ने रथयात्रा का जोरदार स्वागत किया। सभी को 11 फरवरी को आयोजित एकता एवं अधिकार महासम्मेलन में भाग लेने के लिये आमंत्रित किया गया। मंच के संयोजक ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि जनसंख्या के हिसाब से सभी सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में पिछड़े वर्ग के लिये 52 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की जाये। झारखंड राज्य में जाति आधारित जनगणना कराकर ओबीसी का सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक रिपोर्ट जारी किया जाये। फसलों का समर्थन मूल्य बढ़ाकर किसानों को सशक्त बनाया जाये।

### चिंताजनक: जिले में दिन-प्रतिदिन घटते भूजल स्तर की गंभीर चिंताओं के बीच

# चैनपुर में आहर का अतिक्रमण कर बनाया जा रहा मकान

**सीओ ने रोकवाया काम, कर रहे कागजातों की जांच**

**आहर का अस्तित्व मिटा तो होगी जल त्रासदी की स्थिति : ग्रामीण**



आहर में हो रहा निर्माण कार्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** घटता भूजल स्तर आज हर किसी के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गया है। रेन शेडो एरिया होने के कारण पलामू पहले से ही जल संकट का दंश झेलता रहा है। अनावृष्टि के कारण अकाल व सुखाड़ की विभीषिका पलामू की पहचान बन चुकी है। खेती के अलावे पीने के पानी की भी समस्या दिन ब दिन बढ़ती जा रही है। इससे बचने के लिए पानी को बचाने पर जोर दिया जा रहा है। भू-जल स्तर को बनाये रखने के लिए जलश्रोतों के संरक्षण व संवर्धन पर जोर दिया जा रहा है। लेकिन जल संरक्षण की सारी कवायदे कागजों व भाषणों तक ही सिमट कर रह गई है। जल व जलश्रोतों के संरक्षण के प्रति जन जागरूकता के लिए शासन - प्रशासन द्वारा हर वर्ष पानी की तरह बहाया जा रहा पैसा पानी में ही जा रहा है। क्योंकि पलामू में धरातल की कहानी अलग सच्चाई बयां कर रही है। यहां भू-जल का दोहन दिन-प्रतिदिन बढ़ रहा है, लेकिन जल या जलश्रोतों के संरक्षण की अनदेखी की जा रही है। भूमि माफिया नदी,तालाब व अन्य जलाशयों की भूमि का अतिक्रमण कर उसे बेचने में लगे हैं और शासन प्रशासन के लोग आँख मूंदे हैं। वैसे तो यह स्थिति पूरे जिले में है, किन्तु ताजा मामला प्रमण्डलीय मुख्यालय से सटे नगर निगम के चैनपुर क्षेत्र का है। यहां कर्पूरी ठाकुर चौक से सटे मुख्य सड़क के किनारे स्थित वर्षो पुराने आहर का अतिक्रमण कर उसमें लगातार मकान बनाये जा रहे हैं। अतिक्रमण से इस आहर का रकबा लगातार घट रहा है। वर्तमान में भी आहर में निर्माण का कार्य धड़ल्ले से चल रहा है। कहा जा रहा है कि निर्माण स्थल की भूमि रैयती है। जबकि देखकर ही स्पष्ट है कि आहर की भूमि में निर्माण कराया जा रहा है। हैरत तो यह है कि यह आहर अंचल कार्यालय से महज ही कुछ दूरी पर स्थित है। इससे स्थानीय लोगों में प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ रही है। लोग बताते हैं कि यही हाल रहा तो इस आहर का अस्तित्व मिट जायेगा। जिसके बाद आसपास के जलस्तर के घटने से लोगों को जल त्रासदी जैसी स्थिति झेलनी पड़ेगी।

**बोले सीओ :** इस सम्बन्ध में पूछे जाने पर चैनपुर के अंचल अधिकारी संजय कुमार बाखला ने कहा कि जानकारी मिलने पर आहर में कराये जा रहे निर्माण कार्य को फिलहाल रोक दिया गया है। सम्बंधितों से भूमि के कागजातों की मांग की गई है। जिसकी जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि खतियान में दर्ज भूमि की किस्म के आधार पर कार्रवाई होगी।

### जलस्रोत का अतिक्रमण गलत : कमरुद्दीन

झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के चैनपुर प्रखंड अध्यक्ष कमरुद्दीन अंसारी ने कहा कि किसी भी जलश्रोत का अतिक्रमण बिल्कुल गलत है। जिला प्रशासन को इसके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिये। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में जल संकट बढ़ रहा है। ऐसी स्थिति में जलाशयों का संरक्षण जरूरी है।

### हाई कोर्ट से जारी हो चुका है निर्देश

विदित हो कि तीन वर्ष पूर्व झारखंड हाईकोर्ट ने किसी भी स्थिति में नदी, डैम, तालाब और अन्य जलाशयों पर अतिक्रमण नहीं होने देने का निर्देश सरकार को दिया है। चीफ जस्टिस डॉ. रवि रंजन और जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अदालत ने पिछले वर्षो में कई जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह बात कही थी। अदालत ने कहा था कि जल स्रोतों को संरक्षित किया जाना चाहिए और इसे बर्बाद करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई होनी चाहिए।

## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित दैनिक **'राष्ट्रीय नवीन मेल'** को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान चीफ रिपोर्टर, समाचार संपादक, पेजिनेटर/सब एडिटर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक 'राष्ट्रीय नवीन मेल', 502 बी, मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)।

# पंचौर पंचायत के लाभुकों को नहीं मिल रहा वन नेशन वन राशन कार्ड का लाभ

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**
प्रखंड के पचोर पंचायत के पीडीएस लाभुकों को वन नेशन वन राशन कार्ड का लाभ नहीं मिल पा रहा है। अपना-अपना आवंटन स्थानांतरित कराने की इच्छा रखने वाले 200 से भी अधिक की संख्या में लाभुकों की ओर से एमओ के नाम लिखित आवेदन दिया गया है। लेकिन दो महीने का समय बीत गया अभी तक उक्त लोगों का आवंटन दूसरे जन वितरण प्रणाली की दुकान को टैग नहीं हो सका। आवेदक बंधु साह, रूपवती देवी, उषा देवी, हरिहर साह, संध्या देवी, हीरामती देवी, सुरेंद्र मिस्त्री, तेतरी देवी, सरिता देवी, रामखेलावन साहू, महेंद्र साह इत्यादि लोगों ने बताया कि हम लोगों को पहले गांव में ही जनवितरण दुकानदार करमा महिला समूह के पास खाद्यान्न मिल रहा था। उक्त दुकान के बंद हो जाने के बाद पदाधिकारियों द्वारा हम सभी के आवंटन को गांव के ही जन वितरण प्रणाली के दुकानदार रामचंद्र सिंह के पास भेज दिया गया। उनके पास से हम लोगों को खाद्यान्न प्राप्त करते लगभग 2 वर्ष का समय बीत गया लेकिन आज तक उनके द्वारा कभी भी हम लोगों




को न तो उचित वजन में खाद्यान्न दिया गया और न ही ससमय। इस माह का खाद्यान्न उस माह तो उस माह का खाद्यान्न अगले माह। इसी तरह करते-करते उनके द्वारा हम सभी के सबसे पिछले माह का खाद्यान्न को सीधे गबन

**लाभुकों के दुकानदार बदलने के आवेदन पर दो माह बाद भी नहीं हुई कोई कार्रवाई**

कर दिया जा रहा था, जबकि खाद्यान्न वितरण करने से पहले ही उनके द्वारा हम लोगों का ई पॉश मशीन में अंगूठा लगवा लिया जा रहा था। इतना ही नहीं, उनके द्वारा जब भी हम लोगों को खाद्यान्न दिया गया उसमें बेरोकतेक के प्रति किलो 100 ग्राम की कटौती कर ली गई। उन्होंने कहा कि उक्त डीलर की कार्यशैली से तंग आकर हम सभी अपने-अपने आवंटन को उनके पास से हटाकर गांव के ही सूर्यवंशी महिला समूह के पास टैग कराने के लिए एमओ चुनाराम हेम्ब्रम को लिखित आवेदन दिया था। दो माह का समय बीत गया लेकिन अभी तक मामले पर किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं हुई। लाभुकों ने बताया कि सरकार की ओर से बनाए गए नीति और नियम के अनुसार अगर हम लोगों को न्याय नहीं मिला तो अगले माह के 10 तारीख तक हम सभी प्रखंड के विभागीय पदाधिकारियों के खिलाफ न्यायालय या स्थानीय थाना में मुकदमा दर्ज कराने का काम करेंगे।

## एक नजर

### केतार बाजार की दो दुकानों से चोरी

**केतार।** केतार बाजार स्थित कर्पूरी गेट के समीप रविवार की रात्रि में तीन दुकानों में अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। जानकारी के अनुसार चोरों ने रोशन दानी के रास्ते मनोज श्रृंगार स्टोर, मनीष हेयर कटिंग दुकान सहित सब्जी दुकान का ताला तोड़कर चोरी कर ली। मनोज श्रृंगार स्टोर से चोरों ने लगभग 5 हजार रुपये का समान भी चोरी कर लिया। उल्लेखनीय है कि दस दिन पूर्व भी मेडिकल दुकान से 26 हजार रुपये चोरी हुई थी। खबर लिखे जाने तक थाने में इसकी लिखित शिकायत नहीं की गयी है।

### ब्रह्मभोज पर बिरहोर परिवारों को भोजन कराने के साथ कंबल किया गया वितरण



**मयूरहंड(चतरा)।** मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र के करमा में निवास करने वाले लगभग 150 बिरहोर परिवारों के बीच सोमवार को ब्रह्मभोज के अवसर आदर पूर्वक भोजन कराकर कंबल, शॉल एवं नगद राशि का वितरण दिवंगत के परिजनो द्वारा किया गया। पंदनी पंचायत अंतर्गत पचघारा निवासी 73 वर्षीय सीताराम सिंह के आकस्मिक मौत हो जाने पर उनके परिजनो ने ब्रह्मभोज के दिन पुडि, मिठाई के साथ अन्य ब्यंजन बनाकर बिरहोर टोला पहुंच कर बिरहोरों को आदर सत्कार के साथ सामूहिक भोजन करवाया। भोजन के उपरांत आत्मा की शांति के लिए बिरहोर परिवार को नगद राशि के साथ कंबल व शॉल भी भेंट किया गया।

### झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष बनाये जाने पर असगर अली को दी गई बधाई



**चंदवा।** झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा के लातेहार जिला अध्यक्ष वारिश अंसारी ने चंदवा निवासी असगर अली को जिला उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। असगर अली को जिला उपाध्यक्ष बनाये जाने पर नेताओं ने उन्हें मुबारकबाद दी है। बधाई देने वालो में झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सुरेश गंझु, प्रखंड सचिव मो इजहार,प्रखंड उपाध्यक्ष मो सरफराज, झामुमो नेता हरि कुमार भगत, रशीद खान आदि शामिल हैं।

# जेएसएससी परीक्षा का पेपर लीक होने पर भाजयुमो ने किया प्रदर्शन

## रंका मोड़ पर प्रदेश की हेमंत सोरेन सरकार की शव यात्रा निकालकर पुतला फूंका

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जेएसएससी परीक्षा के दौरान पेपर लीक मामले में रंका मोड़ पर हेमंत सरकार की शवयात्रा निकालकर पुतला फूंका। भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि झामुमो सरकार रोजगार के नाम पर धांधली करा रही है। युवाओं के अधिकारों को छिना जा रहा है पेपर लीक मामले में सीबीआई जांच होनी चाहिए। झामुमो सरकार में अवैध कारोबार खुब चल रहा है छात्रों युवाओं के साथ भारी धोखा किया जा रहा है। हेमंत सरकार छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार युवाओं को रोजगार देने के नाम पर सत्ता में आई लेकिन युवाओं के साथ भारी धोखा किया। बेरोजगारी भत्ता पांच लाख युवाओं को रोजगार देने वाले लोग सिर्फ अपनी झोली भरने में लगे हुए हैं। झामुमो सरकार में छात्रों का भविष्य चौपट हो चुका है रोजगार के नाम पर युवा भटक रहे हैं। हेमंत सरकार में झारखंड का युवा त्राहिमाम कर



रहा है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार जब से सत्ता में आई है लुट का कारोबार चला रही है छात्रों का भविष्य बर्बाद करने वाले लोग दुबारा सत्ता में कदम नहीं रख पाएंगे। झारखंड का युवा भ्रष्ट हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक मामले को गंभीरता से लेते हुए सीबीआई जांच कराई जाए। झारखंड का युवा अब बर्दाश्त नहीं करेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला मंत्री गौरी बिंद, बृजेंद्र पाठक, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अरुण तिवारी, जिला महामंत्री विकास तिवारी, मीडिया प्रभारी लक्ष्मीकांत पांडेय नवीन जायसवाल, गोवावल मंडल अध्यक्ष विकास तिवारी, अरविंद धर दुबे, जीतेंद्र चंद्रवंशी, देवव्रत सिंह, कृष्णा चंद्रवंशी, संजय तिवारी प्रमोद जायसवाल, हरेंद्र तिवारी, दीपक तिवारी, रविंद्र जायसवाल, वृंदा उपाध्याय, आयुष दुबे, अनवर साह, बिपीन तिवारी, अनीत तिवारी, मोनू चौबे, बंधु राम, खुर्शीद आलम, कंचन पांडेय, उदय कुशवाहा, राजकुमार राकेश, शंकर गुप्ता, बिनोद राम, विजय मेहता आदि मौजूद थे।

## गणतंत्र दिवस पर पशुपालन कार्यालय में पसरा रहा सन्नाटा

**रमना।** गणतंत्र दिवस प्रखंड में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सभी सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में शान से तिरंगा फहराया गया। इसके बाद राष्ट्रगाण, झंडे की सलामी और महापुरुषों के जयकारा से रोम-रोम प्रफूलित हो उठा। लेकिन एक ऐसा भी सरकारी संस्थान हैं, जहां राष्ट्रीय पर्व पर भी सन्नाटा पसरा रहा।

इससे स्पष्ट होता है कि सरकारी अधिकारी /कर्मचारी अपने कर्तव्यों के प्रति कितने उदासीन हैं जो राष्ट्रीय पर्व को लेकर भी घोर लापरवाह हैं। 26 जनवरी को पशुपालन विभाग कार्यालय रमना मांदोहर में सन्नाटा पसरा रहा। इस परिसर में राष्ट्रीय पर्व पर कोई भी कार्यक्रम नहीं किया गया। इस संबंध में कुछ संविदा कर्मियों नें बताया कि इस वर्ष ही नहीं गत वर्ष भी इस कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय पर्व पर झंडोत्तोलान नहीं हुआ था। इस संबंध में वर्तमान चिकित्सा प्रभारी चंदन चौधरी बताया कि कार्यालय परिसर में 26 जनवरी को ध्वजारोहन किया गया। चूंकि हमारे साथ कोई भी सहयोगी कर्मचारी नहीं है और न ही राष्ट्रीय पर्व के लिए कोई राशि विभाग द्वारा प्रदान किया जाता है। इसलिय मैंने किसी को कोई निमंत्रण नहीं दिया। अकेले ही झंडा फहराया और चला गया।

## जितना बड़ा ढोल, उससे बड़ा पोल : सत्येंद्र नाथ

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व में हेमंत सोरेन की सरकार अबुआ आवास के नाम पर बुआ का खिलौना बना दिया है। सबसे पहले तो आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के नाम पर हजारों हजार लोगों से आवेदन ली, फिर उसे ऑनलाइन पोर्टल पर डलवाया। पुनः मुखिया के द्वारा इसे आमसभा से पारित करवाया गया, फिर कुछ ही दिनों बाद प्राथमिकता सूची तय कराई गई। तब जैसे ही जिला को सूची भिजवाया गया तब आरक्षण कोटी बार नहीं होने के कारण उन्हें वापस भिजवा दिया गया तथा पुनः कोटी बार सूची उपलब्ध करवाने का मुखिया को निर्देश दिया गया, परंतु आश्चर्य तो तब हो गया जब जिला से अबुआ आवास के लाभुकों का सूची जारी हुआ। अब बेवजह अन्य अधिकारियों को इन सूचियां में से सही लाभुकों को चयनित करने के लिए जांच पड़ताल के नाम पर कई दिनों तक बेवजह अतिरिक्त कार्य का भार दिया गया जो समझ से परे है। पंचायत में वैसे लाभुकों का सूची चयन हुआ है, जिसका पीएम आवास तत्काल मिला हुआ है। साथ ही जिनका पीएम आवास कार्य अभी चल रहा है तथा जिनका ऑनलाइन आवेदन भी नहीं हुआ है। साथ ही



जिनका नाम मुखिया भेजे तक भी नहीं है। जो व्यक्ति आवास पाने के योग्य नहीं है वैसे दर्जनों लाभूको का नाम सूची में उल्लेखित है वैसे लोग का नाम सूची में पंचायत को उपलब्ध कराया गया है। ये कार्य करके झारखंड सरकार ने सूबे के सभी मुखिया का अपमान भी करने का कार्य किया है। अच्छा तो तब होता जब यह सब बिना ड्रामा किए ही सरकार अपने कार्यकर्ताओं के कहने पर ही अबुआ आवास स्वीकृत कर देती जिसमें किसी मुखिया, न ही अन्य जनप्रतिनिधि का कार्य लगता। झारखंड सरकार को बताना चाहिए कि जब आपके पास सीमित अबूआ आवास का आवंटन था तो आपने झारखंड की जनता को बेवकूफ बनाने के लिए बड़ा टेंट, पंडाल लगाकर हजारों हजार की संख्या में अबुआ आवास का फॉर्म जमा करके गरीबों के साथ क्रूर मजाक करने का काम क्यों किया। मैं अबूआ आवास के नाम पर लगातार हो रहे ड्रामे एवं अवैध वसूली को बंद कर सभी मुखिया के द्वारा भेजे गए सूची को जल्द से जल्द स्वीकृति दिलाने की मांग करता हूं।

# एमआईएमआईएम गढ़वा का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी के कार्यकताओं ने गढ़वा जिला कार्यलय में रविवार को कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें जिला और प्रखंड टीम शामिल हुए। इस दौरान मजलिस पार्टी के जिला और प्रखंड पदाधिकारियों ने बारी-बारी से पार्टी एवं लोक हित की बात रखी। साथ ही गढ़वा जिला के वरिष्ठ कार्यकताओं ने भी अपनी बात रखी। इस दौरान पलामू प्रमंडल प्रभारी सह गढ़वा रंका विधानसभा प्रभारी डॉ. एम एन खान ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज का कार्यक्रम मिशन 2024 के सिलसिले से रखी गई है। उन्होंने एम आई एम पार्टी को सिर्फ मुस्लिम समुदाय के पार्टी से खारिज करते हुए सभी का पार्टी बताया कि यह पार्टी मुस्लिम, इसाई, सीख, जैन, परसी, हिंदु सहित अन्य समुदायों के दबे-कुचले लोग, गरीब लोग, बेरोजगारी सहित अन्य के पार्टी है। भ्रष्टाचार, कदाचार, परिवार वाद, जातिवाद वाले लोगों के हाथ में देश की सत्ता है। जहां पर इंसाफ




हो ही नहीं सकता। उन्होंने एम आई एम पार्टी के हितों में स्रोताओं के बीच काफी देर बात रखी। और सैकड़ों के संख्या में दूसरे दलों को छोड़ कर आए हुए करी मंजूर, आफताब आलम, बकरीदु अंसारी, अब्दुल हमीद अंसारी, इरशाद अंसारी, इसहाक अंसारी, बेलाल अंसारी, रवि कुमार रवि, संजय कुमार, इलियास अंसारी के साथ अन्य लोगों ने एम आई एम पार्टी का दामन थामा ।

मौके पर पलामू प्रमंडल प्रभारी सह गढ़वा रंका विधानसभा प्रभारी डॉ. एम एन खान, जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार रजक, जिला महासचिव रमजान अंसारी, जिला युवा अध्यक्ष मोजाहिम अंसारी, जिला प्रवक्ता अब्दुर्रहमान अंसारी, जिला सोशल मीडिया प्रभारी मजहर हुसैन रजवी, जिला युवा सचिव अवध कुमार मेहता, रंका प्रखंड अध्यक्ष इबरान अंसारी, मेराल प्रखंड अध्यक्ष फारूक अंसारी, रंका युवा प्रखंड अध्यक्ष खुशदील अंसारी, मेराल युवा प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद अली, कारकोमा पंचायत अध्यक्ष मुमताज अंसारी, रंका प्रखंड सचिव सुदामा कुमार रवि, वसीम अंसारी , सुहैल अंसारी, नूरे आलम, शमशाद अंसारी, सहित अन्य मौजूद थे।

## टेंपो दुर्घटना में चार साल के बालक की मौत

**गढ़वा।** मेराल थाना क्षेत्र के राजहरा गांव निवासी अमरुद्दीन अंसारी के पुत्र अफताभ अंसारी (4) की मौत टेंपो दुर्घटना में हो गई। इसकी खबर मिलते ही कोहराम मच गया। स्वजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि अपने घर से एक टेंपो रिजर्व करके घर से पांच लोग बच्चे सहित मेराल प्रखंड के संगबरिया गांव इलाज करने के लिए जा रहे थे।

इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही बस ने उसकी टेंपो में टक्कर मार दी। इससे टेंपो पलटकर सड़क के नीचे चली गई। गंभीर स्थिति में आफताभ अंसारी मेराल स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि टेंपो पर सवार उन लोगों को हल्की-फुल्की चोट लगी है। परिजन बिना अंत्य परीक्षण ही शव को लेकर अपने घर चले गए।

# भव्य कलश यात्रा के साथ श्री शिव शक्ति महायज्ञ का हुआ शुभांरभ



**नवीन मेल संवाददाता। सगमा**
प्रखंड मुख्यालय स्थित भैया रूद्र प्रताप देव उच्च विद्यालय सगमा के प्रांगन में यज्ञाचार्य श्री राधे बोलो राधे जी महाराज संगम तट नैनी प्रयागराज के नेतृत्व में सोमवार को मंडप प्रवेश पंचांग पूजन कर भव्य कलश यात्रा के साथ श्री शिव शक्ति महायज्ञ का शुभांरभ हुआ। यज्ञ मंडप से गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाल शारदा गांव के उभका नंदी से वैदिक मंत्रोचार के साथ कलश में जल भरकर यज्ञ मंडप में कलश स्थापित किया गया। सभी देवी-देवताओं के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय सा हो गया। दर्जनों गांवों से हजारों की संख्या में महिला पुरुष व कन्याएं कलश यात्रा में शामिल हुए। 29 जनवरी से 6 फरवरी तक कराए जा रहे नव दिवसीय श्री शिव शक्ति महायज्ञ स्थल पर लोग झुला, रेल गाड़ी का आनंद उठाएंगे, जबकि प्रतिदिन रात्रि में प्रवचन का आयोजन किया गया है। 7 फरवरी को महा प्रसाद के साथ यज्ञ की पूर्णाहुति होगी। यज्ञ स्थल पर प्रत्येक दिन सुबह 8:00 बजे से 1:00 बजे तक पूजा हवन दोपहर 2:00 बजे से 6:00 बजे तक काशी नगरी से आई प्रियंका पांडे द्वारा श्री राम कथा सुनाई जाएगी। रात्रि 8:00 बजे से 1:00 बजे तक रासलीला का कार्यक्रम दिखाया जाएगा। कलशयात्रा में पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा, पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, झामुमो नेत्री सोगरा बेगम, जिपस अंजू यादव, प्रमुख अजय साह, धुरकी प्रमुख शांति देवी, धुरकी जिपस सुनीता, पूर्व ज़िपस नंद गोपाल यादव, पत्रकार धीरेंद्र चौबे, रजनीश कुमार मंगलम, सगमा मुखिया तेजलाल राम, श्रवण सिंह खरवार, लालबाबू खान, पप्पू खान, गुप्तेश्वर पांडेय, रामाधार दुबे, मनोज दुबे, नारायण दास यादव, बसंत पालसुदेश्वर राम, मनोज यादव, इसराइल खान शामिल थे।

# सीआरपीएफ ने ग्रामीणों के बीच बांटे जरूरत के सामान, जांच के बाद दवाइयां भी बांटी गईं

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदग्गा**
गुमला जिले के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र बनारी तथा जोरी में 158 बटालियन सीआरपीएफ द्वारा सशस्त्र बलों एवं जनता के बीच सौहार्दपूर्ण संबंधों को एक नया आयाम देते हुए गृह मंत्रालय भारत सरकार और सीआरपीएफ महानिदेशालय के निदेर्शानुसार सिविक एक्शन प्रोग्राम वर्ष 2023-24 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राकेश कुमार मिश्रा, द्वितीय कमान अधिकारी, सुधीर कुमार, सहायक कमांडेंट तथा बबलू कुमार, सहायक कमांडेंट, 158 बटालियन, सीआरपीएफ के द्वारा ग्रामवासियों को जरूरतानुसार निःशुल्क फर्टिलाइजर, टिन शीट, सोलर लालटेन, मच्छरदानी, कंबल, प्लास्टिक बकेट, स्कूल बैग तथा खेलकूद के सामान वितरित किये गए। इसके अतिरिक्त वहां पर डॉ. रंजीत कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी के द्वारा एक मेडिकल केम्प भी लगाया गया, जिसमें उनके द्वारा मुफ्त की दवाइयां बांटी गई तथा ग्रामिणों के स्वास्थ्य की जांच भी की गई, जिससे वहां उपस्थित तमाम ग्रामीणों ने इस कार्यक्रम की भूरी-भूरी प्रशंसा की एवं भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन करने का अनुरोध किया। कार्यक्रम राहुल कुमार, कमांडेंट 158 बटालियन सीआरपीएफ की




देखरेख में संपन्न किया गया। इस दौरान बनारी व जोरी के प्रतिष्ठित नागरिक, स्थानीय पुलिस व सिविल प्रशासन के अधिकारी, ग्रामीण और इलैक्ट्रोनिक व प्रिंट मीडिया जगत के लोग उपस्थित थे। राहुल कुमार ने इस अवसर पर कहा कि सिविक एक्शन प्रोग्राम के माध्यम से न सिर्फ हम जरूरतमंद ग्रामीणों को बुनियादी जरूरत की चीजें उपलब्ध कराते हैं बल्कि प्रेरणादायी विषयों पर लघु फिल्मों का प्रसारण कर हम क्षेत्र की जनता विशेषकर युवापीढ़ी और छात्रों को देशभक्ति के लिए प्रेरित भी करते हैं। सिविक एक्शन प्रोग्राम क्षेत्र की जनता व सुरक्षाबलों के बीच आपसी विश्वास कायम करने, ग्रामीणों को सुरक्षा बलों की भूमिका से अवगत कराकर उनके मन में सुरक्षा की भावना जागृत करने का एक अच्छा माध्यम है।

**पहल** अभिभावकों, आंगनबाड़ी सेविका व प्रधानाध्यापकों की कार्यशाला आयोजित

# दिव्यांगता के प्रकार पर विस्तार से की गई चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**
प्लस टू उच्च विद्यालय के सभागार में सोमवार को समावेशी शिक्षा के तहत दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों, आंगनबाड़ी सेविका व प्रधानाध्यापकों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला का शुभारंभ बीपीओ तहमीना प्रवीण, प्रशिक्षक अखिलेश प्रसाद व अविनाश कुमार ने किया। प्रशिक्षक अखिलेश प्रसाद ने कहा कि विद्यालय में दिव्यांग बच्चे एवं सामान्य बच्चों में बिना किसी भेदभाव के सभी को समान अवसर देते हुये उनका विकास करना ही समावेशी शिक्षा है। कार्यशाला में



उन्होंने दिव्यांगता के सभी प्रकार पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि दिव्यांग बच्चों की पहचान का सबसे अच्छा माध्यम शिक्षक ही हैं, जहां बच्चों के दैनिक कार्य कलाप से उनकी दिव्यांगता की पहचान आसानी से की जा सकती है। उन्होंने कहा कि अन्य दिव्यांगता की तरह एसिड हमला भी दिव्यांगता की श्रेणी में आता है। दिव्यांगता तो अभिशाप है ही लेकिन जीवन में दिव्यांगता आ जाती है तो वैसे बच्चों को जीवन जीने में कोई कठिनाई न हो इसके लिए समावेशी शिक्षा के तहत सरकार की बहुत योजनाएं हैं, जिससे उनके जीवन में उन्नयन किया जा सकता है। उन्होंने सभी प्रधानाध्यपक एवं विद्यालय के एक शिक्षक को प्रशस्त ऐप डाउनलोड करने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि ऐप के माध्यम से दिव्यांग बच्चों की सूची तैयार किया जाना है। प्रशिक्षण में प्रधानाध्यापक अनिल कुमार विश्वकर्मा, सुधीर कुमार चौबे, राजनाथ राम, सुजीत यादव, अविनाश कुमार, संजय कुमार, तस्लीमा खातुन, ममता रानी, रमेश प्रसाद, श्याम बिहारी जायसवाल, अलीम अंसारी, अनूप कुमार विश्वकर्मा, मदन राम, मुनेश्वर मेहता, नकछेदी मेहता, नीलम पांडेय, संध्या आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### वीवीपैट व ईवीएम मशीन से मतदान की दी गई जानकारी



**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मुख्य चौक में लगने वाले सोमवार साप्ताहिक बाजार में लोकसभा चुनाव को लेकर ईवीएम व वीवीपैट मशीन से मतदान करने की जानकारी आम लोगों को अभियान चलाकर दी गई। ग्रामीणों को ईवीएम मशीन व वीवीपैट से मतदान करने की प्रक्रिया की वितारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही पंचायत के सभी मतदान केंद्रों पर जागरूकता रथ पहुंचकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। गिद्धौर के विभिन्न गांव में लोगों को मतदान प्रक्रिया के बारें में जानकारी देने के साथ नए मतदाताओं व लोगों को ईवीएम व वीवीपैट की कार्यप्रणाली के बारें में बताया गया। साथ ही अधिकाधिक तौर पर मतदान करने की अपील की गई। इस क्रम में लोगों को एलइडी टीवी के माध्यम से चलचित्र दिखाकर मतदान प्रक्रिया के बारे में बताया गया। मौके पर बीडीओ हरिनाथ महतो, प्रयवेक्षक एवं स्थानिय पुलिस के साथ बीएलओ उपस्थित थे।

### कस्तूरबा की छात्राओं का हुई हीमोग्लोबिन एवं मलेरिया जांच



**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासिय विद्यालय में सोमवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में छात्राओं का हीमोग्लोबिन एवं मलेरिया आदि की जांच की गई। साथ ही जरुरत के अनुसार निःशुल्क दवा का भी वितरण जांच के उपरांत किया गया। जांच डॉ. अमृता, अनुप्रिया व डॉ. अंजली भगत के द्वारा किया गया। शिविर में छात्राओं को साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखने व सोने के समय मच्छरदानी प्रयोग अवश्य करने की सलाह दी गई। छात्राओं को किसी भी तरह की स्वास्थ्य समस्या होने पर स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करने की बात कही गई। मौके पर ड्रेसर, विद्यालय वार्डेन बिंदु पोद्दार उपस्थित थे।

# रेलवे के निर्माण कार्य में सामने आई अनिमियतता

## पत्थर व बोल्डर भरकर बैंड का किया जा रहा है निर्माण



**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा**

टंडवा थाना क्षेत्र अंर्तगत शिवपुर कठौतिया न्यू रेलवे बीजी लाइन निर्माण कार्य में भारी अनिमियतता बरती जा रही है। निर्माणकार्य में सॉफ्ट मिट्टी की जगह बोल्डर पत्थर डाला जा रहा है, जिससे इसकी गुणवत्ता तार तार हो रही है। मिली जानकारी के अनुसार टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत धनगड़ा गांव में निर्माण एजेंसी द्वारा हजारों हाइवा बोल्डर व पत्थर डालकर मिलेनियम व आईएसी निर्माण कंपनी विभाग की आंखों में धूल झोंक रही है। बताया गया की धनगड़ा घाटी स्थित पहाड़ी का सारा पत्थर खपाया गया है और पत्थर बोल्डर से बैंड बनाया जा रहा है। ग्रामीणों की मानें तो दिन भर हाइवा से पत्थर व बोल्डर साइड पर गिराई जाती है और रात के अंधेरे में रोलर चलकर ड्रेसिंग कर बेड बनाई जा रही है। इसके बावजूद रेलवे के इंजीनियर देख कर भी अनजान बने रहते हैं। निर्माण स्थल पर उपस्थित मुंशी ने बताया कि इंजीनियर कभी कभार साइड आते हैं। दूसरी ओर निर्माणकार्य के दौरान वाहन परिचालन से धूल गर्दा आस पास के गांव टोलो में पहुंच रहा है, जिससे आस पास में निवास करने वाले लोगों का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है। रेलवे विभाग के साइड इंजीनियर आर के सिंह से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की गई परंतु फोन नहीं उठाया।

### श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर के स्थापना दिवस पर चर्चा

**लातेहार।** शहर के कारगिल पार्क के पास स्थित श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर के कार्यकारिणी समिति की एक बैठक अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में समिति के संरक्षक अभिनंदन प्रसाद, विनोद कुमार साहु व अजीत कुमार सिन्हा आदि मौजूद थे। बैठक में मंदिर के 31 वें वार्षिकोत्सव सह स्थापना दिवस की तैयारियों की समीक्षा की गयी। मंदिर का 31वें वार्षिकोत्सव सह स्थापना दिवस पर तीन दिवसीय कार्यक्रम 20 फरवरी को कलश यात्रा के साथ प्रारंभ होगा। 21 फरवरी को दुर्गा सप्तशति का पाठ किया जायेगा और 22 फरवरी को हवन व पूणार्हुति के बाद अपराह्न एक बजे से साढ़े चार बजे तक भंडारा का आयोजन किया जायेगा। कलश यात्रा का प्रभारी रंजीत को बनाया गया है। सह प्रभारी आकाश जायसवाल, पंकज प्रसाद गुप्ता, प्रदीप प्रसाद, सतीष कुमार, उज्जवल कुमार व दीपू प्रसाद को बनाया गया है। मुख्य यजमान पंकज प्रसाद गुप्ता व संतोष कुमार पिंटू सप्तनीक ने अपनी सहमति दी है।

# प्रसव के बाद महिला की गई जान परिजनों-ग्रामीणों ने काटा बवाल



**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**

प्रखंड क्षेत्र के फूलसु पंचायत अंतर्गत करमा ग्राम निवासी सुनीता देवी (21), पति लालधारी गंझु की प्रसव के बाद मौत हो गई। आक्रोषित ग्रामीणों ने बवाल काटा। जानकारी देते हुए मृतक के पति लालधारी गंझु ने बताया कि सुनीता को रविवार शाम प्रसव पीड़ा हुई। इसके बाद बठेठ बरछिया निवासी कौशर अंसारी की बोलेरो से उसे स्वास्थ्य उपकेंद्र ले गए, जहां एएनएम जीवन लकड़ा द्वारा सामान्य प्रसव कराया गया।

प्रसव के बाद सुनीता को चक्कर आने लगा। स्थिति को देखते हुए एएनएम ने उसे लातेहार रेफर कर दिया। इसके बाद लातेहार के लिए बोलेरो से निकले। जैसे ही बालूमाथ पहुंचे वैसे ही कौशर अंसारी ने श्री हॉस्पिटल चलने को कहा। बताया कि हम गांव देहात के आदमी हैं, समझ नहीं सके। श्री हॉस्पिटल के डॉक्टर ने गाड़ी में ही पत्नी की आंख और जीभ देख कर चतरा मेहता हॉस्पिटल में फोनकर बोला एक मरीज को भेज रहे हैं। चालक व श्री हॉस्पिटल के चिकित्सक के कहने पर वहां चले गए, जहां एक घंटे तक इलाज करने के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया। रिम्स ले जाने के क्रम में सुनीता की मौत हो गई। वहीं भोगता समाज के प्रखंड अध्यक्ष बहादुर गंझु, ग्रामीण वीरेंद्र केशरी सहित दर्जनों ग्रामीणों ने कहा कि बारियातु, बालूमाथ व हेरहंज तीनों प्रखंडों का स्वास्थ्य उप केंद्र का संचालन बालूमाथ से होता है। बालूमाथ में इलाज के लिए समुचित व्यवस्था नहीं रहती है, जिसके कारण मरीज को लातेहार व रिम्स रेफर कर दिया जाता है, जिसका नाजायज फायदा प्रावेट हॉस्पिटल उठाते हैं। कमीशन सेटिंग के कारण श्री हॉस्पिटल के चिकित्सक और चालक द्वारा चतरा मेहता हॉस्पिटल भेजा गया, जिससे महिला की जान चली गई। ग्रामीणों ने घंटों बरछिया मुख्य सड़क के पास बवाल काटा। सीएचसी बालूमाथ में सुविधा उपलब्ध कराने की गुहार लगाई है।

# डीसी का स्वीप गतिविधि तेज करने का निर्देश




**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में स्वीप कोर कमिटि, सभी ईएलसी मास्टर ट्रेनर, सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारियों व सहायतार्थ पदाधिकारियों के साथ कार्यों की समीक्षा बैठक की गई, जिसमें सर्वप्रथम निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में स्वीप गतिविधि को तेज करने व शत प्रतिशत मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से नियमानुसार स्वीप कोर कमिटि का गठन किया गया। उपस्थित कोर कमिटि के सदस्यों से व्यापक प्रचार प्रसार हेतु विचार विमर्श कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

उपायुक्त ने कहा जिन पदाधिकारियों को जो दायित्व दिया गया है उसका निर्वहन इमान्दारी पूर्वक करें और यह सुनिश्चित करले कि निर्वाचन के कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। बैठक में ईएलसी (चुनावी साक्षरता क्लब) मास्टर ट्रेनर से पूर्व में उनके द्वारा किए गए कार्यों के अनुभव को बारी बारी से साझा किया। उपायुक्त ने कहा कि मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत जिले में कई नये मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल किया गया है। इसके लिए नए मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया से अवगत कराना अति आवश्यक है। जिससे कि नए मतदाता मतदान की प्रक्रिया को समझ सके। जिला जन सम्पर्क कार्यालय, अनुमण्डल कार्यालय चतरा एवं अनुमण्डल कार्यालय सिमरिया में ईवीएम डेमोंसट्रेशन सेंटर बनाया गया। साथ ही चतरा एवं सिमरिया अनुमंडल स्तर पर दो मोबाईल डेमोंसट्रेशन वैन को प्रचार-प्रसार हेतु लगाया गया है। बैठक में उपस्थित मास्टर ट्रेनरों द्वारा उपायुक्त को अवगत कराया कि बहुत ऐसे मतदाता भी है जिनका वोटर कार्ड बना हुआ परंतु जानकारी के अभाव में वे डाउनलोड नहीं कर पा रहे है। इस पर उपायुक्त ने कहा स्वीप गतिविधि के तहत वोटर हेल्पलाईन ऐप, वोटर सर्विस पोर्टल के प्रति लोगों को जागरूक करें।

वहीं स्वीप आइकॉन के साथ बैठक में शीतल सिन्हा एवं शालिनी दुबे से वोटर वृद्धि को लेकर अपना विचार रखने के लिए कहा गया। बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी सह डीआरडीए निदेशक अरूण कुमार एक्का, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमण्डल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा सुरेन्द्र उरांव, जिला परिवहन पदाधिकारी, इन्द्र कुमार, जिला भू अर्जन पदाधिकारी वैभव सिंह समेत सभी कोषांगों के नोडल व सहायतार्थ पदाधिकारी, कर्मी उपस्थित थे।

### शिव शनि देव मंदिर का चतुर्थ वार्षिकोत्सव 1 से

**लातेहार।** जिला मुख्यालय के बाजारटांड स्थित शिव शनि देव मंदिर का चतुर्थ वार्षिकोत्सव को लेकर तैयारी आरंभ कर दी गई है। मंदिर के अध्यक्ष निर्मल महलका ने बताया कि शिव शनि देव मंदिर का वार्षिकोत्सव को लेकर तैयारी आरंभ कर दी गई है। उन्होंने बताया कि श्री शिव शनि मंदिर चतुर्थ वार्षिक उत्सव को लेकर दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। इसके तहत 1 फरवरी गुरुवार को कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसके पश्चात बाद वेदी पूजन का कार्यक्रम होगा। 2 फरवरी शुक्रवार को प्रातः 8:00 बजे शनि अभिषेक, रुद्रा अभिषेक और हवन का कार्यक्रम होगा। 12:30 बजे दीप प्रज्वलन के बाद महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। इसमें आप सभी धर्म प्रेमी से अनुरोध है कि तन मन धन से सहयोग करते हुए मंदिर परिसर में पहुंच प्रसाद ग्रहण करें।

# रिजेक्ट मजदूरों की समस्या को सुधार जल्द करें भुगतान

## बीडीओ ने की मनरेगा योजनाओं की जांच



**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**

प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिनाथ महतो ने सोमवार को गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत बारियातु पंचायत के आधा दर्जन मनरेगा के तहत संचालित योजना की जांच की। इस क्रम में आम बागवानी के साथ कुआं निर्माण की जांच के क्रम में आम बागवानी में किए गए भुगतान की भी जानकारी ली। कार्य के अनुसार कम भुगतान होने पर मौके पर उपस्थित रोजगार सेवक को जल्द भुगतान करते हुए योजना को पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही कूप निर्माण में लगे मजदूरों का मजदूरी भुगतान समय पर करने का निर्देश दिया। वहीं दूसरी तरफ प्रखंड कार्यालय में मनरेगा कर्मियों के साथ बैठक कर कई दिशा निर्देश दिया। बीडीओ ने कहा कि अपूर्ण योजनाओं को जल्द पूर्ण करते हुए बंद करें और रिजेक्ट मजदूरों की समस्या सुधार करते हुए जल्द भुगतान करना सुनिश्चित करें। कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मौके पर बीपीओ, सहायक अभियंता मनोज कुमार, पंचायत सचिव रोजगार सेवक सहित अन्य उपस्थित थे।

# सीआरपीएफ ने लोगों के बीच वितरित किये सामान




**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

प्रखंड के छिपादोहर थाना क्षेत्र के चुंगरू पंचायत में सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत सीआरपीएफ के 112वीं बटालियन के सीआरपीएफ द्वितीय कमान अधिकारी जयप्रकाश सिंह एवं कंपनी कमांडर जीटी गर्ग नारायण बर्मन के निर्देश पर सोमवार कोचुंगरू पंचायत के अमवाटीकर, कटिया जोबे एवं आसपास के गांव के ग्रामीण एवं स्कूल बच्चों के बीच दैनिक जरूरत के सामान तिरपाल, कंबल, वॉटर टैंक, स्कूली बच्चों के बीच कॉपी, किताब का वितरण कमान अधिकारी जयप्रकाश सिंह छिपाडोहर, थाना प्रभारी अभिषेक कुमार द्वारा किया गया। मौके पर चुंगरु मुखिया बलदेव परहिया, हराटू मुखिया पति जनेश्वर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# दो वर्ष बाद लगा ट्रांसफॉर्मर ग्रामीणों ने जाहिर की खुशी



**नवीन मेल संवाददाता। कुंदा**

कुंदा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नवादा पंचायत के सिंदरी (टोला कोयता) गांव में सोमवार को मजदूर संघ के प्रखंड अध्यक्ष सह भाजपा नेता मनोज यादव व स्थानीय मुखिया भरत यादव के संयुक्त पहल पर 25 केवी का ट्रांसफार्मर लगाया गया। भाजपा नेता ने बताया की उक्त टोला में ट्रांसफार्मर लगभग 2 वर्षों से खराब था, जिसके कारण गांव में बिजली आपूर्ति ठप था। जानकारी मिलने पर संज्ञान में लेते हुए विभागीय पदाधिकारी से बात कर गांव में नया ट्रांसफार्मर लगाया गया है। वहीं गांव में नए ट्रांसफार्मर के लगने से विद्युत आपूर्ति बहाल होने पर ग्रामीणों ने समाजसेवी व मुखिया के प्रति आभार जताया है। मौके पर लालू गंझु, भोला गंझु, निर्मल गंझु, संतोष यादव, कैलाश यादव, पिंटू यादव उपस्थित थे।


**कार्यालय- झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा**
**विकास भवन-बी0 समाहरणालय परिसर, प्रथम तल**

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय, कांडी की तत्कालीन वार्डेन-सह-शिक्षिका-चन्द्रावती सिंह का प्रशासनिक दृष्टिकोण से स्थानांन्तरण कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय, भण्डरिया में कार्यालय आदेश ज्ञापांक- 1552 दिनांक- 08.10.2023 द्वारा किया गया। श्रीमती सिंह के द्वारा स्थानान्तरित विद्यालय में लम्बे समय तक योगदान नहीं किये जाने के उपरान्त कार्यालय पत्रांक-1798 दिनांक-28.11.2023 द्वारा उनसे स्पष्टीकरण की मांग करते हुए संबंधित पत्र उनके चयन/नियुक्ति संबंधी पत्र में वर्णित पते पर निबंधित डाक के द्वारा भेजा गया, किन्तु उक्त पत्र डाक विभाग द्वारा उनके उस पते पर नहीं रहने का उल्लेख करते हुए वापस किया गया है।

अतः इस आवश्यक सूचना के माध्यम से श्रीमती सिंह को सूचित किया जाता है कि वे पन्द्रह दिनों के अन्दर निर्धारित विद्यालय में योगदान करना सुनिश्चित करेंगी, अन्यथा एक पक्षीय निर्णय लेते हुए सेवा संविदा समाप्त करने की कार्रवाई की जायेगी।

जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह-
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा

PR 317170 Human Resource Developement(23-24)#D



**Notice Inviting Tender**
**Civil Court, Latehar (Jharkhand)**

**Tender No.-01/2024** **Dated 27.01.2024**

The Court invites quotation in a sealed envelop from Original Equipment Manufacturer (OEM) Authorized Agencies/Firms/Vendors for purchase of **01 (One) no.** of **"Konica Minolta bizhub 550i" (B&W Multi-function Printer)** to be installed in the Civil Court, Latehar:-

| Sl.No. | Make/Model of the Machine | Quantity |
|---|---|---|
| 1 | Konica Minolta bizhub 550i (B&W Multi-function Printer) | 01 |

Sealed tenders are to be submitted in the office of the undersigned latest by **13.02.2024** till **04:30 P.M.** on any working days.

All the sealed envelops received during the stipulated time frame will be opened on **15.02.2024** before the Purchase Committee, Civil Court, Latehar for needful.

**Following conditions are required to be fulfilled:-**

(1) Dealer/Distributor/Firm must have valid Original Equipment Manufacturer (OEM) Authorization Certificate.
(2) Rate must be **Inclusive of all taxes.**
(3) Warranty period must be mentioned in the Tender.
(4) Dealer/Distributor/Firm must have its local office in the state of the consignee.
(5) Service reputation of Dealer/Distributor/Firm in the market will also be considered and priority will be given accordingly.
(6) Any tender received after the due date will not be entertained.
(7) The Court reserves the right to cancel the entire process at any point of time without assigning any reason.

Judge-in-Charge,
Civil Court, Latehar

PR 317167 (Law) 23-24 (D)



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार**

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0- : 31/2023-24

1. विभाग का नाम :- भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :- कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :- 12.02.2024 के 1.00 बजे अपराह्ण तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :- 13.02.2024 के 3.00 बजे अपराह्ण तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- 13.02.2024 के 3.30 बजे अपराह्ण तक।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :- 1. अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0-02 रॉची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा। 2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार। 3. सहायक अभियंता भवन अवर प्रमंड़ल, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :- 1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :-

| क्र.सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | Construction of Boundary Wall with Concerntina Coil and Approach Paver Block in Nurshing Koushal College Hostel, Rajhara, Mako Latehar. | 48,5 0,669 /- | 97,500/ - | 5000/ - | 05 (Fiv e) Months |
| 2 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड महुआडांड़ के पंचायत अक्सी में रा0 प्राथमिक विद्यालय, चेतमा में 214 मी0 चाहरदिवारी एवं 01 (एक) अदद G.C.I. Sheet Gate निर्माण। | 15,88,778 /- | 32,000/ - | 5000/ - | 02 (T wo) Months |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या **www.jharkhand.gov.in** पर देखें।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंड़ल, लातेहार।

PR.NO.317207 Building(23-24):D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पथ निर्माण विभाग,**
**पथ प्रमण्डल, गढ़वा।**
**अति-अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना (वर्ष 2023-24)**

1 विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गढ़वा।
2 परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 05.02.2024 को 12.00 बजे से दिनांक 07.02.2024 तक 3.00 बजे अपराह्न तक। (कार्यालय अवधि में)
3 निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय : दिनांक 08.02.2024 को 3.00 बजे अपराह्न तक।
4 निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 08.02.2024 को 3.30 बजे अप0 के बाद।
5 परिमाण विपत्र (निविदा कागजात) की बिक्री का स्थान : (1) मुख्य अभियंता (यातायात) का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड रॉंची, प्रथम तल्ला, अभियंत्रण छात्रावास सं0-2, धुर्वा, रांची। (2) आरक्षी अधीक्षक, पलामू के कार्यालय परिसर में अधीक्षण अभियंता, प0नि0वि0, पथ अंचल डालटनगंज से प्रतिनियुक्त पदाधिकारी के द्वारा। (3) कार्यपालक अभियंता, प0 नि0 वि0, पथ प्रमण्डल गढ़वा के कार्यालय परिसर में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी के द्वारा।
6 निविदा प्राप्त करने एवं खोलने का स्थान : क्रमांक 5 (पांच) में उल्लेखित कार्यालयो में निर्धारित स्थानों पर
7 कार्य का विवरण :-

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि | संवेदक की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | पथ प्रमण्डल , गढ़वा अंतर्गत रंका आई0बी0, भंडरिया आई0बी0 में विद्युतीकरण एवं डीप बोरिंग कार्य। | 18.00 | 36,000.00 | 5000.00 | 15 दिन | तृतीय अथवा द्वितीय श्रेणी |

नोटः- (1) निविदा की राशि घट-बढ़ सकती है।
(2) **UCAN Portal** में निबंधित संवेदक हीं निविदा में भाग ले सकते हैं।
(3) निविदा की शर्ते **www.jharkhand.gov.in** एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल, गढ़वा।

PR 317175 Road(23-24)D

## एक नजर

### कचमची गांव के पाहन पुजार का हुआ बदलाव



**भंडरा।** झारखंड के हर आदिवासी बहुल गांव में हर तीन साल में पाहन, पुजार बदल जाते हैं और यह परंपरा दशकों से गांव में इसी तरह मनाया जाता है। इस परंपरा को ना कभी बदली गई, ना कभी इसे बदलने को लेकर किसी ने विचार किया है। इसी परंपरा के तहत सोमवार को प्रखंड के भीठा पंचायत अंतर्गत कचमची गांव में पहान पुजार का बदलाव पूरी विधि विधान पूर्वक किया गया। इस साल गांव के ही फाते उरांव पाहन एवम सोमरा उरांव को पुजार के रूप में चयन किया। पूर्व में पाहन जतरू पाहन, पुजार एमानुवेल तिग्गा थे। पाहन पुजार चयन कार्यक्रम के अनुष्ठान में किसी प्रकार की गलती ना हो इस पर विशेष ध्यान रखा जाता है। गांव के पाहन फाते उरांव ने बताया कि यह परंपरा पूर्वजों से चली आ रही हैं। गांव के लोग जब से यहां है तब से यहा परंपरा हमारे पूर्वजों इसे निभाते आ रहे हैं। मौके पर बंधु उरांव, नंदा उरांव, बासु उरांव, बासुदेव उरांव, बुद्धेश्वर उरांव, सीताराम उरांव, जतरू उरांव, फूलचंद उरांव, कुलदीप उरांव आदि मौजूद थे।

### ‘बच्चों की जिंदगी को तराशना सराहनीय’

**कूडू।** गणतंत्र दिवस पर कूडू के हमीद नगर मोहल्ला में मदरसे में पढ़ने वाले बच्चो के बीच तकरीर, नात, भाषण आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष जफर खान उपस्थित हुए। कार्यक्रम में बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर लोगों का मन मोह लिया। प्रोग्राम के बाद बच्चों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। मौके पर जफर खान ने कहा कि शिक्षा सभी समाज के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने मदरसे के शिक्षकों की तारीफ करते हुए कहा कि काफी खुशी की बात है। यहां छात्र और छात्राओं की जिंदगियों को दीनी और दुनियावी एतबार से तराशा जा रहा है। उम्मीद करता हूं यहां से शिक्षित बच्चों का भविष्य उज्ज्वल होगा। कार्यक्रम में जेएमएम के जिला अध्यक्ष मोजम्मिल अहमद, कांग्रेसी नेता साजिद अहमद बेलू, सदर शमशेर खान, साबिर अहमद, मतीन अंसारी सहित भारी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### पशुधन योजना के तहत लाभुक को मुर्गी चूजा दिया गया

**भंडरा।** भंडरा प्रखंड के भौंरो पंचायत अंतर्गत खावाटोली गांव निवासी शनि उरांव को पशुधन योजना के तहत 500 मुर्गी चूजा पालने के लिए दिया गया। इस मौके पर प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी मनोज कुमार एवं ग्रामीण उपस्थित थे। मुर्गी चूजा प्राप्त कर किसान शनि उरांव ने बताया कि पशुधन योजना के तहत उसे मुर्गी पालन हेतु मुर्गी चूजा दिया गया है। योजना को आजीविका का साधन बनाएगा और मुर्गी पालन को वृहद रूप देगा।

# जयपुर में आयोजित कराटे स्कूल गेम में लोहरदगा के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता। कूडू**

जयपुर के प्रताप नगर अंतर्गत बंसल पब्लिक स्कूल में दिनांक 27 से 28 जनवरी तक आयोजित राष्ट्रीयस्तर पर होने वाले दो दिवसीय खेल कराटे स्कूल गेम 2024 में लोहरदगा के खिलाड़ियों ने एक स्वर्ण, सात 7 रजत और एक काश्य पदक पर कब्जा जमाकर एक बार फिर जिले का नाम रोशन किया है। जीत का शानदार आगाज राजा बाबू महली ने झारखंड की झोली में पहला स्वर्ण पदक डालकर किया। इसके बाद शुरू हुए सिलसिले में हेमा कुमारी, रीना कुमारी, सरिता कुमारी, सोनिका कुमारी, करुणा कुमारी, गायित्री कुमारी, और अनुष्का कुमारी ने अपने - अपने वर्ग भार में 7 रजत पदक झटके वहीं काजल कुमारी एक काश्य पदक पर कब्जा जमाने मे कामयाब रहीं। जिले को राष्ट्रीय स्तर चौथा स्थान दिलाने में कामयाब रहे। वहीं खेल कराटे संघ के चेयरमैन धनंजय त्यागी अध्यक्ष आकाश सिंह ने बेहतरीन कोच के लिए सेंसई अमित कुमार सिंह को भी ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। ज्ञात हो कि सभी खिलाडियों का चयन चंन्हो के स्प्रिंग डेल पब्लिक स्कूल में राज्यस्तरीय स्कूल गेम प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त करने के आधार पर हुआ था। ये सभी प्रतिभागी खेल कराटे सह भारतीय खेल उथान ट्रस्ट के स्टेट हेड सेंसई अमित कुमार सिंह के साथ पूरी झारखंड टीम रांची से जयपुर के लिए 25 जनवरी को रवाना हुए थे। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, कूडू सीओ प्रवीण कुमार सिंह और बीडीओ परवेश कुमार साव ने शुभकामनायें देते हुए अपने आशीर्वाद देकर विदा किया था।

### बेहतरीन कोच के लिए सेंसई अमित कुमार सिंह भी सम्मानित




# ‘कक्षा 9 और 12 में अंशकालिक शिक्षक शिक्षिका को बजट के अनुसार ही रखें’

## जिला विकास समन्वय और अनुश्रवण समिति (दिशा) की बैठक में कई प्रस्तावों पर हुई चर्चा, मिला निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

जिला विकास समन्वय और अनुश्रवण समिति (दिशा), लोहरदगा की बैठक सांसद सुदर्शन भगत की अगुवाई में हुई। बैठक में 15 सितंबर 2022 को हुई बैठक में दिये गये निदेर्शों के अनुपालन की समीक्षा की गई। वहीं जिले में बाईपास रोड अरेया में एक महिला की जमीन जमीन चली जाने की अवस्था में उस महिला के भूमिहीन होने की जांच कराने का निर्देश भूमि सुधार उप समाहर्ता को दिया गया।

पेशरार के लाभुकों को भूमि संरक्षण विभाग द्वारा दिये गये कृषि यंत्र को कैरो प्रखंड में रखे जाने के मामले में दोषियों पर 15 दिनों के अंदर यंत्र सही जगह अधिष्ठापित करा कर सूचना दिये जाने का निर्देश दिया गया। गव्य विकास विभाग द्वारा दुधारू गायों का पूर्व में ओरिएंटल इंश्योरेंस, रांची द्वारा बीमा कराये जाने के मामले में जिन लाभुकों के पशुओं की मृत्यु हुई है उन्हें लाभ दिलाने हेतु विभाग से मार्गदर्शन मांगे जाने का निर्देश गव्य विकास पदाधिकारी को दिया गया। कक्षा 9-12 में अंशकालिक शिक्षक/शिक्षिका को बजट के अनुसार ही रखे जाने का निर्देश दिया गया। लंबित भुगतान के मामले में अतिरिक्त बजट की मांग करने का निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिया गया। सेन्हा प्रखंड के ग्राम नौदी में विद्युत तार के संपर्क में आने से महिला की मृत्यु होने के उपरांत आश्रित को मुआवजा हेतु भेजे गये प्रस्ताव की कॉपी विधायक प्रतिनिधि को उपलब्ध कराने का निर्देश कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमंडल, लोहरदगा को दिया गया। बड़ा तालाब के सामने शौचालय के पास अवैध आटा चक्की के मामले की जांच का निर्देश प्रशासक नगर परिषद लोहरदगा को दिया गया। कुडू एवं कैरो से चेटर तक पथ निर्माण की कार्य धीमी व गुणवत्ता हीन होने पर असंतोष व्यक्त किया गया और पथ निर्माण कार्य मार्च 2024 तक पूर्ण करने का निर्देश पथ प्रमंडल लोहरदगा को दिया गया। किस्को आवासीय विद्यालय के गुमशुदा छात्र के मामले की जांच सीआईडी को अग्रसारित किये जाने की जानकारी पुलिस अधीक्षक द्वारा दी गई।



लाइट ऑफ सोसाइटी, रांची द्वारा 30 लाख रुपये की राशि अग्रिम प्राप्त करने के बावजूद मजदूरों को भुगतान नहीं किये जाने के मामले पर संबंधित संस्था पर कार्रवाई किये जाने का निर्देश दिया गया। केसीसी के छूटे हुए 1700 लाभुकों को केसीसी से आच्छादित किये जाने का निर्देश एलडीएम, लोहरदगा को दिया गया। पेशरार से हेसाग को जिला मुख्यालय से जोड़े जाने के लिए पक्के पथ का प्रस्ताव विधायक, बिशुनपुर को भेजे जाने का निर्देश दिया गया। सेन्हा प्रखंड अंतर्गत अरू में ट्रांसफार्मर के सामने कलवर्ट धंस जाने की शिकायत पर कार्यपालक अभियंता, आरईओ को स्वयं जाकर कलवर्ट की गुणवत्ता जांच किये जाने का निर्देश दिया गया। बाल्मिकी नगर में दशकर्म घाट गेट लगाये जाने का निर्देश प्रशासक, नगर परिषद, लोहरदगा को दिया गया। शहरी क्षेत्र बाल्मिकी नगर में झोपड़ी पट्टी में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिये जाने के संबंध में ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से केंद्र सरकार के पास मार्गदर्शन मांगे जाने का निर्देश दिया गया। ग्राम दोबा एवं दोबा बरटोली जो अनुसूचित जनजाति बहुल गांव है, छूटे हुए तीन सौ परिवारों को अबुआ आवास दिये जाने की जानकारी दी गई। वन विभाग से अनापत्ति प्राप्त करने के मामले में डीएफओ, लोहरदगा को डीएफओ, लातेहार से समन्वय स्थापित कर मामला निष्पादित कराये जाने का निर्देश दिया गया। सांसद द्वारा सेन्हा से मुकीतोड़ार पथ में पीसीसी पथ में गड्ढों को भरे जाने का निर्देश दिया। बालू के परिवहन में समान रूप से कार्रवाई का निदेश दिया। हिसरी-बोंगा पथ में पुलिया ध्वस्त होने की जानकारी दी। बकसीडीपा-दांदू पथ को जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। सिंदूर-गड़ातु पथ में पुल नहीं होने की जानकारी दी। जिला में जल-नल योजनाओं में आ रही शिकायतो को दूर किये जाने का निर्देश दिया गया।

वहीं जिला परिषद अध्यक्ष लोहरदगा द्वारा जिला के विभिन्न एजेंसियों द्वारा कार्य की जानकारी उपलब्ध कराए जाने का प्रस्ताव रखा गया। कोलसिमरी सुकरहुटू में पीसीसी पथ में गार्डवाल का प्रस्ताव दिया गया। विधायक प्रतिनिधि द्वारा प्लस टू उच्च विद्यालय माराडीह में 500 छात्र-छात्राओं के बैठने के लिए बेंच-डेस्क की व्यवस्था का प्रस्ताव दिया। चारागादी में नदी में पुल नहीं होने की जानकारी भी दी गयी। आकाशी-नरौली-कैरो पथ की जांच कराने का प्रस्ताव दिया गया। दिशा के सदस्य रमेश उराँव द्वारा कंडरा-बुटी पथ व भंडरा में पाइपलाइन सड़क पर ही बिछाए जाने की जानकारी दी और इसे दूर कराए जाने का प्रस्ताव रखा। बैठक में प्रखंड प्रमुख और विभिन्न पंचायतों के मुखियाओं ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याएं रखीं। बैठक में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, दिशा के सदस्यगण, जिला स्तरीय पदाधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

# नये वोटरों को मतदान के लिए प्रेरित किये जाने की आवश्यकता : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**



जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कोर कमिटि के पदाधिकारियों, इलेक्शन लिटरेसी क्लब के सभी मास्टर ट्रेनर और डिस्ट्रिक्ट आईकॉन के साथ बैठक आयोजित हुई। बैठक में लोकसभा निर्वाचन, 2024 के निमित्त मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया के प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता तथा स्वीप कार्ययोजना के क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई। उपायुक्त ने इस मौके पर कहा कि प्लस टू विद्यालयों और महाविद्यालय स्तर पर नये पंजीकृत मदताताओं को मतदान करने की प्रेरित किये जाने की आवश्यकता है। इसमें संबंधित विद्यालय/महाविद्यालय के एंबेसडर और प्रबंधन के सहयोग की नितांत आवश्यकता है। स्वीप कैलेंडर में शामिल क्रियाकलापों के अतिरिक्त भी अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जाने की आवश्यकता है। खेल के क्षेत्र में फुटबॉल, कुश्ती व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी नेहरू युवा केंद्र व महाविद्यालय प्रबंधन की सहायता से आयोजित कराये जाएं। कार्यक्रमों की गतिविधियां फोटो/वीडियो के साथ सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर जरूर पोस्ट किया जाए। स्वीप वरीय पदाधिकारी इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्म का हैण्डल प्रारंभ करायें। स्काउट गार्डड द्वारा रैली का आयोजन किया जाए। दिव्यांग मतदाताओं के लिए गतिविधियां आयोजित की जाएं। उपायुक्त द्वारा सभी संबंधित सदस्यों के साथ बैठक कर अन्य गतिविधियां भी आयोजित करने के लिए सुझाव प्राप्त करने व उन्हें स्वीप कैलेंडर में शामिल किये जाने का निदेश वरीय पदाधिकारी, स्वीप कोषांग को दिया गया। स्वीप कोषांग की वरीय पदाधिकारी द्वारा स्वीप के अंतर्गत पहली बार मतदान में शामिल हो रहे 18 वर्ष या इससे अधिक उम्र के मतदाताओं, 80 वर्ष की उम्र से अधिक, पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करनेवाले मतदाताओ, दिव्यांग मतदाताओं, ट्रांसजेंडर मतदाताओं को मतदाता जागरूकता के लिए फोकस किये जाने की जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि इस बार जिला में मतदान का प्रतिनिधि 80 प्रतिशत पार रखा गया है जिसके लिए सभी स्वीप कार्यक्रमों को सफल तरीके से आयोजित किया जाना है। शहरी मतदाताओं के लिए अलग से प्लान करना है। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप सिंह शेखावत, उप निर्वाचन पदाधिकारी नारायण राम, जिला शिक्षा पदाधिकारी, वरीय पदाधिकारी, स्वीप कोषांग-सह-जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा, जेएसएलपीएस डीपीएम, डिस्ट्रिक्ट आईकॉन आशीष (क्रिकेटर) उपस्थित थे।

# बैंकों ने बेहतर कार्य किया है : सांसद

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

सुदर्शन भगत, सांसद, लोहरदगा की अध्यक्षता में विशेष डीएलसीसी की बैठक जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा स्थित सभाकक्ष में हुई। सांसद ने कहा कि विभिन्न क्षेत्र में बैंक ने बेहतर कार्य किया है। लोहरदगा में कृषि, वनोपज को अधिक बढ़ावा देने की जरूरत है। सब्जियों के लिए यह क्षेत्र बेहतर उत्पादक के रूप में उभरा है। पीवीटीजी समूह को भी पशुपालन, उद्यान, मधुमक्खी पालन के क्षेत्र से जोड़े जाने की आवश्यकता है। एसएचजी को ऋण उपलब्ध कराएं और उन्हें प्रोत्साहित करें। कृषि विज्ञान केंद्र का बेहतर उपयोग करें।



किसी एक गांव को जैविक खेती के लिए मॉडल के रूप में विकसित करें। एलडीएम को बैंकिग सुविधाएं सुगम कराने के लिए बैंक की शाखाओं के विस्तार का निर्देश दिया। आज की बैठक में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता सौरभ प्रसाद, एसडीओ सुजाता कुजूर, एलडीएम नवेन्दु आदि उपस्थित थे।

# तीन अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो घायल

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

थाना क्षेत्र के लोहरदगा गुमला मुख्य पथ एन एच 143 ए पर अलग अलग स्थान पर सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल हो गए। घायलों को स्थानीय ग्रामीणों ने 108 एंबुलेंस से लोहरदगा सदर अस्पताल पहुंचाया गया। बताया गया कि अहले सुबह सबसे पहले बक्सीडीपा जंगल के पास इमली पेड़ के नजदीक अज्ञात पिकप वाहन की चपेट में आने से सेन्हा ग्राम निवासी अयूब अंसारी (60) घायल हो गए। वह मोटरसाइकिल से लोहरदगा जा रहा था। घायल व्यक्ति को स्थानीय ग्रामीणों और परिजनों ने सदर अस्पताल लोहरदगा पहुंचाया। वहीं दूसरी घटना में लोहरदगा की तरफ से 16 चक्का अशोक लीलेन चेचिस वाहन आ रहा था। सेन्हा गौसिया मस्जिद के समीप खड़े लाइन ट्रक में सीधा टक्कर मार दी। इसमें चालक को अंदरूनी चोटें आई हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने चालक को वाहन से निकाल कर 108 एंबुलेंस के सहयोग से लोहरदगा सदर अस्पताल भेजा। अशोक लीलेन चेचिस वाहन के चालक की पहचान अरविंद कुमार जिला बरैली उतर प्रदेश के रूप में की गई, जबकि तीसरी घटना अरु जगन ढोढा पूल के पास घाघरा की तरफ से आ रहे बॉक्साइड लदा ट्रक पलट गया ,जिसमें वहन क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। पुलिस घटनाओं का जायजा लेते हुए अग्रतर कारवाई में जुट गई है।



## आरोप: ट्रैक्टर से हो रही बोरिंग, ग्रामीणों की शिकायत पर पहुंचे बीडीओ, उप प्रमख ने जताई नाराजगी

# कुडू प्रखंड में हर घर नल जल योजना में मनमानी

**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**

कूडू प्रखंड के पंडरा ग्राम में हर घर नल योजना में मनमानी करने का मामला प्रकाश में आया है। ताजा मामला कूडू प्रखंड के पंडरा ग्राम का है जहा छोटी मस्जिद के नजदीक बड़ी मशीन से दो सौ से तीन सौ फीट बोरिंग करने की जगह ट्रेक्टर से 80 से 90 फीट बोरिंग की जा रही थी। इसकी शिकायत ग्रामीणों ने जिले और प्रखंड प्रशासन तक कर दी। जांच में पहुंचे कूडू बीडीओ प्रवेश कुमार साव ने भी हकीकत देख नाराजगी जताई। बीडीओ ने ग्रामीणों से कहा कि सरकारी योजनाओं में अनियमितता किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि किसी सरकारी योजना का योजना बोर्ड लगाने को कहें। आप शिक्षित हैं, जागरूक भी रहें। इस तरह की अनियमितता कहीं दिखे तो तत्काल सूचित करें। वहीं उप प्रमुख एनुल अंसारी, भाजपा नेता सरजू साहू आदि भी पंडरा गांव पहुंचे और अनियमितता देख नाराज हुए। उप प्रमुख ने कहा कि 80 फीट में जीतना पानी मिलेगा उससे गांव वालों की जरूरत पूरी नही होगी ये मनमानी नहीं चलने देंगे।

**एक दशक पूर्व नौ करोड़ की लागत से बना जल मीनार सफेद हाथी साबित हो रहा :** ज्ञात हो कि कूडू प्रखंड क्षेत्र का आधे से अधिक हिस्सा करीब करीब ड्राई क्षेत्र है और वर्षों से पानी की किल्लत से जूझता रहा है। निदान के लिए बड़ी बोरिंग करने का निर्देश है। लेकिन यहां कई जगहों पर हाथ और ट्रैक्टर से मात्र 80 से 90 फीट बोरिंग कर सरकारी धन का बंदरबाट करने की सूचना है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले ही कई जगहों पर लाखों की लागत से बनी सोलर से चलने वाली पानी की टंकी पूरे प्रखंड में 80 फीसदी से अधिक बेकार पड़े हुए हैं। कुडू में नौ करोड़ की लागत से एक दशक पूर्व बने जल मीनार और पानी सप्लाई के लिए बिछाए गए पाइप लाइन सभी सफेद हाथी साबित हो रहा है। इस योजना से अब तक नौ करोड़ में एक साल भी लोगों को पानी नहीं पिलाया जा सका है। कुडू इंदिरा गांधी चौक मुहल्ला सहित कई गांव व मुहल्ला के लोग लंबे समय से पेयजल समस्या से जूझ रहे हैं। अब ऐसे में आमजनों को पानी पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित इस महत्वपूर्ण योजना का भी जनाजा उठाने का काम हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर इसपर प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं दिया गया तो इस योजना के पूर्ण होने के बाद भी उनकी समस्या जस की तस बनी रहेगी। फिलहाल ग्रामीणों के विरोध के बाद पंडरा में काम बंद करा दिया गया है। मौके पर कांग्रेसी नेता मजीद पंवरिया, कूडू के पूर्व पंचायत समिति सदस्य सह समाजसेवी संतोष मांझी मंगलू सहित कई ग्रामीणों ने इस पर जांच कर उचित करवाई की मांग की है।



# पुलिस बस की चपेट में आने से बाइक सवार दो लोग गंभीर

**नवीन मेल संवाददाता। घाघरा**



घाघरा थाना प्रखंड मुख्यालय नेतरहाट रोड में पुलिस बस के चपेट में आने से दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में आशीष उरांव एवं रोहित उरांव शामिल है। दोनों लोहरदगा नवाडीह के रहने वाले हैं। दोनों बाइक से घाघरा की ओर आ रहे थे, जबकि पुलिस बस नेतरहाट की ओर जा रही थी। इसी क्रम में दोनों के बीच सीधी टक्कर हो गयी।

यहां मुख्य बात यह है कि दुर्घटना के बाद पुलिस बस के चालक ने घायलों को अस्पताल ले जाने के बजाय घटनास्थल से बस सहित भाग निकला। बताया जा रहा है कि बस में सिर्फ चालक ही था। ग्रामीणों की मदद से घायलों को 108 एम्बुलेंस से सीएचसी घाघरा लाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद दोनों को सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया गया। दोनों की हालत चिंताजनक बताई जा रही है।

# बजट का बाजार पर बड़े पैमाने पर असर पड़ने की संभावना नहीं



**एजेंसी। नई दिल्ली**

इस सप्ताह दो महत्वपूर्ण घटनाएं होने वाली हैं: अंतरिम बजट और दर निर्णय पर फेड की बैठक। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार कहते हैं लेकिन इन घटनाओं का बाजार पर बड़े पैमाने पर असर पड़ने की संभावना नहीं है। उन्होंने कहा, बजट बाजार को प्रभावित करने में सक्षम बड़ी घोषणाओं के बिना लेखानुदान होगा। फेड के फैसले के संबंध में, दर में कटौती की उम्मीद नहीं है, लेकिन टिप्पणी पर उत्सुकता से नजर रखी जाएगी। लाल सागर में अशांति एक गंभीर मुद्दा बनती जा रही है। उन्होंने कहा कि ब्रेंट क्रूड 83 डॉलर तक पहुंच गया है। तीसरी तिमाही के नतीजों और समाचारों के जवाब में स्टॉक विशिष्ट कार्रवाई की संभावना है। एलआईसी को एचडीएफसी बैंक में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए आरबीआई की मंजूरी मिलना बाद के लिए सकारात्मक है।

उन्होंने कहा चूंकि एफआईआई की बिकवाली कायम है और ऊंची है इसलिए मंदड़िये बिकवाली के लिए रैलियों का सहारा लेंगे। बीएसई सेंसेक्स 1.24 फीसदी की भारी बढ़त के साथ 876 अंक ऊपर 71,577.23 अंक पर है। पावरग्रिड 3 फीसदी ऊपर है, कोटक महिंद्रा बैंक 2 फीसदी ऊपर है, रिलायंस इंडस्ट्रीज 2 फीसदी ऊपर है, एलएंडटी, अल्ट्राटेक सीमेंट, एक्सिस बैंक, सन फार्मा 2 फीसदी ऊपर हैं।

## किसान हित में है कृषि वानिकी को बढ़ाना : मुंडा



**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि कृषि वानिकी को बढ़ाकर किसानों की आय बढ़ाई जा सकती है। इस दिशा में तेजी से काम किया जाना चाहिए।मुंडा ने सोमवार को कृषि भवन में कृषि क्षेत्र में स्वैच्छिक कार्बन बाजार के लिए फ्रेमवर्क एवं कृषि वानिकी नर्सरी के एक्रीडिएशन प्रोटोकॉल का विमोचन करते हुए कहा कि कृषि वानिकी नर्सरी के एक्रीडिएशन प्रोटोकॉल, देश में कृषि वानिकी को बढ़ावा देने के लिए बड़े पैमाने पर रोपण सामग्री के उत्पादन और प्रमाणीकरण के लिए संस्थागत व्यवस्था को मजबूत करेंगे। मुंडा ने कहा कि देश में कृषि क्षेत्र, अर्थव्यवस्था व करोड़ों लोगों की आजीविका में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। देश के कार्यबल का 54.6 फीसदी कृषि व संबंध क्षेत्रों की गतिविधियों में लगा हुआ है। जीडीपी में जहां कृषि क्षेत्र की हिस्सेदारी 18.6 फीसदी है, वहीं 139.3 मिलियन हेक्टेयर, देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र में से बोया गया क्षेत्र है।मुंडा ने कहा कि कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने छोटे-मझौले किसानों को कार्बन क्रेडिट का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करने की दृष्टि से देश के कृषि क्षेत्र में स्वैच्छिक कार्बन बाजार (वीसीएम) को बढ़ावा देने का फ्रेमवर्क तैयार किया है। किसानों को कार्बन बाजार से परिचित कराने से उन्हें फायदा होने के साथ ही पर्यावरण-अनुकूल कृषि पद्धतियों को अपनाने में भी तेजी आएगी। उन्होंने किसानों के हित में कार्बन बाजार को बढ़ावा देने के लिए केंद्र व राज्यों के संबंधित मंत्रालयों सहित अन्य संबद्ध संगठनों से पूर्ण सहयोग का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि सुदूरवर्ती क्षेत्रों के किसानों के साथ मिलकर उनके लिए सुविधाजनक ढंग से इस दिशा में कार्य किया जाना चाहिए व समाधान के साथ ही हमारे किसानों पर इसका लाभ केंद्रित करने की जरूरत है।

## भारत अगले तीन साल में बन सकता है दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2024-25 में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 7 फीसदी के करीब रहने की संभावना जताई है। इसके साथ ही मंत्रालय ने कहा कि अगले तीन साल में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। वित्त मंत्रालय ने द इंडियन इकोनॉमीः ए रिव्यू 2024 रिपोर्ट में कहा है कि घरेलू मांग की ताकत ने पिछले तीन वर्षों में अर्थव्यवस्था को सात फीसदी से अधिक की वृद्धि दर दी है। वित्त वर्ष 2024-25 में वास्तविक जीडीपी वृद्धि ग्रोथ 7 फीसदी के करीब रहने की संभावना है, जिसकी वित्त वर्ष 2030 तक सात फीसदी से अधिक वृद्धि रहने की बहुत गुंजाइश है। देश के मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन कार्यालय की ओर से तैयार की गई इस समीक्षा रिपोर्ट में कहा गया है कि अगले तीन साल में पांच लाख करोड़ डॉलर के जीडीपी के साथ भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक सतत सुधारों से भारत का जीडीपी वर्ष 2030 तक सात लाख करोड़ डॉलर का आंकड़ा भी लेगा। वित्त मंत्रालय ने अंतरिम बजट पेश होने से दो दिन पूर्व अर्थव्यवस्था की जनवरी महीने की जारी समीक्षा रिपोर्ट में कहा कि कोरोना महामारी के असर और वृहद-आर्थिक असंतुलन एवं खंडित वित्तीय क्षेत्र वाली विरासत के बावजूद वित्त वर्ष 2023-24 में 3.7 लाख करोड़ डॉलर की अनुमानित जीडीपी के साथ भारत पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है।


**OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER, LATEHAR**

NDC Office, Latehar, 829206 • Website: www.latehar.nic.in

Tender Reference No: - Date: -

Very Short Tender Notice (BID): Supply/Installation of RO water purifier cum Cooler in Different Government schools in Latehar.

| No. | Information | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Supply/ Installation of RO water purifier cum Chillerin Different Government schoolsin Latehar |
| 2 | Period of Work | 3 months |
| 3 | Date of Publication of Bid on website | 29.01.2024 |
| 4 | EarnestMoneytobe Deposited (EMD) | Rs. 10,00,000 (Rs Ten Lakh Only /-) in the form of DD from any Scheduled Commercial Bank in favour of NDC Officer,Latehar |
| 5 | Presentation | The bidder which qualifies in technical round shall present presentation before the purchase committee members on the day of opening of tender. |
| 6 | Last date and time of receipt of Bid | 05.02.2024, 11:00 AM |
| 7 | Date and Time of opening of Bid | 05.02.2024, 03:00 PM |
| 8 | Method of Selection | Quality and Cost-Based Selection (QCBS) Method 70:30 (Technical: Financial) The rates quoted by the agencies should be valid for 2 year from the issue of the RFP. |
| 9 | Bid Submission Place | NDC Office, Latehar |
| 10 | Bid Opening Place | NDC Office, Latehar |
| 11 | Contact Number | 9110130529 |

NDC Officer
Latehar

PR 317183 (Latehar) 23-24 (D)


# शेयर बाजार में जोरदार तेजी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

हेवीवेट स्टॉक्स और बैंकिंग शेयरों में आई तेजी के कारण घरेलू शेयर बाजार सोमवार को शानदार मजबूती के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरूआत भी बढ़त के साथ हुई थी। हालांकि बीच-बीच में मुनाफावसूली के चक्कर में हुई बिकवाली के कारण शेयर बाजार के दोनों सूचकांकों को मामूली झटका भी लगता रहा। इसके बावजूद लगातार हो रही चौतरफा खरीदारी के सपोर्ट से शेयर बाजार लगातार ऊपर चढ़ता गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1.76 प्रतिशत और निफ्टी 1.80 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1,240.90 अंक की मजबूती के साथ 71,941.57 अंक के स्तर पर बंद हुआ।


**ई० प्रोक्योरमेन्ट सेल**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार**

**ई– प्रोक्योरमेन्ट नोटिस**

**ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0–01/2023-24/EE/BCD/LATEHAR दिनांक– 27.01.2024**

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र की राशि |
|---|---|---|
| 1 | Constuction of 900 meter Boundary wall, Guard Room and Main Gate at Model Degree College Goa, Latehar (Part-I) at Panchayat Jalimkhurd of Block Latehar under Latehar District. | 72,17,501.00 |
| 2 | Constuction of 1000 meter Boundary wall, Guard Room and Main Gate at Model Degree College Goa, Latehar (Part-II) at Panchayat Jalimkhurd of Block Latehar under Latehar District. | 74,51,269.00 |

1. कार्य पूर्ण की अवधि :– 06 (Six) Months
2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 05/02/2024 को 11:00 बजे
3. बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय :– 19/02/2024 को 11:00 बजे
4. निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पत्ता :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार।
5. निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान :– 20.02.2024 को 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्योरमेन्ट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन अंचल सं0–02, राँची।
6. प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :– 9431501121
7. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या :– 8434414939
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रक्रिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक 06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत् अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सम्पूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।

- अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

Note :- UCAN Registration in mandatory for the Bidders.

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार

PR 317203 Building(23-24).D



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION, DALTONGANJ.**

**Very SHORT NOTICE INVITING TENDER**

**Tender Reference No. BCD/DALTONGANJ DIV/15/2023-24**

1. Name of Department :- Building Construction Department
2. Name of Advertiser :- Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
3. Date of time of Sale of BOQ :- 06.02.2024 from 10:00 am to 1:00 pm
4. Date and time of Receiving sealed tenders :- 07.02.2024 from 1:00 to 3:00 pm
5. Date and time of Opening of Sealed tenders :- 07.02.2024 from 3:00 to 3:30 pm
6. Place of Sale of BOQ :- 1. In the Office of Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj. 2. In the Office of Superintendent Engineer, B.C.D Circle No.-02, Ranchi.
7. Place of Opening and Receiving Tender :- As per Place mention in serial No.- 6 (1)
8. Details of Work :-

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Sitting Platform Near Pond Area, Deep Boring in S.P Residence, Palamu at Daltonganj, Palamu. | 2364700.00 | 47500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 2. | Construction Of Public Toilets, Dasagatra Bhawan, Store Room, Deep Bore and Septic Tank at Village - Prupdiha, Block-Chainpur , Palamu | 2493500.00 | 50000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 3. | E/R of Roof Treatment of Old Civil Court Building at Daltonganj, Palamu. | 247800.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |

निविदा में परिमाण विपत्र कय हेतू निम्नांकित शर्तें का पालन आवश्यक है:–

- निविदा के साथ सत्यापित निबंधन पत्र, UCAN, पैन कार्ड, विगत तीन साल का आयकर रिटर्न, GST में निबंधन प्रमाण पत्र एवं फार्म अधतन 3B एवं 1 R, अद्यतन चरित्र प्रमाण पत्र एवं विद्युत लाइसेंस या निविदाकार एवं अन्य अनुज्ञप्तिधारी का अलग–अलग शपथ पत्र (यदि कार्य में विद्युत संबंधी कार्यमद हो) की छायाप्रति इत्यादि स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना होगा।
- परिमाण विपत्र के लिए जमा किया जाने वाला डिमान्ड ड्राफ्ट भारतीय स्टेट बैंक के शाखा के निविदा सूचनापोरांत निर्गत ही मान्य होगा।
- यदि निबंधित संवेदक के प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा निविदा डाली जाती है तो निविदा के साथ मूल प्रति में इस आशय का शपथ पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा कि प्राधिकृत व्यक्ति (प्रतिनिधि) किसी आपराधिक मामले में सजायफ्ता नहीं है न किसी प्रकार का आपराधिक मामला दर्ज है। (प्राधिकृत व्यक्ति के द्वारा प्राधिकृत किया हुआ पत्र एवं शपथ पत्र साथ लाने पर निविदा (Hard Copy) लिया जाएगा)
- किसी अपरिहार्य कारण से निविदा रद्द या स्थगित की जाती है तो परिमाण विपत्र की राशि (डिमान्ड ड्राफ्ट) के रूप में वापस नहीं की जायेगी।
- जिला के किसी विभाग द्वारा आवंटित कार्य का एकरारित अवधि बीत जाने के बाद लंबित नहीं होने संबंधी शपथ–पत्र (Affidavit) देंना अनिवार्य होगा।
- निविदा से संबंधित अन्य सूचनाओं एवं NIT के अन्य शर्तों के लिए भवन प्रमण्डल, डालटनगंज के सूचना पट्ट को देखा जा सकता है या कार्यालय अवधि में कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है तथा परिमाण विपत्र में संलग्न नियम एवं शर्तों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।

Executive Engineer,
Building Division, Daltonganj.

PR 317191 Building(23-24)#D



**कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता हैं कि नगर पंचायत, लातेहार में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के घटक – IV "लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण" हेतु भारत सरकार द्वारा विभिन्न वर्षो में योजना की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी क्रम में नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड रांची के पत्रांक 40/ दिनांक 08.01.2024 के द्वारा वैसे लाभुक जिनके द्वारा आवास निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है अथवा लाभ लेने के इच्छुक नहीं है के प्रत्यर्पण हेतु सूची उपलब्ध कराने का निदेश प्राप्त है।

अतः विभागीय निदेश के आलोक में संबंधित लाभुको को अंतिम रूप से सूचित किया जाता है कि निम्न विवरण अनुसार लाभुक यदि आवास निर्माण कराने हेतु इच्छुक है तो नगर पंचायत, लातेहार कार्यालय से सम्पर्क स्थापित करते हुए आवश्यक दस्तावेज सात दिनों के अंदर जमा कर दे अन्यथा उक्त अवधि बीत जाने के उपरांत निम्न विवरण अनुसार सभी आवेदको के आवास को प्रत्यार्पित कर दिया जायेगा तथा इस संबंध में बाद में आपके द्वारा किया गया कोई भी दावा मान्य नहीं होगा। लाभुको की सूची का विवरण निम्नवत है :–

| Sl No | Beneficiary_Code | Survey_Code | Name | FATHER/HUSBAND Name | Ward_Name |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 0320801787599600742 | 5996007 | AFSANA KHATOON | MOBIN ANSARI | WARD 1 |
| 2 | 0320801787599589781 | 5995897 | AJAY PRASAD | SITA RAM SAHU | WARD 8 |
| 3 | 0320801787599605071 | 5996050 | AJMERI KHATUN | RAJU KHAN | WARD 12 |
| 4 | 0320801787566356667 | 5663566 | AKHTARI BIBI | MD JAMRUDDIN | WARD 5 |
| 5 | 0320801787599770036 | 5997700 | AMERUN BIBI | LT KABIR KHAN | WARD 12 |
| 6 | 0320801787566358834 | 5663588 | AMNA BIBI | JABIR ANSRI | WARD 5 |
| 7 | 0320801787599628634 | 5996286 | ANIBHA DEVI | SUBODH RAJAK | WARD 6 |
| 8 | 0320801787599604210 | 5996042 | ANITA DEVI | SUNIL RAM | WARD 12 |
| 9 | 0320801787599934642 | 5999346 | ANITA DEVI | SHIV KUMAR PRASAD | WARD 5 |
| 10 | 0320801787599719755 | 5997197 | ANITA DEVI | DEEPAK PRASAD | WARD 2 |
| 11 | 0320801787599570471 | 5995704 | anita kumari | ashok parjapati | WARD 9 |
| 12 | 0320801787599762641 | 5997626 | ANJU DEVI | SATYENDRA BIND | WARD 4 |
| 13 | 0320801787566359278 | 5663592 | APSANA KHATUN | ABID ANSARI | WARD 5 |
| 14 | 0320801787599603920 | 5996039 | ARJUN BHUIYAN | LATE JAGAN BHUIYAN | WARD 12 |
| 15 | 0320801787599930884 | 5999308 | ARUNA DEVI | AJIT KUMAR DUBEY | WARD 5 |
| 16 | 208017870058200144 | 5645642 | ASHA DEVI | NARESH RAM | WARD 3 |
| 17 | 0320801787599631357 | 5996313 | ASHA DEVI | SHADANAND PANDEY | WARD 4 |
| 18 | 0320801787568977188 | 5689771 | ASHA DEVI | BRAJESH BHUIYAN | WARD 15 |
| 19 | 0320801787599760093 | 5997600 | BABITA DEVI | KHUMESH YADAV | WARD 4 |
| 20 | 0320801787568981658 | 5689816 | BASANTI DEVI | GANESH BHUIYAN | WARD 10 |
| 21 | 0320801787599612076 | 5996120 | BASANTI DEVI | PRADIP BHUIYAN | WARD 5 |
| 22 | 0320801787599626965 | 5996269 | BASANTI DEVI | CHHOTE LAL GUPTA | WARD 6 |
| 23 | 0320801787599771677 | 5997716 | CHANDA KHATOON | SAHBAJ KHAN | WARD 5 |
| 24 | 208017870062300156 | 5762744 | CHANI DEVI | CHALITAR YADAV | WARD 5 |
| 25 | 0320801787568985937 | 5689859 | DEVANTI DEVI | ramesh choudhari | WARD 14 |
| 26 | 0320801787599759937 | 5997599 | DEWAR MANIYA DEVI | RAMPRAVESH BIND | WARD 4 |
| 27 | 0320801787599631856 | 5996318 | FAKRUN BIBI | HASIB KHAN | WARD 5 |
| 28 | 0320801787599769953 | 5997699 | Farjana khatun | md aainul ahamad | WARD 12 |
| 29 | 0320801787599769791 | 5997697 | fatma khatun | sahabuddin ansari | WARD 12 |
| 30 | 0320801787566897742 | 5668977 | FUL KUMARI DEVI | BIGAN BHUIYAN | WARD 5 |
| 31 | 0320801787599703157 | 5997031 | FULAVA DEVI | NANDU BHUIYAN | WARD 1 |
| 32 | 0320801787570029316 | 5700293 | FULMANI DEVI | BASANT BHUIYAN | WARD 3 |
| 33 | 0320801787599656095 | 5996560 | GAJALA PARVIN | NAIM KHAN | WARD 4 |
| 34 | 0320801787599656281 | 5996562 | GANGOTRI DEVI | RAJESH KUMAR SONI | WARD 4 |
| 35 | 0320801787599600590 | 5996005 | GITA DEVI | MAHARAJ SAW | WARD 1 |
| 36 | 0320801787599604818 | 5996048 | GITA DEVI | LATE JALSU RAM | WARD 12 |
| 37 | 0320801787599746226 | 5997462 | gudiya devi | umesh bhuiyan | WARD 3 |
| 38 | 0320801787599605977 | 5996059 | GULNAJ KHATUN | AINUL HAQUE | WARD 12 |
| 39 | 0320801787599598921 | 5995989 | gulshan ara | anwar hussain | WARD 1 |
| 40 | 0320801787599772357 | 5997723 | GURIYA KUMARI | SONU KR GUPTA | WARD 6 |
| 41 | 0320801787599740237 | 5997402 | hajara bano | ASHIK ANSARI | WARD 1 |
| 42 | 0320801787599752824 | 5997528 | HAJRA KHATUN | MD TABREJ ANSARI | WARD 5 |
| 43 | 0320801787599626558 | 5996265 | HAMIRA KHATOON | MD IRSAD ANSARI | WARD 6 |
| 44 | 0320801787599656660 | 5996566 | HUSAINA KHATOON | SALIM MIYAN | WARD 4 |
| 45 | 0320801787599769849 | 5997698 | INDRAPATI DEVI | BALKESHWAR RAM | WARD 12 |
| 46 | 0320801787599918742 | 5999187 | JAIMUN BIBI | SAMIL KHAN | WARD 4 |
| 47 | 0320801787599573219 | 5995732 | JASOYA DEVI | PARMESHWAR BHUIYAN | WARD 10 |
| 48 | 0320801787570034357 | 5700343 | Julekha Bibi | juman miyan | WARD 4 |
| 49 | 0320801787599771514 | 5997715 | JULEKHA BIBI | JABAR ANSARI | WARD 5 |
| 50 | 0320801787599895357 | 5998953 | julekha pravin | akhatar hussain | WARD 5 |
| 51 | 0320801787599600476 | 5996004 | KALAWATI DEVI | KAMOD RAM | WARD 1 |
| 52 | 0320801787599619362 | 5996193 | KALINDI KUMARI | RAJESH KUMAR GUPTA | WARD 3 |
| 53 | 0320801787599770949 | 5997709 | kamla devi | BINOD KUMAR MISHRA | WARD 10 |
| 54 | 0320801787599655649 | 5996556 | KAMLI DEVI | KARAM YADAV | WARD 4 |
| 55 | 0320801787599609186 | 5996091 | kaushalya devi | RAJBANSH SINGH | WARD 6 |
| 56 | 0320801787599695185 | 5996951 | khushboo kumari | niraj kumar | WARD 8 |
| 57 | 0320801787599622766 | 5996277 | KHUSHBU KAPOOR | JAYARAM KAPOOR | WARD 6 |
| 58 | 208017870062400030 | 4692715 | KHUSHBU RANI | SANTOSH KUMAR GUPTA | WARD 6 |
| 59 | 0320801787566357784 | 5663577 | LAILUN BIBI | KALIM MIYAN | WARD 6 |
| 60 | 0320801787599772278 | 5997722 | LALITA DEVI | SHATRUDHAN THAKUR | WARD 6 |
| 61 | 0320801787569001821 | 5690018 | LALITA DEVI | SUNIL RAM | WARD 10 |
| 62 | 0320801787599606135 | 5996061 | LALITA DEVI | AJAY RAM | WARD 12 |
| 63 | 0320801787599607668 | 5996076 | LILAWATI DEVI | KAMESHWAR RAM | WARD 7 |
| 64 | 0320801787599752977 | 5997529 | MANAJO BIBI | MD INTAJ ANSARI | WARD 5 |
| 65 | 0320801787599930912 | 5999309 | MANITA KUMARI | BIRJU ORAON | WARD 5 |
| 66 | 0320801787566305740 | 5663057 | MANJU DEVI | MAHARANG BHUYAN | WARD 5 |
| 67 | 0320801787599570676 | 5995706 | MANO DEVI | UDESHWAR BHUIYAN | WARD 10 |
| 68 | 0320801787599572881 | 5995728 | MARIYAM TIGGA | BIRENDRA TIGGA | WARD 11 |
| 69 | 0320801787599571312 | 5995713 | MATHURA RAM | TAPESHWAR RAM | WARD 11 |
| 70 | 0320801787599609887 | 5996098 | MINA DEVI | SHIVSAGAR UPADHYAY | WARD 6 |
| 71 | 0320801787599715525 | 5997155 | mohini DEVI | AWADH KUMAR | WARD 8 |
| 72 | 0320801787599632097 | 5996320 | NASO DEVI | RAMBRICH YADAV | WARD 5 |
| 73 | 0320801787599598347 | 5995983 | neha bano | mehatab ansari | WARD 1 |
| 74 | 0320801787599627580 | 5996275 | NIKHAT PRAWEEN | IRFAN ANSARI | WARD 6 |
| 75 | 0320801787599626781 | 5996267 | NIKHAT PRAWEEN | SADAM ANSARI | WARD 6 |
| 76 | 0320801787599571845 | 5995718 | PRAMILA DEVI | DINESH BHUIYAN | WARD 10 |
| 77 | 0320801787599760112 | 5997601 | PRAMILA DEVI | SHANKAR YADAV | WARD 4 |
| 78 | 0320801787599567625 | 5995676 | PRAMOD BHUIYAN | GUJAR BHUIYAN | WARD 14 |
| 79 | 0320801787599628440 | 5996284 | PRITI KUMARI | RAHUL KUMAR PANDEY | WARD 6 |
| 80 | 0320801787599621445 | 5996214 | PUJA DEVI | ANIL KUMAR YADAV | WARD 4 |
| 81 | 0320801787599771789 | 5997717 | PUJA DEVI | VIKASH YADAV | WARD 5 |
| 82 | 0320801787599694976 | 5996949 | puja gupta | ravi kumar | WARD 8 |
| 83 | 0320801787599628190 | 5996281 | PUJA GUPTA | ANANT KUMAR GUPTA | WARD 6 |
| 84 | 0320801787570035949 | 5700359 | PUJA KUMARI | PARMESHWAR BHUIYAN | WARD 4 |
| 85 | 0320801787599607742 | 5996077 | PUSHPA DEVI | RAJESH PRASAD | WARD 7 |
| 86 | 0320801787599715725 | 5997157 | PUSHPA DEVI | NARAYAN PRASAD | WARD 8 |
| 87 | 0320801787599631681 | 5996316 | RADHA DEVI | HIRAMAN KUMAR YADAV | WARD 4 |
| 88 | 0320801787599655181 | 5996551 | RADHA DEVI | LATE LAKHAND YADAV | WARD 4 |
| 89 | 0320801787599658042 | 5996580 | RAJIYABIBI | MD AFROJ ANSARI | WARD 5 |
| 90 | 0320801787599771216 | 5997712 | RAUSHAN ARA | MD MURTAZA SHA | WARD 5 |
| 91 | 0320801787599751643 | 5997516 | RAUSHAN ARA | SARWAR ANSARI | WARD 12 |
| 92 | 0320801787599627129 | 5996271 | REKHA DEVI | MURARI SAW | WARD 6 |
| 93 | 0320801787599617339 | 5996173 | REKHA DEVI | SANJAY PRASAD | WARD 2 |
| 94 | 0320801787599751527 | 5997515 | REKHA DEVI | UPENDAR SHARMA | WARD 6 |
| 95 | 0320801787599770777 | 5997707 | RENU DEVI | SINOD BHUINYA | WARD 4 |
| 96 | 0320801787567448582 | 5674485 | RENU DEVI | SHMBHU KUMAR SHARMA | WARD 6 |
| 97 | 0320801787599612649 | 5996126 | RESHMA KHATOON | REYASAT ANSARI | WARD 3 |
| 98 | 0320801787599770162 | 5997701 | Reshma khatun | riyajul ansari | WARD 12 |
| 99 | 0320801787599630956 | 5996309 | RIMA KUMARI | SANTU PASWAN | WARD 4 |
| 100 | 0320801787599655229 | 5996552 | RINA DEVI | Birendra ram | WARD 4 |
| 101 | 0320801787599599968 | 5995999 | rina devi | PINTU RAM | WARD 1 |
| 102 | 0320801787599895541 | 5998955 | RINA KUMARI | RAHUL BHUIYAN | WARD 5 |
| 103 | 0320801787599655887 | 5996558 | RITA DEVI | DILIP RAM | WARD 4 |
| 104 | 0320801787599772429 | 5997724 | RITA DEVI | BAJRANG PRASAD | WARD 6 |
| 105 | 0320801787599703410 | 5997034 | ROKSHANA BIBI | ABDUL SHAMAD | WARD 12 |
| 106 | 0320801787599772173 | 5997721 | RUKSANA BANO | MD IMTIYAJ | WARD 6 |
| 107 | 208017870058200150 | 5671899 | RUKSANA KHATUN | SAUKAT ANSARI | WARD 2 |
| 108 | 0320801787599764363 | 5997643 | RUKSHANA KHATOON | WARIF KHAN | WARD 4 |
| 109 | 0320801787599657859 | 5996578 | SABITA DEVI | AJAY BHUIYAN | WARD 5 |
| 110 | 0320801787599923822 | 5999238 | SAFIYA BIBI | ABDUL KALAM KHAN | WARD 5 |
| 111 | 0320801787599771360 | 5997713 | SAHAJAHAN BIBI | SABIR ANSARI | WARD 5 |
| 112 | 0320801787599596766 | 5995967 | SAHINA KHATOON | SAIMUL ANSARI | WARD 1 |
| 113 | 0320801787599599281 | 5995992 | sahodar Devi | ayodhya prasad | WARD 1 |
| 114 | 0320801787599645073 | 5996450 | SAHODRI DEVI | MUNA BHUYAN | WARD 5 |
| 115 | 0320801787566356177 | 5663561 | SAIRA BIBI | JUMA MIYAN | WARD 5 |
| 116 | 0320801787599598077 | 5995980 | sakina bibi | irshad ansari | WARD 1 |
| 117 | 0320801787599610324 | 5996103 | SAKINA KHATOON | USMAN SAH | WARD 5 |
| 118 | 0320801787599917631 | 5999176 | SANDHYA DEVI | SANTOSH BHUIYAN | WARD 7 |
| 119 | 0320801787599573349 | 5995733 | SANDIP ORAON | SUKUL ORAON | WARD 11 |
| 120 | 0320801787599572154 | 5995721 | SANGITA DEVI | RAJESH BHUIYAN | WARD 10 |
| 121 | 0320801787599605614 | 5996056 | SANGITA devi | binod ram | WARD 12 |
| 122 | 0320801787599627919 | 5996279 | SANJU DEVI | SUNIL SHARMA | WARD 6 |
| 123 | 0320801787599572717 | 5995727 | SARITA DEVI | CHHOTU BHUIYAN | WARD 15 |
| 124 | 0320801787570040133 | 5700401 | SARITA DEVI | TUTU BHUIYAN | WARD 14 |
| 125 | 0320801787599605245 | 5996052 | SARITA KUWAR | JITAN RAM | WARD 12 |
| 126 | 0320801787569003872 | 5690038 | SARO DEVI | RAJU BHUIYAN | WARD 15 |
| 127 | 0320801787599620173 | 5996201 | SAROJ DEVI | NAKUL YADAV | WARD 4 |
| 128 | 0320801787599621551 | 5996215 | SAVITA DEVI | SANTOSH PASWAN | WARD 4 |
| 129 | 0320801787599574837 | 5995748 | SEEMA KUMARI | SANJAY KUMAR AGARWAL | WARD 8 |
| 130 | 0320801787570074547 | 5700745 | SHABANA PRAVIN | HUSAIN KHAN | WARD 6 |
| 131 | 0320801787599603728 | 5996037 | SHAHNAJ PARWEEN | TASLIM ANSARI | WARD 12 |
| 132 | 0320801787599572596 | 5995725 | SHAKUNTLA DEVI | GUDDU BHUIYAN | WARD 10 |
| 133 | 0320801787599656894 | 5996568 | SHAMA BIBI | ARASADUL KADIR | WARD 5 |
| 134 | 0320801787531934447 | 5319344 | SHANTI DEVI | HIRA RAM | WARD 1 |
| 135 | 0320801787568988171 | 5689881 | SHARDHA DEVI | MANISH KUMAR | WARD 14 |
| 136 | 0320801787599752417 | 5997524 | SHIDDIQUA PRAVEEN | SAHJAD KHAN | WARD 5 |
| 137 | 0320801787599573588 | 5995735 | SHILA DEVI | BALRAM PRAJAPATI | WARD 10 |
| 138 | 0320801787599620956 | 5996209 | SHILA DEVI | GOVIND RAM | WARD 6 |
| 139 | 0320801787599613992 | 5996139 | SHITAL DEVI | RAHUL KUMAR RAM | WARD 3 |
| 140 | 0320801787599612871 | 5996128 | SITARA JAMI | RASID ANSARI | WARD 3 |
| 141 | 0320801787599945013 | 5999450 | SONI KUMARI | PAWAN BHUIYAN | WARD 3 |
| 142 | 0320801787599895687 | 5998956 | SUMAN DEVI | BABLU BHUIYAN | WARD 10 |
| 143 | 0320801787599567535 | 5995675 | SUMITRA DEVI | DEV CHARAN ORAON | WARD 13 |
| 144 | 0320801787599609426 | 5996094 | SUMNTI KUMARI | SUMANT RAM | WARD 6 |
| 145 | 0320801787570149780 | 5701497 | SUNITA KUMARI | RISHI KUMAR | WARD 14 |
| 146 | 0320801787599655560 | 5996555 | SUNITA SINHA | PRAMOD KUMAR SINHA | WARD 4 |
| 147 | 0320801787599771052 | 5997710 | SUSHAMA DEVI | SHAMBHU NATH DUBEY | WARD 10 |
| 148 | 0320801787599573010 | 5995730 | SUSHILA DEVI | RUREN PRASAD GUPTA | WARD 10 |
| 149 | 0320801787599771838 | 5997718 | SUSHMA DEVI | MUNNA PRASAD | WARD 6 |
| 150 | 0320801787599598628 | 5995986 | tabsun khatun | md dilshad hawari | WARD 1 |
| 151 | 208017870066000102 | 5019020 | TARA DEVI | MOHAN RAM | WARD 12 |
| 152 | 0320801787599614053 | 5996140 | TETARI DEVI | RAJESH PASWAN | WARD 3 |
| 153 | 0320801787599655392 | 5996553 | TETRI DEVI | BADRI MOCHI | WARD 4 |
| 154 | 0320801787599762562 | 5997625 | UDIT KUMAR | NIME YADAV | WARD 4 |
| 155 | 0320801787599570259 | 5995702 | UMA KUMARI | PANKAJ PRASAD | WARD 11 |
| 156 | 0320801787599751925 | 5997519 | UNI DEVI | CHANDAN KUMAR YADAV | WARD 5 |
| 157 | 0320801787599770897 | 5997708 | UNTI DEVI | binod ram | WARD 4 |
| 158 | 0320801787599628522 | 5996285 | VINITA GUPTA | MOHIT KUMAR GUPTA | WARD 6 |

अतः उपरोक्त आवेदको के संबंध में किसी व्यक्ति को आपत्ति हैं तो सात दिनों के अंदर कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार में आकर अपना अपत्ति दर्ज कर सकते है एवं उक्त अवधि बीत जाने के उपरांत बाद में किया गया कोई भी दावा भविश्य में मान्य नहीं होगा।

प्रशासक,
नगर पंचायत,लातेहार

PR 317157 Urban Development(23-24).D

**सुप्रभात**

**पैसा तो सब कमाते हैं, दुआएं कमाओ क्योंकि दुआएं वहीं काम आती है जहां पैसा काम नहीं आता : अज्ञात**

# इंडी गठबंधन का बिखरना

*राजनीति* की समझ रखने वाले अधिकतर व्यक्तियों का अंदेशा सही साबित हुआ कि इंडी नामक विपक्षी गठबंधन में चूंकि वैचारिक साम्यता नहीं है इसीलिए इसकी एकजुटता प्रारंभ से ही संदिग्ध रही है। उससे जुड़े दल मोदी विरोध पर तो एकमत हैं किंतु आपसी विश्वास नजर नहीं आने से एक कदम आगे, दो कदम पीछे वाली स्थिति बनी हुई है। एक तरफ तो भाजपा अपनी व्यूह रचना मजबूत करती जा रही है वहीं विपक्षी दलों में सीटों के बंटवारे की गुत्थी उलझती जा रही है। सीट के बंटवारे की वेला समीप आते ही, गठबंधन तिनकों की तरह बिखरता जा रहा है। भारतीय राजनीति का इतिहास खंगालें तो पिछले 75 वर्षों में न जाने कितने गठबंधन बने और बिखरे, और पुनः बने। चूंकि विपक्ष की नियति टूटने की है, लिहाजा बार-बार गठबंधन करना पड़ता है। यह नियति हम जनता पार्टी के दौर से देखते आ रहे हैं। 2014 में केंद्र में मोदी सरकार के गठन के बाद से हर बीतते वर्ष के साथ विपक्ष की राजनीति की कांति लगातार प्रभावहीन हो रही है। मोदी सरकार के नौ वर्षों के कामकाज के बाद विपक्ष ने बड़ा साहस और शक्ति जुटाकर इंडिया गठबंधन का गठन किया था। गठबंधन के बाद विपक्ष ने मीडिया और प्रचार तंत्र के माध्यमों से ऐसा वातावरण और संदेश देने का काम किया था कि इस गठबंधन के सामने भाजपानीत एनडीए गठबंधन टिक नहीं पाएगा। लेकिन गठबंधन की पहली बैठक के समय से ही जिस तरह की चालाकी और व्यवहार गठबंधन में शामिल घटक दलों के नेता एक दूसरे के साथ कर रहे थे, उससे ऐसा प्रतीत हो रहा था कि इस गठबंधन की आयु दीर्घ नहीं होगी। लेकिन इतनी छोटी होगी कि वो चुनाव से पहले ही बिखर जाएगा, इसकी उम्मीद तो किसी को भी नहीं थी।विपक्षी गठबंधन अपने अस्तित्व के लगभग सात माह के दौरान चाय-नाश्ते पर बैठकें तो कर सका, लेकिन सीटों के बंटवारे, सचिवालय, संयोजक, साझा न्यूनतम कार्यक्रम, साझा नारा, ध्वज आदि पर आज तक सहमत नहीं हो सका है। अब तो अलगाव की नौबत भी आ गई है। बंगाल के अलावा, पंजाब की घोषणा भी अलगाववादी है। बिहार से भी जो समाचार आ रहे हैं, उनके मुताबिक नीतीश कुमार इंडिया गठबंधन का साथ छोड़कर एनडीए का हिस्सा बन सकते हैं। विपक्ष के सामने चुनौती है कि कैसे भाजपा को लगातार तीसरी बार चुनाव जीतने से रोका जाए और तमाम सर्वे कह रहे हैं कि प्रधानमंत्री देश के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। ऐसी स्थिति में मोदी का मुकाबला कैसे होगा ये अहम प्रश्न है? पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी ने तृणमूल कांग्रेस और पंजाब में भगवंत मान ने आम आदमी पार्टी की ओर से घोषणाएं की हैं कि वे अकेले ही सभी सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस के साथ कोई गठबंधन नहीं होगा। अलबत्ता उन्होंने ह्यइंडियाह्न का हिस्सा बने रहने की भी घोषणाएं की हैं। अपने प्रभाव क्षेत्रों के बाहर गठबंधन के मायने क्या हैं? यदि ये घोषणाएं ह्यअंतिमह्न हैं, तो भाजपा की चुनावी संभावनाएं बढ़ सकती हैं। ममता और भगवंत मान दोनों ही अपने-अपने राज्य के मुख्यमंत्री हैं।

> **भारतीय राजनीति का इतिहास खंगालें तो पिछले 75 वर्षों में न जाने कितने गठबंधन बने और बिखरे, और पुनः बने। चूंकि विपक्ष की नियति टूटने की है, लिहाजा बार-बार गठबंधन करना पड़ता है। 2014 में केंद्र में मोदी सरकार के गठन के बाद से हर बीतते वर्ष के साथ विपक्ष की राजनीति की कांति लगातार प्रभावहीन हो रही है। मोदी सरकार के नौ वर्षों के कामकाज के बाद विपक्ष ने बड़ा साहस और शक्ति जुटाकर इंडिया गठबंधन का गठन किया था। गठबंधन के बाद विपक्ष ने मीडिया और प्रचार तंत्र के माध्यमों से ऐसा वातावरण और संदेश देने का काम किया था कि इस गठबंधन के सामने भाजपानीत एनडीए गठबंधन टिक नहीं पाएगा।**

इन दिनों

# छात्रों के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के बीच संतुलन



**'धर्मेन्द्र प्रधान'**

*छात्रों* को अक्सर कड़े प्रतिस्पर्धी माहौल व शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करने और शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को बनाये रखने के बीच नाजुक संतुलन कायम करने की विकट चुनौती का सामना करना पड़ता है। परीक्षा अवधि के दौरान यह संतुलन विशेष रूप से महत्वपूर्ण हो जाता है जब छात्रों को शिक्षा संबंधी परेशानियों और अपने कार्य से जुड़ी चिंता का सामना करना पड़ता है, जिसका उनके मानसिक और सम्पूर्ण स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ता है। निस्संदेह, परीक्षा की तैयारी महत्वपूर्ण है। लेकिन इससे भी अधिक महत्वपूर्ण अध्ययन और स्वस्थ जीवन के बीच एक अच्छा संतुलन बनाकर रखना है। आज, परीक्षा में 'प्रदर्शन' छात्रों के संपूर्ण दिलो दिमाग पर इस कदर छाया हुआ है कि उन्हें शिक्षा से जुड़े परिणामों के अलावा कुछ भी दिखाई नहीं देता है। इस तरह के अक्खड़ विचार हमारे छात्रों को बर्बाद कर देते हैं और उनकी रचनात्मकता व प्रतिभा का गला घोंट देते हैं। हम सभी अच्छी तरह से जानते हैं कि प्रत्येक बच्चा विशिष्ट रूप से संपन्न है और सभी शैक्षणिक दृष्टि से उत्कृष्ट नहीं हो सकते। परीक्षा परिणाम के आधार पर हम किसी बच्चे की प्रतिभा का अनुमान नहीं लगा सकते। परीक्षा परिणाम किसी छात्र के जीवन में सफलता का एकमात्र पैमाना नहीं होना चाहिए। हम सभी- माता-पिता, शिक्षक, मित्र और परिवार- को मिलकर और एकजुटता से काम करना चाहिए ताकि बच्चे को उसकी पूरी क्षमता का एहसास कराने के लिए सौहार्दपूर्ण वातावरण प्रदान किया जा सके। परीक्षा में प्रदर्शन न केवल स्वाभाविक प्रतिभा पर निर्भर करता है, बल्कि स्वस्थ शरीर और तेज दिमाग जैसी कई चीजों पर भी निर्भर करता है, जो शारीरिक मजबूती को बढ़ाता है और मस्तिष्क तेजी से ध्यान केन्द्रित करता है। छात्र शैक्षणिक उत्कृष्टता हासिल करने के लिए परिवार, शिक्षकों और समाज की अपेक्षाओं का बोझ उठाते हैं। इससे एक अप्रिय स्थिति उत्पन्न हो जाती है जो उन्हें मानसिक रूप से कमजोर और शारीरिक रूप से थका देती है। कभी-कभी, थकान के कारण उनकी ऊर्जा खत्म हो जाती है और इसका असर उनके स्वास्थ्य और खुशहाली पर पड़ता है। अत्यधिक तनाव मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं जैसे चिंता, डिप्रेशन और नींद संबंधी विकारों का जोखिम बढ़ाने वाला कारक माना गया है। इसलिए, मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना अत्यावश्यक है। इन चुनौतियों पर काबू पाने के लिए, छात्र हमेशा सकारात्मक सोच रखें, एकाग्रता का स्तर बढ़ाएं और अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने के लिए व्यायाम, ध्यान और गहरी सांस लेने की आदत बनाएं, एक सुव्यवस्थित अध्ययन दिनचर्या स्थापित करें, कार्यों को प्रबंधनीय भागों में विभाजित करें और हासिल करने के यथार्थवादी शैक्षणिक लक्ष्य बनायें। परामर्श सेवाओं तक पहुंच और मानसिक स्वास्थ्य के बारे में खुली जानकारी प्रदान करने से फिक्र या अन्य मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं से जूझ रहे लोगों के लिए एक सहायक वातावरण भी बनता है। परीक्षा के दौरान छात्रों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को कैसे बनाये रखा जा सकता है, इसके लिए निम्नलिखित व्यापक तरीकों पर ध्यान देना शिक्षाप्रद होगाः छोटे ब्रेक और शारीरिक कार्यः शारीरिक स्वास्थ्य हमारी समग्र फिटनेस और स्फूर्ति को बनाये रखने के मूलभूत तत्वों में से एक है। नियमित व्यायाम न केवल हृदय स्वास्थ्य में सुधार करता है बल्कि तनाव को दूर करने के रूप में भी काम करता है। यह ज्ञान संबंधी कार्यों और जानकारी को याद रखने की क्षमता को बढ़ाता है, दोनों ही परीक्षा में प्रदर्शन में सुधार के लिए महत्वपूर्ण हैं। परीक्षा की तैयारी करते समय, छात्र हमेशा अपने स्वास्थ्य से अधिक प्राथमिकता अपनी पढ़ाई को देते हैं। हमें उन्हें स्ट्रेचिंग, वॉकिंग, जॉगिंग या योग जैसे कुछ शारीरिक कार्यों को शामिल करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए जो तनाव को काफी हद तक कम कर सकते हैं, जिससे छात्रों को अपने दिमाग को रिचार्ज करने में मदद मिलेगी। संतुलित आहार और पोषणः कठिन अध्ययन की मांग से निपटने और स्वस्थ रहने में पोषण महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भोजन ईंधन का काम करता है जो हमारे शरीर और दिमाग दोनों को पोषण देता है। हम जो भोजन खाते हैं उसकी गुणवत्ता हमारे सम्पूर्ण व मानसिक स्वास्थ्य का सार्थकता से निर्धारण करती है। एक सामान्य गलती जो छात्र इस महत्वपूर्ण अवधि के दौरान अक्सर करते हैं, वह है खराब खाना या घर पर बने पौष्टिक भोजन के स्थान पर जंक फास्ट फूड, चॉकलेट, एनर्जी ड्रिंक और चिप्स जैसे अस्वास्थ्य कर भोजन लेना। कभी-कभी वे चिंता और तनाव के कारण या परीक्षा की तैयारी के लिए अपना समय बचाने के लिए परीक्षा के दौरान भोजन भी छोड़ देते हैं। विटामिन, खनिज और फाइबर से भरपूर संतुलित आहार खाने से मस्तिष्क के अधिकतम कामकाज के लिए आवश्यक ऊर्जा मिलता है। पर्याप्त पानी की मात्रा को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है, लेकिन यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसकी कमी ज्ञान संबंधी क्षमताओं और एकाग्रता को काफी हद तक खराब कर सकती है। अच्छे स्वास्थ्य के लिए पर्याप्त नींदः परीक्षा के समय गुणवत्तापूर्ण नींद भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। नींद और जानकारी संबंधी कार्य, स्मरण शक्ति और भावनात्मक लचीलेपन के बीच सीधा संबंध है। छात्रों को रोजाना एक ही समय पर बिस्तर पर जाकर और जागकर नींद का लगातार एक ही पैटर्न बनाकर रखना चाहिए। जो छात्र रात में उचित मात्रा में नींद लेते हैं वे हमेशा बेहतर याद रखने और बेहतर प्रदर्शन करने में सक्षम होते हैं। अच्छी नींद भी अच्छे स्वास्थ्य के लिए एक न्यूनतम शर्त है। सहायक और उत्साहवर्धक वातावरणः हमें एक अनुकूल वातावरण बनाना चाहिए जहां छात्र अपनी चिंताओं पर चर्चा कर सकें और अपने माता-पिता और शिक्षकों से सहयोग ले सकें। तनाव, चिंता या अन्य मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने के लिए परामर्श सेवाओं तक पहुंच प्रदान करना सर्वोच्च संस्थागत प्राथमिकता बनी रहनी चाहिए। हमें परीक्षा के दबाव के बारे में खुले संवाद को प्रोत्साहित करना चाहिए और मनोवैज्ञानिक रूप से उलझे बिना इससे प्रभावी ढंग से निपटना चाहिए। व्यायाम और ध्यान (मेडिटेशन) का अभ्यासः परीक्षा के तनाव को प्रभावी ढंग से संभालने के लिए ध्यान एक महत्वपूर्ण दिनचर्या हो सकती है। छात्रों को ध्यान, गहरी सांस लेना या योग जैसी तकनीकों का अभ्यास करना चाहिए जो मन को शांत करने, एकाग्रता में सुधार लाने और चिंता को कम करने में मदद कर सकते हैं। ये अभ्यास तनाव को कम करने व मानसिक कल्याण को बढ़ाने में मदद कर सकते हैं। समय प्रबंधनः छात्रों को अंतिम समय सीमा के दौरान पढ़ाई का समय प्रबंधित करने की रणनीति अपनानी चाहिए। हम सभी जानते हैं कि इलेक्ट्रॉनिक माध्यम पर अत्यधिक निर्भरता के कारण छात्रों का स्क्रीन टाइम कैसे बढ़ गया है। हम समझते हैं कि वर्तमान समय में इलेक्ट्रॉनिक माध्यम एक आवश्यकता बन गया है। लेकिन, हमारे छात्रों को संतुलन बनाने की जरूरत है। शायद परीक्षा की तैयारी के लिए कुछ गुणवत्तापूर्ण समय खाली रखने के लिए डिजिटल डिटॉक्स आवश्यक होगा। निष्कर्षतः, परीक्षा के दौरान छात्रों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना उनकी सम्पूर्ण सफलता का अभिन्न अंग है। छात्रों के स्वास्थ्य का ध्यान रखने से उनके शिक्षा संबंधी प्रदर्शन में सुधार आता है। यह उन्हें परीक्षा हॉल के बाहर आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार करता है। हम छात्रों से स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने और प्रभावी समय प्रबंधन रणनीति के अलावा शारीरिक व्यायाम और ध्यान, डिजिटल डिटॉक्स, मानसिक कल्याण, गुणवत्तापूर्ण नींद और स्वस्थ आहार का पालन करने का आह्वान करते हैं। (**लेखक, भारत सरकार में शिक्षा और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री हैं**)

> **परीक्षा के दौरान छात्रों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को कैसे बनाये रखा जा सकता है, इसके लिए निम्नलिखित व्यापक तरीकों पर ध्यान देना शिक्षाप्रद होगाः छोटे ब्रेक और शारीरिक कार्यः शारीरिक स्वास्थ्य हमारी समग्र फिटनेस और स्फूर्ति को बनाये रखने के मूलभूत तत्वों में से एक है। नियमित व्यायाम न केवल हृदय स्वास्थ्य में सुधार करता है बल्कि तनाव को दूर करने के रूप में भी काम करता है। यह ज्ञान संबंधी कार्यों और जानकारी को याद रखने की क्षमता को बढ़ाता है, दोनों ही परीक्षा में प्रदर्शन में सुधार के लिए महत्वपूर्ण हैं।**

## आपकी बात

### एन.सी.सी अधिकारी के कंधे पर चमकेंगे दो सितारे



शा. बालक उ.मा. विद्यालय, नागदा की एन.सी.सी अधिकारी को 24 जनवरी को एन.सी.सी ग्रुप कमांडर, इंदौर ब्रिगेडियर सौरभ जैन एवं यूनिट कमांडर 21 म. प्र. बी. एन. एन. सी. सी., रतलाम के कर्नल हर्ष सेठी द्वारा दो सितारे रैंक लगाकर पदोन्नत किया गया। उनकी इस उपलब्धि पर माता-पिता दिनेश मालू, शकुंतला मालू, बहन डॉ. रीना मालपानी, रक्षा मंत्रालय में लेखा अधिकारी रवि मालपानी, विधायक डॉक्टर तेज बहादुर सिंह जी चौहान, नगर पालिका अध्यक्ष संतोष ओपी गेहलोत, सी.एम अतुल, सांसद जी प्रतिनिधि प्रकाश जैन, जिला शिक्षा अधिकारी आनंद शर्मा, एस.डी.एम एस.एन.सोनी, सी.एम.ओ. जाट, डॉ. एस. जोशी, डॉ. अरुण सिंह, डॉ शैलेंद्र शर्मा, डॉ. हिमांशु पांडे, माहेश्वरी समाज के वरिष्ठ गोविंद जी मोहता, अध्यक्ष महेन्द्रजी बिसानी, सतिशजी बजाज, रमेशजी मोहता, कर्नल सौरभ मिश्रा, एन.सी.सी. अधिकारी सुरेंद्र सिंह चौहान, एन.सी.सी. अधिकारी के. सी. मिश्रा, प्राचार्य प्रतिभा बोराल समस्त शाला परिवार, नागदा शहर के समस्त गणमान्य नागरिकों एवं ईस्ट मित्रों द्वारा हर्ष जताते हुए बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी गई।

### क्षतिग्रस्त नालियों से परेशानी

पलामू प्रमंडल के एकमात्र नगर निगम मेदिनीनगर में चारो तरफ क्षतिग्रस्त नालियों से नागरिकों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। नालियों के क्षतिग्रस्त हो जाने से जहां गंदगी मिश्रित पानी सड़क पर बह रहा है। वहीं उसकी सडांध से लोगों का सांस लेना भी मुश्किल हो रहा है। इसके साथ ही मच्छरों की तादात बढ़ जाने से क्षेत्र में संक्रामक बीमारियों का प्रसार भी बढ़ गया है। दूसरी तरफ नालियों के मलबे के कारण आये दिन लोग दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। बार-बार ध्यान आकृष्ट कराने के बाद भी नगर निगम द्वारा नालियों का मरम्मत नहीं कराये जाने से समस्या बढ़ती जा रही है। स्थिति यह हो गयी है कि अब क्षतिग्रस्त नालियों मेदिनीनगर की पहचान बनती जा रही हैं। कई बार जानवर भी नालियों में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। कई स्थानों पर तो नालियों का पानी आवासों में प्रवेश कर रहा है। नगर निकाय चुनाव नहीं होने से जन प्रतिनिधि भी नहीं है।

**- राजेश चौबे, जनकपुरी डालटनगंज**

गांधी जी की 76वीं पुण्यतिथि पर विशेष

# गांधी के विचार सदा विश्व में मानव का मार्ग प्रशस्त करते रहेंगे



**विजय केसरी**

*आज* के ही दिन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की निर्मम हत्या कर दी गई थी। उनकी हत्या के पीछे सोच यह थी कि हाड़ - मांस से निर्मित गांधी के असमय दुनिया से विदा हो जाने के बाद गांधी युग का अंत हो जायेगा। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। गांधी जीवित रहकर जितना अपने विचारों को फैला सकते थे, मरणोपरांत भी उनके विचार लोगों तक पहुंचते रहे। गांधी मर कर भी अपने विचारों के बल पर आज भी लोगों से संवाद करते दिख रहे हैं। गांधी के विचार सदा विश्व मानव के मार्ग प्रशस्त करतें रहेंगे। गांधीजी की राजनीति सत्य और अहिंसा पर आधारित है। उनका शरीर पंचतत्व में विलीन जरूर हो गया था, किंतु उनके विचार आज भी हमारे बीच मौजूद है। यह गांधी के जीवन की उत्कृष्टता है। उनके विचार कालजयी बन गये। गांधी के विचार सदियों तक आने वाली पीढ़ियों के मार्ग प्रशस्त करते रहेंगे। गांधी का जीवन कथनी का नहीं बल्कि करनी का था। आज की बदली परिस्थिति में महात्मा गांधी के जीवन को समग्रता में देखने और उनके विचारों पर चलने की जरूरत है। महात्मा गांधी हम लोगों की तरह ही एक साधारण व्यक्ति थे। लेकिन उन्होंने अपने कृतित्व के माध्यम से साधारण जीवन को एक असाधारण में बदल कर रख दिया था। उन्होंने ऐसा कुछ भी नहीं किया था, जो हम सब नहीं कर सकते थे। उन्होंने वही किया, जो हमारे धर्म ग्रंथों में वर्णित है । धर्म - ग्रंथ हम सब जरूर पढ़ते हैं। विचार करते हैं। लेकिन उन विचारों पर पूरे मन से चल नहीं पाते हैं। महात्मा गांधी ने उन विचारों पर चलकर अपने जीवन को सफल बना दिया। गांधी के विचार कोई नूतन विचार नहीं है, बल्कि हमारे महापुरुषों ने जो कहा, अपने जीवन में अनुभव किया, सिखाया, उन्ही विचारों को महात्मा गांधी ने आत्मसात किया। महात्मा गांधी का जीवन हम सबों को सतत संघर्ष करना और जूझना सिखाता है। उनके जीवन में हर नाम की कोई चीज दिखती नहीं है। सतत संघर्ष का तात्पर्य यह है कि जीवन परेशानियों और कई जटिलताओं से परिपूर्ण होता है। अर्थात इन परेशानियों को पराजीत कर ही हम सब कुछ हासिल कर पाते हैं। हमारा सतत संघर्ष ही जीत दिलाती है।

> **गांधी जीवित रहकर जितना अपने विचारों को फैला सकते थे, मरणोपरांत भी उनके विचार लोगों तक पहुंचते रहे। गांधी मर कर भी अपने विचारों के बल पर आज भी लोगों से संवाद करते दिख रहे हैं।**



**बोधि वृक्ष**

## किन्नर कैलाश का धार्मिक महत्व

यह मूल रूप से एक चट्टान स्तंभ है जो चट्टान के स्लैब पर बड़े करीने से संतुलित है और एक त्रिशूल जैसा भी दिखता है। पास में ही पार्वती कुंड है, जो समुद्र तल से 14900 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। प्रचलित मान्यता के अनुसार, इस कुंड का निर्माण स्वयं देवी पार्वती ने किया था। साथ ही, यह भगवान शिव और देवी का मिलन स्थल था, इसलिए इसे 'आशिकी पार्क' भी कहा जाता था। एक अन्य पौराणिक मान्यता के अनुसार, भगवान शिव हर शीतकाल में किन्नर कैलाश में देवी-देवताओं की बैठक आयोजित करते थे।


**किन्नर कैलाश तक ट्रैकिंग मार्ग**

14 किमी लंबा यह ट्रेक निस्संदेह कठिन है, लेकिन जादुई रूप से फायदेमंद भी है। यदि आप कभी भी इस चुनौती को स्वीकार करते हैं, तो सुनिश्चित करें कि आपको आस-पास और प्रकृति के सुंदर परी दृश्यों से पुरस्कृत किया जाये। बर्फ से ढके ठंडे पहाड़ों, हरे-भरे सेब के बागानों और शानदार परिदृश्य के मनमोहक दृश्य, यह सब कुछ है कल्पना कर सकते हैं। यह ट्रेक आपको भव्य सांगला घाटी और हंगरंग घाटी के माध्यम से ले जायेगा, जहां प्रकृति को उसके शुद्धतम रूप में अनुभव किया जा सकता है।

इस पथ का प्रारंभिक बिंदु हिमाचल प्रदेश में तांगलिंग गांव (बेस कैंप) है। यह खूबसूरत गांव सतलुज नदी के तट पर 7050 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। वहां से, आप या तो रोमांचक लेकिन खतरनाक झूला पुल (लटकता हुआ पुल) या शोंगटोंग ब्रिज ले सकते हैं। तांगलिंग से, आप मलिंग खाता (8 किमी) तक ट्रेक करें, फिर पार्वती कुंड (5 किमी) तक आगे बढ़ें, और वहां से, एक किलोमीटर का ट्रेक आपको आपके गंतव्य, किन्नर शिवलिंग तक ले जायेगा।

**(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से




## X - से




**अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com**

# हिन्दु समाज का धैर्य ज्ञानवापी और ओवैसी



**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

*भारतीय* पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की रिपोर्ट ज्ञानवापी पर अब बहुत कुछ साफ बता रही है कि कैसे हिन्दू सनातन प्राचीन संस्कृति और सभ्यता को वाराणसी से नष्ट किया गया और सत्ता के वर्चस्व में भय के वातावरण से बहुसंख्यक हिन्दुओं को इतना भयभीत कर दिया कि वह अपने ऊपर जबरन लादे गये इस कलंक को समय के कालखण्ड में मिटा नहीं सके। अब जब भारतीय संविधान के प्रकाश में इस देश का हिन्दू समाज अपने हक की लड़ाई लड़ रहा है तो कई लोग इस बात को हजम नहीं कर पा रहे हैं। आज उन्हीं में से एक हैं ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के मुखिया असदुद्दीन ओवैसी, जिनकी खुलकर हिन्दू विरोधी भड़ास एक बार फिर बाहर आई है। वे कई अवसरों पर ये बता भी चुके हैं कि उन्हें संवैधानिक व्यवस्थाओं पर भरोसा नहीं है। राममंदिर का निर्णय उच्चतम न्यायालय से आया, किंतु आज भी वे बार-बार मुसलमानों के साथ अन्याय होने का जिक्र कर रहे हैं और उन्हें भड़काने में सबसे आगे रहते हैं। अब एएसआई की रिपोर्ट सार्वजनिक होने के बाद से कह रहे हैं कि हिन्दुत्व की गुलाम है भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण। ओवैसी का कहना है कि ज्ञानवापी पर आई एएसआई की रिपोर्ट किसी भी पेशेवर पुरातत्ववेत्ता और इतिहासकार के सामने टिकेगी नहीं। यह रिपोर्ट अनुमानों पर आधारित है और विज्ञान सम्मत शोध का मजाक है। वस्तुतः ओवैसी ने यह कहकर बता दिया है कि वे किसी भी हाल में हिन्दू सनातन धर्म के पक्ष में सामने आये सच को स्वीकार्य करनेवाले नहीं हैं। हिन्दुत्व और हिन्दुओं से उन्हें इतनी अधिक नफरत है कि हिन्दुस्तान में रहते हुए वे उसी बहुसंख्यक हिन्दू समाज के मान बिन्दुओं का अपमान करते हैं, जिसके कारण से भारत वर्ष पूरे विश्व में जाना जाता है। वस्तुतः ज्ञानवापी मस्जिद पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण आज अनेक साक्ष्यों के साथ बता रहा है कि कैसे एक प्राचीन वैभवशाली ज्ञान परंपरा और संस्कृति को इस्लामिक आक्रान्ताओं ने नष्ट कर दिया था और एक जागृत मंदिर को मस्जिद में बदल दिया गया।

> **ओवैसी का कहना है कि ज्ञानवापी पर आई एएसआई की रिपोर्ट किसी भी पेशेवर पुरातत्ववेत्ता और इतिहासकार के सामने टिकेगी नहीं। रिपोर्ट अनुमानों पर आधारित है व विज्ञान सम्मत शोध का मजाक है।**

## टेक वर्ल्ड

### व्हाट्स स्टेटस को इंस्टाग्राम पर शेयर करने का आसान तरीका

*दुनिया* भर में लोग व्हाट्सएप को अपनी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बना चुके हैं। इस मैसेजिंग ऐप ने उन्हें अपने विचारों, तस्वीरों और वीडियो स्टेटस के माध्यम से अपने दोस्तों और परिवार से जुड़े रहने का मौका दिया है। हाल ही में आई एक नई अपडेट ने इस सोशल मीडिया के सीमाओं को और भी बढ़ा दिया है। अब व्हाट्सएप स्टेटस को इंस्टाग्राम पर भी साझा किया जा सकता है। यह नई सुविधा व्हाट्सएप यूजर्स को अपने स्टेटस को इंस्टाग्राम स्टोरीज में सीधे शेयर करने की अनुमति देती है। यह एक सरल प्रक्रिया है जो उपयोगकर्ताओं को इंस्टाग्राम पर भी व्हाट्सएप की व्यापकता का लाभ उठाने का अवसर देती है। इस नई फीचर का उपयोग करने के लिए, व्हाट्सएप स्टेटस सेक्शन में जाएं और वहां 'शेयर टू इंस्टाग्राम स्टोरीज' विकल्प को चुनें। इसके बाद, आपको इंस्टाग्राम ऐप में नेविगेट करके अपनी स्टोरीज में स्टेटस को पोस्ट करने की अनुमति मिलेगी।




यह सीधा प्रक्रिया व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम के इस्तेमाल को एक साथ जोड़कर, सोशल मीडिया अनुभव को और भी सुगम बनाती है। यह सुविधा व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम के इस्तेमाल को बेहतर तरीके से एक साथ जोड़कर, सोशल मीडिया अनुभव को और भी सुगम बनाती है। यह भी विदेशी ऐप्स की बढ़ती प्रतिस्पर्धा का हिस्सा है, जो अपने उपयोगकर्ताओं को नई और अनूठी सुविधाओं से लाभान्वित करने के लिए प्रतिस्पर्धा में बने रहने की कोशिश कर रहे हैं। **(क्रमशः)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. **RNI.** 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# अयोध्या पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ

## दर्शन व्यवस्था का लिया जायजा



**एजेंसी। अयोध्या**

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद दर्शन के लिए हर रोज भक्तों का तांता लगा हुआ है। एक बार फिर मंदिर में दर्शन के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद अयोध्या पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे। यहां से सड़क मार्ग से हनुमानगढ़ी के लिए रवाना हुए और हनुमंतलला के दर्शन करने के बाद राम जन्मभूमि पहुंचकर रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई। इसके बाद बड़ी संख्या में आ रहे श्रद्धालुओं की सुगम दर्शन व्यवस्था का जायजा लिया। जनवरी माह में सीएम का रामनगरी का यह छठा दौरा है। इससे पहले मुख्यमंत्री 9 जनवरी, 14 जनवरी, 19 जनवरी, 21-22 जनवरी और 23 जनवरी को अयोध्या पहुंचे थे। सोमवार को मुख्यमंत्री ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों से मंदिर परिसर में व्यवस्थाओं के संदर्भ में ना केवल जानकारी ली, बल्कि, खुद जमीनी स्तर पर व्यवस्थाओं को परखा और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। सीएम ने दर्शनार्थियों से भी बातचीत करके फीडबैक लिया।

# एक सप्ताह में पूरे देश में लागू होगा यूसीसी : शांतनु ठाकुर

**एजेंसी। कोलकाता**



मंत्री ने सोमवार को दक्षिण 24 परगना जिले में भाजपा के कार्यकताओं के एक बूथ-सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा

भाजपा के लोकसभा सदस्य और केंद्रीय राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर के इस दावे के बाद कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) राष्ट्रीय स्तर पर एक हफ्ते के अन्दर लागू होगा, पश्चिम बंगाल में राजनीतिक घमासान छिड़ गया है। मंत्री ने सोमवार को दक्षिण 24 परगना जिले में भाजपा के कार्यकताओं के एक बूथ-सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, कि मैं सीएए को राष्ट्रीय स्तर पर लागू करने की गारंटी दे सकता हूं। इसे एक सप्ताह के भीतर पश्चिम बंगाल समेत भारत के सभी राज्यों में लागू कर दिया जाएगा। वो तो आप सब खुद ही देख लेंगे। मैं इस मंच से यह गारंटी दे रहा हूं। टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि भाजपा हमेशा चुनाव से पहले ही सीएए का मुद्दा उठाती है। मुख्यमंत्री ने कहा यह चुनाव से पहले धार्मिक भावनाओं को भड़काने का जानबूझकर किया गया एक राजनीतिक प्रयास है। जब हर कोई नागरिक है तो सीएए मुद्दे को इतना तूल देने का क्या मतलब है? राज्य की महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग की मंत्री डॉ. शशि पांजा ने कहा कि पश्चिम बंगाल में सीएए की कोई आवश्यकता नहीं है, यहां हर कोई शांति से रह रहा है। पांजा ने कहा, बंगाल के वे निवासी जिन्हें सीएए के दायरे में लाने का प्रस्ताव है, उन्हें पहले से ही राशन मिल रहा है। वे बहुत शांति में हैं। मुख्यमंत्री ने भी उन्हें आश्वासन दिया है कि पश्चिम बंगाल में कोई सीएए लागू नहीं होगा।

# 'फर्जी जाति प्रमाणपत्र जारी करने को बनाया उद्योग'

**एजेंसी। कोलकाता**

सुप्रीम कोर्ट द्वारा कलकत्ता हाई कोर्ट में न्यायाधीश बनाम न्यायाधीश मामले में पश्चिम बंगाल में फर्जी प्रमाणपत्र से संबंधित केस को देशभर में सुर्खियों में ला दिया है। सुप्रीम कोर्ट की ओर से इससे संबंधित सभी मामले हाई कोर्ट से अपने पास स्थानांतरित करने और सभी संबंधित पक्षों को अपनी दलीलें पूरी करने का निर्देश देने के बाद भाजपा ने राज्य की ममता बनर्जी सरकार पर बड़ा हमला बोला है। पश्चिम बंगाल भाजपा के सह प्रभारी एवं भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने ममता बनर्जी सरकार पर फर्जी जाति प्रमाणपत्र जारी करने को उद्योग बनाकर राज्य के सामाजिक ताने-बाने को तार-तार करने का आरोप लगाया है। इसके साथ ही उन्होंने ओबीसी जातियों की सूची में मुसलमानों की लगभग सभी "जातियों" को शामिल कर व्यवस्थित रूप से ओबीसी हिंदू समुदाय को आरक्षण के लाभ से वंचित करने का आरोप लगाया है। मालवीय ने ममता सरकार पर निशाना साधते हुए सोमवार को एक्स पर पोस्ट कर कहा, ममता बनर्जी सरकार ने पश्चिम बंगाल में फर्जी जाति प्रमाण पत्र जारी करने को एक उद्योग बना दिया है, जिसके कारण हाशिए पर रहने वाले एससी और एसटी समुदायों के लाखों युवा- पुरुष और महिलाएं उन अवसरों से वंचित हो गए हैं, जो उनका अधिकार था।

अविराम ए ग्रुप ऑफ इस्टीच्यूशंस
टिको, कुड़ू, लोहरदगा एण्ड हूटाप चन्दवा, लातेहार
(बी. एड., डी. एल. एड., बी. एस. सी. नर्सिंग, ए. एन. एम.,डी. फार्मेसी)
की ओर से
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री इंद्रजीत भारती
सचिव
अविराज ए ग्रुप ऑफ इस्टीच्यूशंस

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
मो तारिक
समाजसेवी चंदवा

75 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर प्रदेशवासियुं को बहुत-बहुत शुभकामनाएं।
अजय प्रसाद गुप्ता
भाजपा युवा नेता सह जिला सांसद प्रतिनिधि चतरा लोकसभा, पांकी पलामू

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
ब्रह्मदेव प्रजापति
झामुमो युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष चंदवा

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
एकीकृत सहायक अध्यापक संघ चंदवा

75 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर जिलेवासियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं।
मुकेश कुमार चौधरी
थाना प्रभारी बारियातु

75 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर जिलेवासियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं।
केतन गुप्ता
प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी,बारियातु

75 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर जिलेवासियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं।
राज कुंवर सिंह
अंचलाधिकारी पांकी पलामू

75 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर जिलेवासियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं।
निवेदक प्रतिमा कुमारी
बीडीओ बारियातु लातेहार

75 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर जिलेवासियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं।
लव कुमार सिंह
भाजपा मंडल अध्यक्ष बारियातु

75 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर जिलेवासियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं।
कपिलदेव सिंह
अंचल नजारत बारियातु

75 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर जिलेवासियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं।
उपेंद्र नारायण सिंह
थाना प्रभारी पांकी पलामू

75 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर जिलेवासियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं।
श्री केदार गंझु
मुखिया बालूभांग पंचायत

75 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर जिलेवासियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं।
सुरेन्द्र यादव
रोजगार सेवक
पंचायत शिबला. बारियातु

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
फुलमंती देवी
मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र चौधरी
हासनदाग पंचायत।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
योगेंद्र साह
प्रबंधन समिति अध्यक्ष, प्राथमिक विद्यालय, खोनहर, केतार।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
शशि पासवान
युवा समाजसेवी
ग्राम+पोस्ट -राजी
प्रखंड-खरौंधी, गढ़वा।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
राघवेंद्र कु. बिहारी
प्रधानाध्यापक
उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिसरी
प्रखंड-खरौंधी, जिला-गढ़वा।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
राज बल्लभ कुमार
थाना प्रभारी
चिनीयां।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
कालिदास मुंडा
प्रखंड विकास पदाधिकारी
चिनिया।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
डॉ. विंदेश्वर विश्वकर्मा
समाजसेवी, बीजडीह
(केतार)।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
अरविंद यादव
झारखंड मुक्ति मोर्चा
प्रखंड अध्यक्ष
चिनिया।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
गोविंद उराँव
प्रधानाध्यापक
उत्क्रमित मध्य विद्यालय सुंडी
प्रखंड खरौंधी गढ़वा।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
कामेश्वर प्रसाद सिंह
प्रधानाध्यापक
उत्क्रमित मध्य विद्यालय
माझिगावां, प्रखंड खरौंधी, गढ़वा।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
पंकज सिंदूरिया
थाना प्रभारी
खरौंधी, गढ़वा।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
Service in Education Since 1992
G.N. CONVENT SCHOOL
AFFILIATED TO CBSE NEW DELHI UP TO 10+2 LEVEL
(CBSE Aff. No. - 3430381)
An ISO 9001:2015 Certified Institution
PURANI BAZAR, GARHWA, JHARKHAND- 822114
Salient Features
- Smart Classes
- Best Results
- Eco-friendly School Campus
- Round the clock security with CCTV
- Well equipped Library, Science Labs,
- Maths Labs and Computer Lab.
- Excellent Facilities with reasonable Fee Structure.
- Special attention on Girls Students Education policy.
- Admission in Science, Commerce & Arts.
ADMISSION OPEN
A Few Seats are Vacant in Class- 1 to 11th
Visit us at : www.gnconventschool.in
VACANCY FOR TEACHERS
PGT, TGT and PRTs are required for Science, Social Science, Computer, Science and Other All Subject for Jr.

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
देवदत्त प्रसाद आर्य
उपप्रमुख
प्रखंड खरौंधी
गढ़वा।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
विवेक कुमार पंडित
थाना प्रभारी
मझिआंव।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
रामजी प्रसाद गुप्ता
अंचलाधिकारी
मझिआंव।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
सतेंद्र दास
प्रधानाध्यापक
मध्य विद्यालय अरंगी
प्रखंड खरौंधी गढ़वा।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
संतोष कुमार सिंह
मुखिया प्रतिनिधि
पंचायत राजी
प्रखंड खरौंधी, गढ़वा।

कार्यालय नगर पंचायत मझिआँव
पत्रांक 74/ दिनांक 24/01/2024
गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर सभी नगर पंचायत मझिआँव वासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ।
आप सभी से अनुरोध है कि नगर पंचायत मझिआँव को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें एवं अपना धृति कर समय पर जमा कर नगर पंचायत मझिआँव को सुदृढ़ बनायें।
- निवेदक :-
शैलेश कुमार
कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत
मझिआँव।
ज्ञापांक 74/ दिनांक 24/01/2024

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
उमेश कुमार
जीपीएस
प्रखंड खरौंधी
गढ़वा।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
कुलदीप सिंह
पीडीएस डीलर
ग्राम मझिगावां
प्रखंड खरौंधी, गढ़वा।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
प्रवीण कुमार
प्रखंड समन्वयक
पंचायती राज
प्रखंड खरौंधी, गढ़वा।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
राधिका देवी
वार्ड सदस्य
वार्ड संख्या-14, सह एफएल सीआरपी, पंचायत खरौंधी, गढ़वा।

75वें गणतंत्र दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
रामगहन मेहता
मुखिया
पंचायत चन्दनी
प्रखंड खरौंधी, गढ़वा।

# आज न्यूजीलैंड से होगा भारतीय टीम का मुकाबला

## अंडर 19 विश्वकप सुपर सिक्स




**दोपहर 1.30 से होगा मैच**

**एजेंसी। ब्लोमफोंटेन**

भारतीय अंडर टीम मंगलवार को यहां अंडर 19 विश्व कप में सुपर सिक्स चरण के मुकाबले में न्यूजीलैंड से खेलेगी। भारतीय टीम ने अब तक अपने तीनो ही मैच जीते हैं जिससे उसके हौंसले बुलंद हैं और वह इस मैच में जीत की प्रबल दावेदार रहेगी। भारतीय टीम बांग्लादेश, आयरलैंड और अमेरिका को हराकर ग्रुप ए में शीर्ष पर रहने के साथ ही सुपर सिक्स में पहुंची है। भारतीय टीम ने इसी मैदान पर अपने तीनों मैच जीते हैं जिसके कारण भी भारतीय टीम यहां के हालातों को जानती है जिसका लाभ उसे कीवी टीम के खिलाफ मुकाबले में मिलेगा। दूसरी ओर न्यूजीलैंड टीम ईस्ट लंदन से आई है और उसके लिए एकदम से हालात के अनुरूप ढलना आसान नहीं होगा। की टीम ग्रुप डी में तीन मैचों में दो जीत के बाद दूसरे स्थान पर रही है पर उसके बल्लेबाज अब तक इस टूनार्मेंट में सहज नहीं दिखे और संघर्ष करते रहे हैं। अफगानिस्तान के खिलाफ 91 रन के लक्ष्य का पीछा करने में भी उसे आसानी से जीत नहीं मिली। इसके अलावा पाकिस्तान के खिलाफ उसे 10 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। उसे अगर जीत दर्ज करनी है तो बड़ा लक्ष्य भारतीय टीम को देना होगा।

पहले मैच में बांग्लादेश के खिलाफ हालांकि भारतीय टीम को कुछ संघर्ष करना पड़ा पर बचे हुए दोनों मैचों में भारत ने अच्छी जीत हासिल की। भारत के लिए सकारात्मक बात ये रही है कि एक या दो बल्लेबाजों ने जिम्मेदारी लेकर रन बनाए हैं। वहीं तीसरे नंबर के बल्लेबाज मुशीर खान ने भी लगातार अच्छी पारियां खेली हैं। सरफराज खान के छोटे भाई मुशीर एक शतक और एक अर्धशतक लगाकर सबसे अधिक रन बनाने वालों में तीसरे नंबर पर हैं।

वहीं बल्लेबाज आदर्श सिंह अच्छी शुरूआत को बड़ी पारियों में नहीं बदल पाए और ऐसे में अब उनका इरादा बड़ा स्कोर बनाने का होगा। इसके अलावा सलामी बल्लेबाज अर्शिन कुलकर्णी का आत्मविश्वास भी शतक के बाद बढ़ा है। भारतीय टीम के कप्तान उदय सहारन ने भी अब अच्छी बल्लेबाज की है और वह इस सिलसिले को बरकरार रखना चाहेंगे। वहीं गेंदबाजी में बायें हाथ के तेज गेंदबाज नमन तिवारी और स्पिनर सौम्य पांडे ने भी अब प्रभावी भूमिका निभाई है। पिछले दो मैचों में नमन ने चार जबकि सौम्य ने आठ विकेट लिए हैं।

### दोनों टीमें इस प्रकार हैं

**भारत :** उदय सहारन (कप्तान), अर्शिन कुलकर्णी, आदर्श सिंह, रुद्र मयूर पटेल, सचिन धस, प्रियांशु मोलिया, मुशीर खान, अरवेल्ली अवनीश राव, सौम्य कुमार पांडे, मुरुगन अभिषेक, इनेश महाजन, धनुष गौड़ा, आराध्या शुक्ला, राज लिम्बानी और नमन तिवारी

**न्यूजीलैंड :** आस्कर जैकसन (कप्तान), मेसन क्लार्क, सैम क्लोड, जैक कमिंग, रहमान हिकमत, टॉम जोंस, जेम्स नेलसन, स्नेहित रेड्डी, मैट रोव, एवाल्ड श्रूडर, लाचलान स्टैकपोल, ओलिवर तेवतिया, एलेक्स थॉम्पसन, रियान सोरगास, ल्यूक वाटसन।

# इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट से पहले भारत को झटका, राहुल-जडेजा बाहर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और मध्यक्रम के बल्लेबाज केएल राहुल 2 फरवरी से विशाखापत्तनम में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाले भारत के दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक बयान में कहा कि हैदराबाद में पहले टेस्ट के चौथे दिन भारत के 231 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए बल्लेबाजी के दौरान जडेजा को हैमस्ट्रिंग चोट लगी। वहीं, केएल राहुल को भी इस मैच के दौरान ही चोट लगी और अब यह दोनों खिलाड़ी अगला मैच नहीं खेल पाएंगे। पुरुष चयन समिति ने विशाखापत्तनम टेस्ट के लिए दाएं हाथ के बल्लेबाज सरफराज खान, बाएं हाथ के स्पिनर सौरभ कुमार और ऑफ स्पिन ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर को भारत की टेस्ट टीम में शामिल किया है।

जडेजा और राहुल की चोटें भारतीय टीम के लिए एक बड़ा झटका है। मेजबान टीम को पहले से ही विराट कोहली की कमी खल रही है, जो व्यक्तिगत कारणों से पहले दो टेस्ट से बाहर हैं। साथ ही वरिष्ठ तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी टखने की चोट से जूझ रहे हैं। वाशिंगटन ने भारत के लिए चार टेस्ट खेले हैं, जिसमें उनके नाम छह विकेट हैं। साथ ही उन्होंने तीन अर्द्धशतक लगाए हैं। मार्च 2021 में अहमदाबाद में इंग्लैंड के खिलाफ प्रारूप में अपनी आखिरी उपस्थिति के बाद उन्हें टेस्ट सेट-अप में वापस बुला लिया गया है। सौरभ मार्च 2022 में श्रीलंका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए भारत की टेस्ट टीम के सदस्य थे और उन्हें साल के अंत में बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए जडेजा के प्रतिस्थापन के रूप में बुलाया गया था। इस बीच सरफराज को भारतीय टेस्ट टीम में अपना पहला, लेकिन लंबे समय से प्रतीक्षित बुलावा मिल गया है। मुंबई के लिए घरेलू क्रिकेट के पिछले तीन सीजन में शानदार रन बनाने वाले सरफराज ने हाल ही में शानदार 161 रन बनाए, जिससे भारत ए ने अहमदाबाद में दूसरे चार दिवसीय मैच में इंग्लैंड लायंस को एक पारी और 16 रन से हरा दिया। इंग्लैंड के खिलाफ भारत का अगला टेस्ट मैच 2 फरवरी को विशाखापत्तनम में खेला जाएगा।



### इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए भारत की टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, श्रेयस अय्यर, केएस भरत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, जसप्रीत बुमराह (उप-कप्तान), आवेश खान, रजत पाटीदार, सरफराज खान, वाशिंगटन सुंदर, सौरभ कुमार।

# इंग्लैंड ने भारत की टेंशन बढ़ा दी : मार्क वुड




**एजेंसी। हैदराबाद**

इंग्लैंड के तूफानी तेज गेंदबाज मार्क वुड का कहना है कि राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में पहले टेस्ट में टीम की 28 रनों की जीत ने भारत को श्रृंखला के दूसरे मैच से पहले सोचने के लिए बहुत कुछ दिया है। सीरीज के पहले टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ रोहित शर्मा की अगुवाई में भारत ने शुरूआती दिनों में दबदबा बनाए रखा। ओली पोप की 196 रनों की शानदार पारी ने मैच की गति बदल दी, जिससे भारत को 231 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य मिला।

भारतीय बल्लेबाजी लाइनअप को टॉम हार्टले ने तहस-नहस कर दिया। युवा स्पिनर ने अंतिम पारी में 7 महत्वपूर्ण विकेट लिए और भारत को हार की तरफ धकेल दिया। जिससे उन्हें पांच मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त मिली।

वुड ने बीबीसी स्पोर्ट से कहा, उन्हें अब एक अलग योजना के साथ आना होगा। हमने केवल एक मैच जीता है और श्रृंखला में पांच हैं। हमने भारत को साबित कर दिया है कि यह एक लड़ाई होगी और हम हार नहीं मानने वाले हैं। कई लोग हमें लेकर कई तरह के सवाल उठा रहे थे, लेकिन, टीम को हमेशा खुद पर विश्वास था। हम जानते थे कि यह एक बहुत बड़ा काम होने वाला था, लेकिन यह एक बड़ी उपलब्धि है। अब हम जानते हैं कि हम यह कर सकते हैं और हमने भारत की टेंशन बढ़ा दी है। जब इंग्लैंड ने आखिरी बार 2021 में भारत का दौरा किया था, तो मेजबान टीम ने चेन्नई में श्रृंखला का पहला मैच हारने के बाद अत्यधिक स्पिन-अनुकूल पिचों पर 3-1 से श्रृंखला जीतकर वापसी की थी। इंग्लैंड के खिलाफ भारत का अगला टेस्ट मैच 2 फरवरी को विशाखापत्तनम में खेला जाएगा।

# भारत ने अपने अंतिम पूल बी मैच में जमैका को 13-0 से हराया

**एफआईएच हॉकी5एस पुरुष विश्वकप**




**एजेंसी। मस्कट**

एफआईएच हॉकी5एस पुरुष विश्व कप ओमान 2024 के अपने तीसरे और अंतिम पूल बी मैच में, भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने असाधारण प्रदर्शन करते हुए सोमवार को ओमान के मस्कट में जमैका पर 13-0 से शानदार जीत हासिल की। भारत ने शुरू से ही आक्रमण शुरू कर दिया, मनिंदर सिंह (2', 2') ने सटीक शॉट्स के माध्यम से दो त्वरित गोल किए। इसके बाद उत्तम सिंह (5') और मंजीत (5) ने भी एक-एक गोल किया और भारत ने मैच के पहले छह मिनट के भीतर ही 4-0 की मजबूत बढ़त बना ली।

पर्याप्त बढ़त स्थापित करने के बावजूद, भारत ने लगातार हमलां करना जारी रखा और जमैका की रक्षापंक्ति पर लगातार दबाव बनाए रखा। पवन राजभर (9') और गुरजोत सिंह (14') ने इन अवसरों का फायदा उठाया और छ मिनट के अंतराल पर दो गोल कर हाफटाइम तक भारत को 6-0 से आगे कर दिया।

दूसरे हाफ में भी भारत ने आक्रामक आक्रामक रणनीति बनाए रखी। यह दृष्टिकोण प्रभावी साबित हुआ और मोहम्मद राहील (16', 27'), मनदीप मोर (23', 27'), मंजीत (24'), और मनिंदर सिंह (28', 29') ने एक के बाद एक गोल कर भारत को 13-0 से जीत दिला दी।

गौरतलब है कि भारतीय टीम रविवार को अपने शुरूआती दो पूल बी मैचों में मिस्त्र से हारी थी और स्विट्जरलैंड को हराया था। हालांकि जमैका के खिलाफ जीत ने भारत को एफआईएच हॉकी5२ विश्व कप ओमान 2024 के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश दिला दिया है, जो 30 जनवरी को खेला जाना है।

# आईसीसी आचार संहिता का उल्लंघन करने पर बुमराह को फटकार




**एजेंसी। नई दिल्ली**

रविवार को हैदराबाद में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला के पहले मैच के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आधिकारिक फटकार लगाई गई है।

बुमराह को खिलाड़ियों और खिलाड़ी समर्थन कार्मिक के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.12 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो किसी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी, खिलाड़ी समर्थन कार्मिक, अंपायर, मैच रेफरी या किसी अन्य व्यक्ति (जिसमें एक दर्शक भी शामिल है) के साथ अनुचित शारीरिक संपर्क से संबंधित है।


इसके अलावा बुमराह के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है, जिनके लिए यह 24 महीने की अवधि में पहला अपराध था।

यह घटना इंग्लैंड की दूसरी पारी के 81वें ओवर में हुई, जब फॉलो थ्रू पूरा करने के बाद, बुमराह ने जानबूझकर ओली पोप के रास्ते में कदम रखा। जिससे अनुचित शारीरिक संपर्क हुआ।

बुमराह ने अपराध मान लिया और एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल ऑफ मैच रेफरी के रिची रिचर्डसन द्वारा प्रस्तावित सजा को स्वीकार कर लिया इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं पड़ी।

मैदानी अंपायर पॉल रिफेल और क्रिस गैफनी, तीसरे अंपायर माराइस इरास्मस और चौथे अंपायर रोहन पंडित ने आरोप लगाया था। लेवल 1 के उल्लंघनों में न्यूनतम जुमार्ना आधिकारिक फटकार, अधिकतम जुर्माना खिलाड़ी की मैच फीस का 50 प्रतिशत और एक या दो डिमेरिट अंक होते हैं।

## शुभमन की जगह खतरे में पड़ी, सरफराज और रजत दे रहे टक्कर




**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय टीम के युवा बल्लेबाज शुभमन गिल का प्रदर्शन पिछले कुछ समय से अच्छा नहीं रहा है और ऐसे में टीम में उनकी जगह खतरे में नजर आ रही है। पिछले कुछ समय में उनका औसत गिरकर औसत 13.20 पर पहुंच गया है। शुभमन के इस प्रदर्शन के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के लिए उन्हें टीम में बनाये रखना बेहद कठिन हो गया है। हैदराबाद टेस्ट में इंग्लैंड ने जिस प्रकार वापसी करते हुए जीत दर्ज की है। उसके बाद भारतीय टीम मैनेजमेंट को बड़ा फैसला लेना ही होगा। वहीं इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने साफ कहा कि शुभमन गिल को कोच राहुल द्रविड़ के साथ नेट्स पर समय बिताना चाहिए। भारत को इंग्लैंड के खिलाफ अगला टेस्ट मैच 2 फरवरी से विशाखापत्तनम में खेलना है।

# रुपे प्राइम वॉलीबॉल लीग 3 का आयोजन 15 फरवरी से



**चेन्नई करेगा मेजबानी**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ए23 द्वारा संचालित रूपे प्राइम वॉलीबॉल लीग के बहुप्रतीक्षित तीसरा संस्करण 15 फरवरी, 2024 से शुरू होगा और इसकी मेजबानी खूबसूरत शहर चेन्नई करेगा।

नौ फ्रेंचाइजी - अहमदाबाद डिफेंडर्स, बेंगलुरु टॉरपीडो, कालीकट हीरोज, चेन्नई ब्लिट्ज, दिल्ली तूफान्स, हैदराबाद ब्लैक हॉक्स, कोच्चि ब्लू स्पाइकर्स, कोलकाता थंडरबोल्ट्स और मुंबई मेटियर्स इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी के लिए प्रतिस्पर्धा करते हुए दिखेंगे। फाइनल मुकाबला एसडीएटी मल्टी-पर्पज इंडोर स्टेडियम में 21 मार्च को खेला जाएगा। मौजूदा चैंपियन अहमदाबाद डिफेंडर्स 15 फरवरी को टूर्नामेंट के शुरूआती मैच में मेजबान चेन्नई ब्लिट्ज से भिड़ेंगे, जबकि पिछले साल की उपविजेता बेंगलुरु टॉरपीडोज उसी दिन सीजन 1 के विजेता कोलकाता थंडरबोल्ट्स से भिड़ेंगी। ए23 द्वारा संचालित भारत की एकमात्र वॉलीबॉल लीग की मार्केटिंग अग्रणी स्पोर्ट्स मार्केटिंग फर्म-बेसलाइन वेंचर्स द्वारा किया जाता है। यह इस लीग में सह-स्वामित्व भी रखते हैं।

# एशियाई खेलों के पदक विजेता अविनाश पारुल प्रशिक्षण के लिए जाएंगे विदेश




**एजेंसी। नई दिल्ली**

इस साल के अंत में होने वाले पेरिस ओलंपिक खेलों में अच्छा प्रदर्शन करने पर अपनी नजरें टिकाए हुए धावक अविनाश साबले, पारुल चौधरी और पिछले साल के एशियाई खेलों के पदक विजेता पहलवान अंशू मलिक और सरिता मोर प्रशिक्षण के लिए विदेश जाने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में शामिल हैं। युवा मामले और खेल मंत्रालय ने अपनी नई बैठक में कई एथलीटों के विदेश में प्रशिक्षण लेने के अनुरोध को मंजूरी दे दी, जिसमें एशियाई खेलों के पदक विजेता अविनाश साबले और पारुल चौधरी अमेरिका जा रहे हैं।

पहलवान अंशू मलिक और सरिता मोर जापान और अमेरिका में प्रशिक्षण ले रहे हैं। जबकि टेबल टेनिस खिलाड़ी पायस जैन ओसाका, जापान जा रहे हैं। राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक सेबल और चौधरी कोलोराडो स्प्रिंग्स के उच्च-ऊंचाई वाले केंद्र में कोच स्कॉट सिमंस के तहत प्रशिक्षण लेंगे। पहलवान सरिता मोर ओलंपिक/ पैरालंपिक प्रशिक्षण केंद्र (यूएसओपीटीसी) का नेतृत्व करेंगी, जो कई स्टार खिलाड़ियों का प्रशिक्षण आधार है। इस बीच, पहलवान अंशू मलिक योकोहामा के निप्पॉन स्पोर्ट्स साइंस यूनिवर्सिटी (एनएसएसयू) में प्रशिक्षण लेने के लिए जापान के कानागावा जाएंगे।

## खबरें व्यापार जगत की

# बजट का बाजार पर बड़े पैमाने पर असर पड़ने की संभावना नहीं



**एजेंसी। नई दिल्ली**

इस सप्ताह दो महत्वपूर्ण घटनाएं होने वाली हैं: अंतरिम बजट और दर निर्णय पर फेड की बैठक। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार कहते हैं लेकिन इन घटनाओं का बाजार पर बड़े पैमाने पर असर पड़ने की संभावना नहीं है। उन्होंने कहा, बजट बाजार को प्रभावित करने में सक्षम बड़ी घोषणाओं के बिना लेखानुदान होगा। फेड के फैसले के संबंध में, दर में कटौती की उम्मीद नहीं है, लेकिन टिप्पणी पर उत्सुकता से नजर रखी जाएगी। लाल सागर में अशांति एक गंभीर मुद्दा बनती जा रही है। उन्होंने कहा कि ब्रेंट क्रूड 83 डॉलर तक पहुंच गया है। तीसरी तिमाही के नतीजों और समाचारों के जवाब में स्टॉक विशिष्ट कार्रवाई की संभावना है। एलआईसी को एचडीएफसी बैंक में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए आरबीआई की मंजूरी मिलना बाद के लिए सकारात्मक है।


उन्होंने कहा चूंकि एफआईआई की बिकवाली कायम है और ऊंची है इसलिए मंदड़िये बिकवाली के लिए रैलियों का सहारा लेंगे। बीएसई सेंसेक्स 1.24 फीसदी की भारी बढ़त के साथ 876 अंक ऊपर 71,577.23 अंक पर है। पावरग्रिड 3 फीसदी ऊपर है, कोटक महिंद्रा बैंक 2 फीसदी ऊपर है, रिलायंस इंडस्ट्रीज 2 फीसदी ऊपर है, एलएंडटी, अल्ट्राटेक सीमेंट, एक्सिस बैंक, सन फार्मा 2 फीसदी ऊपर हैं।

## किसान हित में है कृषि वानिकी को बढ़ाना : मुंडा



**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि कृषि वानिकी को बढ़ाकर किसानों की आय बढ़ाई जा सकती है। इस दिशा में तेजी से काम किया जाना चाहिए।मुंडा ने सोमवार को कृषि भवन में कृषि क्षेत्र में स्वैच्छिक कार्बन बाजार के लिए फ्रेमवर्क एवं कृषि वानिकी नर्सरी के एक्रीडिएशन प्रोटोकॉल का विमोचन करते हुए कहा कि कृषि वानिकी नर्सरी के एक्रीडिएशन प्रोटोकॉल, देश में कृषि वानिकी को बढ़ावा देने के लिए बड़े पैमाने पर रोपण सामग्री के उत्पादन और प्रमाणीकरण के लिए संस्थागत व्यवस्था को मजबूत करेंगे। मुंडा ने कहा कि देश में कृषि क्षेत्र, अर्थव्यवस्था व करोड़ों लोगों की आजीविका में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। देश के कार्यबल का 54.6 फीसदी कृषि व संबंध क्षेत्रों की गतिविधियों में लगा हुआ है। जीडीपी में जहां कृषि क्षेत्र की हिस्सेदारी 18.6 फीसदी है, वहीं 139.3 मिलियन हेक्टेयर, देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र में से बोया गया क्षेत्र है।मुंडा ने कहा कि कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने छोटे-मझौले किसानों को कार्बन क्रेडिट का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करने की दृष्टि से देश के कृषि क्षेत्र में स्वैच्छिक कार्बन बाजार (वीसीएम) को बढ़ावा देने का फ्रेमवर्क तैयार किया है। किसानों को कार्बन बाजार से परिचित कराने से उन्हें फायदा होने के साथ ही पर्यावरण-अनुकूल कृषि पद्धतियों को अपनाने में भी तेजी आएगी। उन्होंने किसानों के हित में कार्बन बाजार को बढ़ावा देने के लिए केंद्र व राज्यों के संबंधित मंत्रालयों सहित अन्य संबद्ध संगठनों से पूर्ण सहयोग का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि सुदूरवर्ती क्षेत्रों के किसानों के साथ मिलकर उनके लिए सुविधाजनक ढंग से इस दिशा में कार्य किया जाना चाहिए व समाधान के साथ ही हमारे किसानों पर इसका लाभ केंद्रित करने की जरूरत है।

## शेयर बाजार में जोरदार तेजी, निवेशकों को 6.06 लाख करोड़ का मुनाफा



**नई दिल्ली।** हेवीवेट स्टॉक्स और बैंकिंग शेयरों में आई तेजी के कारण घरेलू शेयर बाजार सोमवार को शानदार मजबूती के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरूआत भी बढ़त के साथ हुई थी। हालांकि बीच-बीच में मुनाफावसूली के चक्कर में हुई बिकवाली के कारण शेयर बाजार के दोनों सूचकांकों को मामूली झटका भी लगता रहा। इसके बावजूद लगातार हो रही चौतरफा खरीदारी के सपोर्ट से शेयर बाजार लगातार ऊपर चढ़ता गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1.76 प्रतिशत और निफ्टी 1.80 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1,240.90 अंक की मजबूती के साथ 71,941.57 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 80.50 अंक की छलांग लगा कर 21,433.10 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही खरीदार पूरी तरह से हावी हो गए, जिसके कारण इस सूचकांक ने रफ्तार पकड़ ली। हालांकि बीच-बीच में बिकवाली का भी मामूली झटका लगता रहा। इसके बावजूद खरीदारी का जोर लगातार बना रहा, जिसकी वजह से ये सूचकांक 410.65 अंक की मजबूती के साथ 21,763.25 अंक तक पहुंच गया। पूरे दिन हुई खरीद बिक्री के बाद निफ्टी 385 अंक की बढ़त के साथ 21,737.60 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

## भारत अगले तीन साल में बन सकता है दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था




**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2024-25 में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 7 फीसदी के करीब रहने की संभावना जताई है। इसके साथ ही मंत्रालय ने कहा कि अगले तीन साल में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। वित्त मंत्रालय ने द इंडियन इकोनॉमी: ए रिव्यू 2024 रिपोर्ट में कहा है कि घरेलू मांग की ताकत ने पिछले तीन वर्षों में अर्थव्यवस्था को सात फीसदी से अधिक की वृद्धि दर दी है। वित्त वर्ष 2024-25 में वास्तविक जीडीपी वृद्धि ग्रोथ 7 फीसदी के करीब रहने की संभावना है, जिसकी वित्त वर्ष 2030 तक सात फीसदी से अधिक वृद्धि रहने की बहुत गुंजाइश है। देश के मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन कार्यालय की ओर से तैयार की गई इस समीक्षा रिपोर्ट में कहा गया है कि अगले तीन साल में पांच लाख करोड़ डॉलर के जीडीपी के साथ भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक सतत सुधारों से भारत का जीडीपी वर्ष 2030 तक सात लाख करोड़ डॉलर का आंकड़ा भी लेगा। वित्त मंत्रालय ने अंतरिम बजट पेश होने से दो दिन पूर्व अर्थव्यवस्था की जनवरी महीने की जारी समीक्षा रिपोर्ट में कहा कि कोरोना महामारी के असर और वृहद-आर्थिक असंतुलन एवं खंडित वित्तीय क्षेत्र वाली विरासत के बावजूद वित्त वर्ष 2023-24 में 3.7 लाख करोड़ डॉलर की अनुमानित जीडीपी के साथ भारत पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है।

## दिल्ली में मुख्यमंत्री आवास में ईडी की छापेमारी, आक्रोशित झामुमो कार्यकर्ताओं ने निकाला विरोध मार्च

# सीएम की छवि धूमिल कर रही भाजपा, होगा उलगुलान

### राजभवन के समक्ष किया जोरदार प्रदर्शन, नारेबाजी व सभा, पांच जिलों के कार्यकर्ता जुटे थे रांची में




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

दिल्ली स्थित मुख्यमंत्री आवास में सोमवार की सुबह ईडी की छापेमारी से आक्रोशित जेएमएम के नेता और कार्यकर्ताओं ने राजधानी के सड़क पर उतर कर जोरदार विरोध किया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इन दिनों दिल्ली की यात्रा पर है। सोमवार की सुबह सूचना आयी कि दिल्ली स्थित मुख्यमंत्री आवास में ईडी ने छापेमारी कर दी। इस सूचना के बाद झारखंड में इंडिया गठबंधन के नेताओं और कार्यकताओं में हड़कप मच गया। सभी की निगाहे दिल्ली की ओर लगी रही। इधर ईडी की कार्रवाई से जेएमएम के नेताओं और कार्यकताओं में भारी आक्रोश देखा गया। ईडी की कार्रवाई के खिलाफ राजधानी में विरोध मार्च निकाला गया। मोरहाबादी से हजारों की संख्या में जेएमएम कार्यकर्ता विभिन्न मार्गो से होते हुए राजभवन पहुंच कर जोरदार प्रदर्शन किया। विरोध मार्च में शामिल कार्यकर्ता जब-जब मोदी डरता है, ईडी-ईडी करता है, मोदी सरकार हाय-हाय, आदिवासी मुख्यमंत्री को परेशान करना बंद करो जैसे नारे लगा रहे थे।

**ईडी के सहारे सरकार गिराने की साजिश :** राजभवन के समक्ष आयोजित सभा में नेताओं ने कहा कि हेमंत सोरेन आदिवासी मुख्यमंत्री है, जिसके अच्छे कार्यो को भाजपा पचा नहीं पा रही है। सरकार और हेमंत सोरेन की छवि धूमिल करने के लिए मोदी सरकार ईडी का इस्तेमाल कर रही है। ईडी के जरिए हेमंत सोरेन को परेशान कर झारखंड की गंठबधन सरकार को गिराना चाहती है। वक्ताओं ने कहा कि जिस दिन से झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार बनी है। उसी दिन से केंद्र की मोदी सरकार येन केन प्रकारेण सरकार को गिराना चाहती है। लेकिन पिछले साढ़े चार साल में सफलता नहीं मिलने पर अब ईडी का सहारा लेकर मुख्यमंत्री को तंग किया जा रहा है। लेकिन न तो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मोदी सरकार से डरने वाले है और न ही जेएमएम के कार्यकर्ता डरेंगे।

नेताओं ने कहा कि जेएमएम कार्यकर्ता भाजपा के सभी कुचक्र का जवाब देने को तैयार है। पूरे राज्य में कार्यकर्ता सड़क पर उतर कर केंद्र सरकार की कार्रवाई का विरोध करेंगे। नेताओं ने कहा कि अब समय आ गया है कि झारखंड में फिर एक उलगुलान हो।

## ईडी को 31 को पूछताछ के लिए समय दिया, फिर 29 को क्यों आ धमकी ईडी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) झारखंड के मुख?यमंत्री हेमंत सोरेन को जमीन सौदा घोटाला मामले में पूछताछ के लिए समन जारी करके 29 से 31 जनवरी के बीच समय मांगा है। जिसके जवाब में हेमंत ने ईडी को 29 जनवरी को ईमेल से 31 जनवरी को समय दिया है, तब ईडी हेमंत के दिल्ली के शांति निकेतन वाले घर में 29 जनवरी को क्यों पहुंच गई ?हालांकि हेमंत तब वहां नहीं थे। यह भी चर्चा है कि हेमंत ने ईडी को 31 जनवरी को पूछताछ के लिए समय क्यों दिया? इस बारे में सूत्रों का कहना है कि केन्द्र और हेमंत सोरेन के बीच चूहे बिल्ली का खेल चल रहा है। टटका मामला नीतीश कुमार का है। बिहार में नीतीश के घनिष्ठ लोगों के यहाँ नोटिस पहुँचने लगे थे, कुछ से पूछताछ होने लगी थी। अब नीतीश भाजपा के साथ आ गये राज्य में जदयू - भाजपा की सरकार बन गई है, तो शायद अब नोटिस ठंडे बस्ते में चले जाएंगे। विपक्ष कहती रही है कि इस तरह जहां भी राज्य में विपक्षी दल की सरकार है, उनके नेताओं के यहां ईडी के नोटिस जा रहे हैं, छापे पड़ रहे हैं। यह उनके संसाधन स्रोत को बंद करने और डराने के लिए हो रहा है। ताकि विपक्षी दल एकजुट होकर लोकसभा चुनाव नहीं लड़ सकें। हेमंत सोरेन जातक नहीं झुकेंगे उनको ईडी पूछताछ करेगी, और नहीं झुके तो उनको गिरफ्तार किया जा सकता है, उनके विधायकों को तोड़ा जा सकता है। जहां तक सोरेन का 31जनवरी को ईडी को पूछताछ के लिए समय देने का सवाल है, तो संभवतः इस वजह से दिया गया है कि यदि ईडी गिरफ्तार करती है या लगातार पूछताछ करती है तो 30 जनवरी से संसद चलने के कारण सदन में इसको लेकर मुद्दा बने, सदन ठप हो।

> **हेमंत को ईडी ने 31 को गिरफ्तार किया तो इंडिया गठबंधन करेगा संसद ठप**
>
> ~~हेमंत को ईडी ने 31 को गिरफ्तार किया तो इंडिया गठबंधन करेगा संसद ठप~~

मालूम हो कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शनिवार 27 जनवरी को रांची से दिल्ली आ गये। इसके चलते तरह -तरह की बातें शुरू हो गईं, कयास लगाया जाने लगे कि इस बार पूछताछ में ईडी हेमंत को ईडी गिरफ्तार कर सकती है। सोरेन के विरोधियों का कहना है कि उनका तो पहले से कार्यक्रम 29 जनवरी को चाईबासा, 30 को पलामू, 31 को गिरिडीह में लगा है, फिर कैसे अचानक दिल्ली पहुंच गये। हो सकता है मुख्यमंत्री सोरेन किसी बड़े वकील से राय-बात करने दिल्ली आये हों। इसके पहले ईडी ने 20 जनवरी को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत हेमंत का का बयान रांची में उनके सरकारी आवास पर दर्ज किया था। जहां केन्द्रीय सुरक्षा बल के पहुंचने पर सत्ताधारी पार्टी के नेताओं ने विरोध जताया था कि केन्द्रीय सत्ताधारियों के निर्देश पर यह हो रहा है। जिस जमीन सौदा घोटाला मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछताछ हो रही है उस मामले में अब तक 14 लोग गिरफ्तार हो चुके हैं, जिसमें 2011 बैच के आईएएस अफसर छवि रंजन भी हैं।

## सीएम जब डर नहीं रहे तो फिर क्यों भागे फिर रहे : आदित्य साहू

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश महामंत्री व सांसद आदित्य साहू ने सोमवार को झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा झामुमो नेता अपराधी और न्यायाधीश दोनों की भाषा बोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य कि जनता को यह जानने का पूरा अधिकार है कि आखिर मुख्यमंत्री भागे-भागे क्यों फिर रहे। उन्होंने कहा जब झामुमो यह मानता है कि ईडी ने मुख्यमंत्री से जो सवाल पूछे उसका पूरी तरह मुख्यमंत्री ने सामना किया और जवाब भी दिया तो फिर आगे के सवालों से भागने की क्या जरूरत है? कहा कि क्यों मार्च तक के समय की कमी बताई जा रही थी। मुख्यमंत्री को तो राज्य के हालात और जनता की अपेक्षाओं को देखते हुए अविलंब ईडी प्रकरण पर विराम लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत की संवैधानिक व्यवस्था के तहत ही ईडी अपनी कार्रवाई कर रही। ऐसे में ईडी को गाली देना, उसके खिलाफ धरना-प्रदर्शन करके झामुमो खुद असंवैधानिक कार्य कर रहा है और ईडी को संवैधानिक कार्य करने की सलाह दे रहे। उन्होंने कहा कि झामुमो मानसिक दिवालियापन का शिकार है। पूछताछ के लिए तैयार रहने की बात भी करते हैं और फिर पूछताछ को गैर वाजिब और असंवैधानिक भी ठहराते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रधानमंत्री के 'परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम से मिलेगी बच्चों को तनाव से मुक्ति : राज्यपाल




**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम से बच्चों को परीक्षा के दौरान होने वाले तनाव से मुक्त होने में काफी मदद मिलेगी। उनके सम्बोधन से शिक्षकों एवं अभिभावकों को भी संदेश मिला है कि परीक्षा के दौरान बच्चों से कैसा व्यवहार करना चाहिए। राज्यपाल सोमवार को राज भवन में बच्चों और शिक्षकों के साथ दूरदर्शन पर प्रधानमंत्री के ह्यपरीक्षा पे चर्चा 2024 कार्यक्रम का सीधा प्रसारण को देखने के बाद बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जीवन में तनाव सभी को है। आप सोच-सोचकर तनावग्रस्त होंगे, तो इससे भी तनाव होगा। तनाव को दूर करने के लिए हमें अपनी दिनचर्या का प्रभावी ढ़ंग से पालन करना होगा। हमारे पास दिन के 24 घंटे होते हैं। आठ घंटे के नींद के बाद 16 घंटे बचते हैं, जिसमें हम अच्छे ढंग से पढ़ सकते हैं, खेल सकते हैं एवं अन्य रचनात्मक कार्य कर सकते हैं। हमें आज का काम आज ही करना चाहिए, कल पर नहीं छोड़ना चाहिए। इससे तनावग्रस्त होने से बचेंगे। राज्यपाल ने कहा कि अपने पाठ को गहराई से समझने की कोशिश करे। एक बार में पाठ समझ में न आए तो उसे बार-बार पढे एवं पढ़ने के पश्चात लिखना आवश्यक है।

झारखण्ड सरकार
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग
सूचना

झारखंड सरकार, मंत्रिमण्डल सचिवालय एवं निगरानी विभाग द्वारा राज्य के सभी शैक्षणिक संस्थानों, सार्वजनिक उपक्रमों एवं आम जनों को सूचित किया जाता है कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी (शहीद दिवस) को पूर्वाह्न 11.00 बजे दो मिनट का मौन रखा जाए तथा राष्ट्रीय एकता के संबंध में भाषण एवं वार्ताएं आयोजित की जाएं।

## पृष्ठ एक के शेष

**बच्चे के रिपोर्ट कार्ड को अपना...**
में सकारात्मकता और नवीन ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा ली।

**पूजा ने पूछा बेटी की पढ़ाई और सोशल मीडिया कैसे मैनेज करूं :** रामगढ़ के गुरुनानक स्कूल में पढ़ाई कर रहे प्रियांशु श्रीवास्तव की मां पूजा श्रीवास्तव ने प्रधानमंत्री से पूछा कि वे अपनी बेटी की पढ़ाई को सोशल मीडिया मंचों जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि के इस्तेमाल के साथ-साथ कैसे मैनेज कर सकती है?

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया और मोबाइल के बढ़ते इस्तेमाल को लेकर कहा कि मोबाइल ही नहीं, बल्कि किसी भी चीज की अति ठीक नहीं होती, किसी का भला नहीं करता। हर चीज के लिए एक मानदंड होना चाहिए, उसका एक आधार होता है। किसी भी चीज का कितना उपयोग करना चाहिए, इसका विवेक होना बहुत जरूरी है। टेक्नोलॉजी से हमें दूर नहीं भागना चाहिए, बल्कि उसका सकारात्मक उपयोग करना चाहिए।

प्रधानमंत्री ने मां के खाने का उदाहरण देते हुए कहा कि मां ने बहुत बढ़िया खाना बनाया है। वह पोषक तत्वों से भरपूर है, उसके कई लाभ हैं, आपको वह डिश पसंद भी है, वह खाने का सही वक्त भी है, मगर एक सीमा के बाद आपको अपना प्रिय भोजन भी खाना बंद करना पड़ेगा। क्योंकि अगर ऐसा नहीं किया तो उससे पेट दर्द, उल्टी जैसी समस्या हो जायेगी।

**घर में एक कमरे को 'नो गैजेट जोन' बनाएं :** प्रधानमंत्री ने कहा कि एक ही घर में चार लोग बैठे हैं, मगर वो एक-दूसरे से बात करने के बजाय उन्हें मोबाइल पर मैसेज भेजते हैं। इसके पीछे सीक्रेसी भी बड़ा कारण है। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि खाना खाते समय डाइनिंग टेबल पर कोई इलेक्ट्रॉनिक गैजेट नहीं होगा। सब लोग खाना खाते समय गप मारेंगे, बातें करेंगे। घर में एक कमरे को 'नो गैजेट जोन' होना चाहिए, ताकि उस कमरे में आकर घर के सभी सदस्य एक समय पर बिना मोबाइल के बातचीत करे। तकनीक को बोझ मानकर उससे दूर भागना नहीं चाहिए। तकनीक का सही उपयोग सीखना जरूरी है। प्रधानमंत्री ने स्कूली बच्चों को सलाह देते हुए कहा कि अपने माता-पिता को भी बढ़ते तकनीक से अवगत कराये, उन्हें जागरूक करें। अगर आप माता-पिता को समझाने का प्रयास करेंगे कि आप मोबाइल पर सिर्फ दोस्तों से बात नहीं कर रहे हैं, तकनीक का उचित इस्तेमाल भी कर रहे हैं। तभी वे आपके ऊपर भरोसा कर पाएंगे। मोबाइल का लॉक पासवर्ड घर के हर सदस्य को मालूम होना चाहिए।

**दिल्ली में छापेमारी, सीएम आवास की...**
**में इंडी गठबंधन के विधायकों की बैठक जारी :** झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राजद के ज्यादातर विधायक सीएम हाउस पहुंचे। यहां दोपहर तीन बजे से उनकी बैठक जारी है। बैठक में इस बात पर विमर्श चल रहा है कि अगर ईडी की ओर से सोरेन के खिलाफ कोई कार्रवाई होती है तो सत्तारूढ़ गठबंधन की रणनीति क्या होगी। रांची में सीएम आवास के बाहर और अंदर बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। राज्य के ब्यूरोक्रेसी के गलियारे में भी हलचल है। रांची में भाजपा दफ्तर, राजभवन और अन्य संवेदनशील स्थानों पर फोर्स की तैनाती की गई है। रांची के बड़गाईं अंचल में जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी ने 20 जनवरी को मुख्यमंत्री आवास पर जाकर उनसे सात घंटे तक पूछताछ की थी। ईडी इस मामले में उनसे कई और बिंदुओं पर पूछताछ करना चाहती है।


**कल एक बजे सीएम आवास आकर कर लीजिए...**
कि आप भलीभांति अवगत हैं कि 2 फरवरी से 29 फरवरी के बीच विधानसभा का बजट सत्र आयोजित होना है, जिसकी तैयारी को लेकर उनकी व्यस्तता है। इसके साथ ही उनकी पूर्वनिर्धारित ऑफिशियल व्यस्तताएं हैं। इसके बावजूद 31 जनवरी या उसके पहले उनका बयान दर्ज करने के लिए जोर दिए जाने से आपका पॉलिटिकल एजेंडा उजागर हो गया है। उन्हें समन जारी किया जाना कानून की ओर से दी गई शक्तियों का दुरुपयोग और पूरी तरह उन्हें परेशान करने की कार्रवाई है।

**धोनी ने पूर्व कारोबारी साझेदारों के...**
खिलाफ मानहानि का मामला दायर करने के बारे में सूचित करे, यह देखने के बाद कि उन्हें वादी द्वारा याचिका नहीं दी गई है और उन्हें सूचना जारी करना उचित समझा गया था। यह वाद विभिन्न प्रमुख प्लेटफार्मों जैसे कि एक्स, गूगल, यूट्यूब, मेटा (फेसबुक) और कई समाचार आउटलेट्स के खिलाफ भी है, ताकि वे उनके खिलाफ कथित रूप से अपमानजनक लेख और पोस्ट हटा सकें। धोनी के वकील ने सोमवार को अदालत को सूचित किया कि उन्हें अभी तक शिकायत की प्रति नहीं मिली है। एक मीडिया हाउस का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील सिद्धांत कुमार ने यह भी तर्क दिया कि याचिका सुनवाई योग्य नहीं है और पिछले फैसले का हवाला देते हुए प्रत्येक प्रतिवादी के खिलाफ विशिष्ट आरोपों की आवश्यकता पर बल दिया। दोनों के वकील ने मीडिया द्वारा निष्पक्ष रिपोर्टिंग की वकालत करते हुए तर्क दिया कि मौजूदा कवरेज ने उनके ग्राहकों को गलत तरीके से ठग और चोर करार दिया है। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम. सिंह ने दस्तावेजों का पूरा सेट मांगने वाले धोनी और अन्य प्रतिवादियों के खिलाफ कोई अंतरिम आदेश जारी करने से इनकार कर दिया। क्षेत्रीय क्षेत्राधिकार की कमी के बारे में चिंताओं पर, न्यायाधीश ने वादी के वकील से प्रतिवादियों के खिलाफ स्पष्ट आरोप लगाने को कहा।

**हाई कोर्ट के आदेश की मियाद...**
का कार्यकाल भी अप्रैल 2023 में समाप्त हो गया। 16 नवंबर 2022 को नगर निकायों में चुनाव प्रक्रिया शुरू कराने का आदेश भी जारी कर दिया गया था, किंतु ओबीसी आरक्षण पर ट्रिपल टेस्ट कराने की बात कहकर प्रदेश सरकार ने चुनाव को स्थगित कर दिया था। तब से नगर निकायों का पूरा तंत्र ब्यूरोक्रेसी के जिम्मे आ गया है। ऐसे में जन प्रतिनिधि नहीं होने के कारण जन्म-मृत्यु निबंधन, पेयजल, साफ-सफाई आदि बुनियादी कार्यों के लिये नागरिक कार्यालयों का चक्कर लगा रहे हैं। जन समस्या को देखते हुये एक याचिका पर सुनवाई करते हुये हाई कोर्ट ने चार जनवरी को जारी आदेश में सरकार को तीन सप्ताह के अंतराल में ननि चुनाव की अधिसूचना जारी करने का आदेश जारी किया था। इस आदेश की मियाद भी 25 जनवरी को ही समाप्त हो चुकी थी, किंतु इस संबंध में कोई पहल नहीं की गयी।

**बजट सत्र के मद्देनजर संसद की...**
स्मार्ट कार्ड लेकर दर्शक दीर्घा के एंट्री प्वाइंट पर जाना व वहां लगे मसीह पर कार्ड को टैप करना होगा। इसके बाद जब गेट खुलेगा तब वह अंदर जा सकेगा। उसे वापसी में उस स्मार्ट कार्ड वापस जमा करना होगा। यदि वह कार्ड कहीं खो गया, या वापस नहीं किया तो उसको हमेशा के लिए ब्लैक लिस्टेड कर दिया जाएगा। वह फिर कभी संसद भवन में प्रवेश नहीं कर सकेगा। इस नई व्यवस्था में सांसदों को भी अपने किसी के लिए विजिटर पास बनवाने के लिए तीन दिन पहले आवेदन करना होगा ताकि पुलिस वेरिफिकेशन हो सके। जिस दिन संसद में बजट पेश किया जाएगा, उस दिन के लिए सांसद मात्र एक पास जारी कर सकते हैं। इसमें भी सांसद की पत्नी या पति को प्राथमिकता दी जाएगी। सांसद अपने किसी के लिए, गैलरी पास के लिए केवल ऑनलाइन ही आवेदन कर सकते हैं।

## युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है हेमंत सरकार : चंद्र प्रकाश चौधरी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आजसू पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष सह गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में कथित तौर पर पेपर लीक ने एक बार फिर हेमंत सरकार के काम करने के तरीके और युवाओं के प्रति उनकी संवेदनशीलता की कलाई खोल कर रख दी है। नौकरी का झूठा वादा कर सत्ता में आने वाली यह सरकार युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। आज इनकी गलत नीतियों के चलते छात्रों का भविष्य अधर में लटका है।

चंद्र प्रकाश चौधरी ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि इनका काम सिर्फ परीक्षा फॉर्म निकाल कर छात्रों को कुछ और दिनों के लिए अंधेरे में रखने का है। इनके पास कदाचारमुक्त परीक्षा कराने और उस परीक्षा का ससमय परिणाम जारी करने का कोई भी रोडमैप ही नहीं है। युवाओं की भावनाओं, समय और भविष्य से खिलवाड़ करने वाली हेमंत सरकार को आने वाले समय में इसकी भारी कीमत चुकानी होगी। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि इस सरकार में भ्रष्टाचारियों के हौसले बुलंद हैं। सरकार कहती है कि कदाचार और पर्चा लीक रोकने के लिए कानून बनाया गया है लेकिन उस कानून का भय कहीं नहीं दिखता है। इस खेल में सरकार का भी संरक्षण है, इससे इनकार नहीं किया जा सकता। इसलिए इस मामले की उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए। अब माफी का समय तो नहीं है फिर भी मुख्यमंत्री को अपनी गलती स्वीकार करते हुए राज्य के सभी युवाओं से माफी मांगनी चाहिए।

झारखण्ड सरकार, कारा निरीक्षणालय
केन्द्रीय कारा मेदिनीनगर, पलामू

ई0-निविदा सूचना

e-TENDER : - HJ AND DM/CJ MEDININAGAR/Q2/2024/291

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कारा का नाम | केन्द्रीय कारा मेदिनीनगर, पलामू। |
| 2. | विषय | कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादी की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार खाद्यान्नों, हरी सब्जियों, आलु, फल, मांस, सरसों का तेल, चीनी एवं अन्य विविध सामग्रियों के क्रय/आपूर्ति के निमित्त ई0-निविदा का आमंत्रण। (द्वितीय त्रैमासिक निविदा दिनांक 01.04.2024 से 30.06.2024 तक) |
| 3. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non Refundable) Online स्वीकार की जायेगी। | 5000.00 (पाँच हजार) मात्र। |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय | तिथि– 16.02.2024 से 22.02.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 5. | निविदा Online upload करने की तिथि | तिथि– 16.02.2024 से 22.02.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 6. | आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample) जमा करने की तिथि। | तिथि– 23.02.2024 से 26.02.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 7. | अग्रधन राशि (EMD) (2500/– से अधिक होने पर) जमा करने की तिथि | तिथि– 23.02.2024 से 26.02.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 8. | निविदा के खुलने की तिथि/समय/स्थान | दिनांक 28.02.2024 को पूर्वाहन 11.30 बजे, अधीक्षक, केन्द्रीय कारा मेदिनीनगर, पलामू के कार्यालय वेश्म में अपर समाहर्त्ता, पलामू की उपस्थिति में। |

नोट :–
1. उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार के वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, केन्द्रीय कारा, मेदिनीनरग, पलामू के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को Online upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधीक्षक
केन्द्रीय कारा मेदिनीनगर, पलामू
PR 317160 Prison (23-24)_D

ई0 प्रोक्योरमेन्ट सेल, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार

ई- प्रोक्योरमेन्ट नोटिस

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0–02/2023-24/EE/BCD/LATEHAR दिनांक– 27.01. 2024

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र की राशि |
|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड सरयू के पंचायत घासीटोला के ग्राम उदयपुर में उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय, सरयू (नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, सरयू) में 100 बेड छात्रावास का निर्माण। | 4,30,52,300.00 |

1. कार्य पूर्ण की अवधि :– 11 (Eleven) Months
2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 05/02/2024 को 11:00 बजे
3. बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय :– 26/02/2024 को 11:00 बजे
4. निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पत्ता :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार।
5. निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान :– 27.02.2024 को 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्योरमेन्ट सेल, मुख्य अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, राँची।
6. प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :– 9431501121
7. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या :– 8434414939
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. सूचना प्रौधोगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रक्रिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक 06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत् अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सम्पूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।

- अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

Note :- UCAN Registration in mandatory for the Bidders.

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार
PR 317205 Building (23-24)_D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या –
10/2023–24/EE/RWD/DALTONGANJ

दिनांक–29.01.2024

1. कार्य का नाम :

| क्र0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखंड | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/DALTONGANJ/STPKG/14/23-24 | विश्रामपुर | 1 | L024 पी0डब्लू0डी0 रोड से बघमनवा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 2.90कि0मी0 | 1228.564 | बारह करोड़ अठाईस लाख छप्पन हजार चार सौ रू0 मात्र | 09 माह | प्रथम |
| | | विश्रामपुर | 2 | पिपरा से निमिया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 1.80कि0मी0 | | | | |
| | | विश्रामपुर | 3 | L035 पी0डब्लू0डी0 रोड से टोना तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 3.30कि0मी0 | | | | |
| | | विश्रामपुर | 4 | L075 पी0एम0जी0एस0वाई0 रोड सुलुदाग से लोहदगा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 5.50कि0मी0 | | | | |
| | | विश्रामपुर | 5 | कुल्ही से पंचायत भवन भाया करकट्टा बाजार तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 2.00कि0मी0 | | | | |
| | | विश्रामपुर | 6 | मेन रोड एन0एच0 98 से चेनया चारमुहान रामधीर दुबे एवं बैजनाथ हाउस भाया लभझी नदी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 1.40कि0मी0 | | | | |
| | | विश्रामपुर | 7 | महुगांवा मेन रोड से कांती तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 2.50कि0मी0 | | | | |
| | | विश्रामपुर | 8 | मोदा सिंह के घर से बक्सा कजरू खूर्द तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 3.00कि0मी0 | | | | |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 05.02.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 19.02.2024 up to 5.00 PM
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 21.02.2024 पूर्वाह्न 3.30 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –06562357595

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज
PR 317264 Rural Development(23-24)#D

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## एक नजर

### प्रधानमंत्री मोदी 11 फरवरी को यवतमाल का करेंगे दौरा

**मुंबई।** प्रधानमंत्री 11 फरवरी को महाराष्ट्र के यवतमाल का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री के इस संभावित दौरे को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने एक आपातकालीन बैठक बुलाकर तैयारी की समीक्षा की। प्रधानमंत्री मोदी के यवतमाल दौरे के मद्देनजर पुलिस, राजस्व समेत 25 विभागों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री की सभा यवतमाल में अब तक तय नहीं की गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 11 फरवरी को यवतमाल में महिला स्वयं सहायता समूह के कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### कर्नाटक में एलपीजी सिलेंडर फटने से दो की मौत

**बेलगावी (कर्नाटक)।** कर्नाटक के बेलगावी शहर में सोमवार को एलपीजी गैस सिलेंडर विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना शहर के बसवनगल्ली इलाके के एक अपार्टमेंट में हुई। मृतकों की पहचान 80 वर्षीय कामाक्षी भट्ट और 27 वर्षीय हेमंत भट्ट के रूप में की गई है। मृतक राज्य के उडुपी जिले के रहने वाले थे। फ्लैट में मौजूद अन्य तीन लोगों को भी चोटें आई हैं। इनमें से दो की हालत गंभीर है, उनका इलाज निजी अस्पताल में किया जा रहा है।

### विदेश सचिव 3 दिवसीय यात्रा पर भूटान जायेंगे

**नई दिल्ली।** विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा सोमवार से पड़ोसी देश भूटान की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। मंत्रालय का कहना है कि यात्रा दोनों देशों के बीच उच्च स्तरीय आदान-प्रदान के क्रम का हिस्सा है। विदेश सचिव अपनी यात्रा के दौरान भूंग के किंग और प्रधानमंत्री से मुलाकात करेंगे। इसके अलावा भूटान के विदेश सचिव एवं अन्य अधिकारियों से वार्ता करेंगे।

### दिल्ली में अंगीठी के धुएं से दम घुटने से मां-बेटे की मौत

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली में अपने घर में अंगीठी के कारण दम घुटने से 23 वर्षीय एक महिला और उसके दो वर्षीय बेटे की मौत हो गई, जबकि परिवार के तीन अन्य सदस्यों की तबीयत खराब हो गई। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। मृतकों की पहचान असोला निवासी अंजलि और उसके बेटे शंभू के रूप में हुई।

### बांग्लादेश में अस्पताल से दुष्कर्म पीड़ित युवती का अपहरण

**ढाका।** बांग्लादेश के खुलना मेडिकल कॉलेज अस्पताल के वन-स्टॉप क्राइसिस सेंटर (ओसीसी) से दुष्कर्म पीड़ित युवती का अपहरण कर लिया गया। अपहर्ता उसे और उसकी मां को जबरदस्ती छोटी कार में ठूंस कर ले गए। यह वारदात रविवार दोपहर की बताई गई है।

### जॉर्डन ने की सीरिया की सीमा पर 'आतंकवादी' हमले की निंदा

**अम्मान।** जॉर्डन ने सीरिया के साथ अपनी सीमा पर 'आतंकवादी' हमले की निंदा की है, जिसके परिणामस्वरूप तीन अमेरिकी सैनिकों की मौत हो गई। राज्य के प्रधान मंत्रालय ने रविवार को एक बयान में कहा कि हमले में अमेरिकी बलों के दर्जनों लोग भी घायल हुए हैं, जो जॉर्डन की सीमाओं पर आतंकवाद के खतरे का मुकाबला करने में जॉर्डन के साथ सहयोग कर रहे हैं।






प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को नई दिल्ली के विजय चौक पर बीटिंग रिट्रीट समारोह में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने मनमोहक नजारों, पाइप्स और ड्रम बैंड के प्रदर्शन का लुत्फ उठाया। मालूम हो कि गणतंत्र दिवस समारोह के औपचारिक समापन के रूप में बीटिंग रिट्रिट का आयोजन होता है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने 'देश रंगीला' गाने पर मिस्र की लड़की करीमन की 'सुमधुर' प्रस्तुति को सराहा



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में संपन्न 75वें गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान मिस्र की एक लड़की करीमन द्वारा गाए गए मधुर गीत 'देश रंगीला' की सोमवार को सराहना की। उन्होंने उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की। करीमन ने मिस्र में भारतीय दूतावास में शानदार भारतीय पोशाक पहनकर देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया था। भारतीय दूतावास ने रविवार को उसके प्रदर्शन की एक क्लिप को कैप्शन के साथ ट्वीट किया, मिस्र की एक युवा लड़की करीमन ने 'इंडिया हाउस' में 75वें गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान देशभक्ति गीत 'देश रंगीला' प्रस्तुत किया। उनके मधुर गायन और सही स्वर-शैली ने भारतीयों और मिस्रवासियों की बड़ी सभा को प्रभावित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने करीमन का वीडियो शेयर करते हुए लिखा, मिस्र से करीमन की यह प्रस्तुति मधुर है! मैं उन्हें इस प्रयास के लिए बधाई देता हूं और उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देता हूं।

# सामाजिक-आर्थिक न्याय के बिना देश का विकास नहीं हो सकता: राहुल गांधी

**एजेंसी। पटना**

बिहार में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के पहले दिन राहुल गांधी ने कहा कि देश तभी विकसित होगा, जब लोगों को सामाजिक और वित्तीय न्याय मिलेगा। बिहार के किशनगंज जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए, कांग्रेस नेता ने कहा, मैं भारत जोड़ो न्याय यात्रा के लिए यहां बिहार आया हूं।

जब मैंने कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा शुरू की और 4000 किमी की यात्रा की, तो कई लोगों ने कहा कि हमारी यात्रा उस भूमि पर नहीं गई, जो सामाजिक न्याय के लिए जानी जाती है। उन्होंने मुझसे पूर्वोत्तर क्षेत्र से महाराष्ट्र तक एक और यात्रा करने के लिए कहा और मैंने स्वीकार कर लिया और भारत जोड़ो यात्रा में न्याय जोड़कर मणिपुर से महाराष्ट्र तक यात्रा शुरू करने का फैसला किया।

मैं मणिपुर से आया हूं और बीजेपी की विचारधारा को करीब से देखा हूं। मैं मणिपुर के लोगों से बातचीत करता हूं। वह राज्य सात महीने से बीजेपी और आरएसएस की विभाजनकारी विचारधारा के कारण जल रहा है। उन्होंने मणिपुर में लोगों को दो समुदायों में बांट दिया है। हालात ऐसे हैं कि दोनों पक्ष एक-दूसरे के दुश्मन बने हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि देश के प्रधानमंत्री पिछले सात महीनों से वहां नहीं गए हैं। दो भाइयों के बीच झगड़ा कराना बीजेपी और आरएसएस की विचारधारा है.' वे नफरत की राजनीति में विश्वास करते हैं और इसलिए हमने 'मोहब्बत की दुकान' के बारे में बात की है। गांधी ने कहा, नफरत को नफरत से खत्म नहीं किया जा सकता यह केवल प्यार से ही खत्म होता है और मैंने मोहब्बत की दुकान के बारे में बात की है।"

गांधी ने कहा, अब हम बिहार आए हैं जो सामाजिक न्याय की भूमि है। मेरा दृढ़ विश्वास है कि देश तभी विकसित होगा, जब प्रत्येक देशवासी को सामाजिक और वित्तीय न्याय मिलेगा। इसलिए, मैं देश में लोगों के सामाजिक और वित्तीय न्याय की बात कर रहा हूं। जब भी सामाजिक न्याय की चर्चा शुरू होती है, तो लोग बिहार की ओर देखते हैं, इसलिए यह बिहार के लोगों की जिम्मेदारी है कि वे सामाजिक न्याय के बारे में जागरूकता पैदा करें और इसके लिए लड़ें। गांधी ने कहा, वर्तमान में, नरेंद्र मोदी ने देश के दो-तीन उद्योगपतियों को सारा पैसा दे दिया है। उन्होंने सभी हवाई अड्डों, बंदरगाहों, रेलवे, औद्योगिक इकाइयों और अन्य का अधिग्रहण कर लिया है। इनके लिए सभी बैंक, पीएमओ और अन्य सरकारी कार्यालय खुले हैं, लेकिन आम लोगों के लिए ये संस्थान बंद हैं। आम लोगों के लिए उनके पास नोटबंदी, जीएसटी, बैंक बंदी है। यह नरेंद्र मोदी सरकार की वास्तविकता है। गांधी ने कहा,मैं आपको यह भी बताना चाहता हूं कि देश में ओबीसी समुदाय 50 प्रतिशत है, लेकिन जब भागीदारी की बात आती है, तो उनके हाथ में कुछ भी नहीं है।



### बंगाल से बिहार पहुंची न्याय यात्रा, 31 को होगी वापसी


कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा सोमवार को बिहार में प्रवेश कर गई। उत्तर बंगाल के दार्जिलिंग में सोमवार को यात्रा शुरू हुई और यहीं से बिहार पश्चिम बंगाल की सीमा से किशनगंज में यात्रा का प्रवेश हुआ है। राहुल गांधी की यह यात्रा 31 जनवरी को किशनगंज के रास्ते होते हुए एक बार फिर पश्चिम बंगाल के मालदा में प्रवेश करेगी और मुर्शिदाबाद से होकर गुजरेगी।

### बंगाल में प्रशासनिक बाधाओं का सामना कर रहा है 'भारत जोड़ो यात्रा' का दूसरा चरण

**कोलकाता।** कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा प्रशासनिक बाधाओं का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह 31 जनवरी से मालदा से अपने दूसरे चरण में प्रवेश करेगी। पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता के अनुसार, 31 जनवरी को मालदा जिले के भालुका में राज्य सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस में राहुल गांधी के लिए दोपहर के भोजन की मेजबानी करने के कांग्रेस राज्य नेतृत्व के प्रस्ताव को राज्य प्रशासन ने खारिज कर दिया है। राज्य कांग्रेस नेताओं ने कहा कि राज्य प्रशासन ने कहा है कि चूंकि सीएम ममता उस दिन एक प्रशासनिक समीक्षा कार्यक्रम के लिए मालदा में होंगी, इसलिए सभी राज्य संचालित गेस्ट हाउस उस दिन किसी भी तीसरे पक्ष के लिए प्रतिबंधित रहेंगे। इसी तरह कांग्रेस को मुर्शिदाबाद जिले के बहरामपुर शहर के बहरामपुर स्टेडियम में एक फरवरी को एक बैठक आयोजित करने की अनुमति अभी तक नहीं मिली है। इस मामले में भी मुर्शिदाबाद जिला प्रशासन ने उस दिन जिले में ममता की मौजूदगी बताई है।

**डार्क वेब ड्रग मामला : भारतीय नागरिक ने कबूला अपराध**

## क्रिप्टो में 150 मिलियन डॉलर जब्त



**एजेंसी। न्यूयॉर्क**

भारतीय नागरिक ने डार्क वेब मार्केटप्लेस पर नियंत्रित पदार्थ बेचने और 150 मिलियन डॉलर प्राप्त करने की बात स्वीकारी है। इसे अमेरिकी ड्रग एन्फोर्समेंट एडमिनिस्ट्रेशन के इतिहास में क्रिप्टोकरेंसी की सबसे बड़ी जब्ती माना जा रहा है। उत्तराखंड के हल्द्वानी के रहने वाले 40 वर्षीय बनमीत सिंह को पिछले सप्ताह कोलंबस अदालत के समक्ष नियंत्रित पदार्थों को वितरित करने और मनी लॉन्ड्रिंग की साजिश रचने का दोषी ठहराया गया। न्याय विभाग की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि साजिश के दौरान, सिंह ड्रग संगठन ने पूरे अमेरिकी राज्यों में सैकड़ों किलोग्राम नियंत्रित पदार्थ स्थानांतरित किए। ऐसा करते हुए, उसने एक मल्टीमिलियन-डॉलर ड्रग उद्यम की स्थापना की, जिसने क्रिप्टोकरेंसी अकाउंट में लाखों डॉलर की ड्रग आय को वैध बनाया, जिसकी कीमत लगभग 150 मिलियन डॉलर हो गई। अदालती दस्तावेजों के अनुसार, उसने फेंटेनाइल, एलएसडी, एक्स्टसी, जैनैक्स, केटामाइन और ट्रामाडोल सहित नियंत्रित पदार्थ बेचने के लिए सिल्क रोड, अल्फा बे, हंसा और जैसे अन्य डार्क वेब मार्केटप्लेस पर विक्रेता विपणन साइटें बनाईं।



न्यूयॉर्क में 2022 की बर्बर घटनाओं के बाद मेयर ने हिंदू मंदिर के बाहर गांधी प्रतिमा का किया अनावरण

**आईएनडीआई गठबंधन पर भाजपा का हमला, कहा**

## गठबंधन में विश्वास की भारी कमी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के वापस राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में शामिल होने का कारण बताते हुए भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने आईएनडीआई गठबंधन पर तीखा हमला बोला है। सोमवार को मीडिया से बातचीत में रविशंकर प्रसाद ने कहा कि आईएनडीआई गठबंधन में विश्वास की कमी थी। जब गठबंधन पार्टी को एक-दूसरे से बात करनी चाहिए थी, तब कांग्रेस अपनी यात्रा में व्यस्त थी। कांग्रेस ने अपना पुराना आकर्षण खो दिया है लेकिन उसका अहंकार अभी भी चरम पर है। उन्होंने कहा कि बिहार में जिस तरह से कानून-व्यवस्था चरमरा गई थी, उससे नीतीश कुमार नाखुश थे। जिस तरह से बिहार में 'जंगलराज' की वापसी हो रही थी। लूटपाट, हत्या, बलात्कार, अपहरण और अन्य घटनाएं बढ़ रही थीं, इन चीजों को होने देने की उनकी भी एक सीमा है।


### न्यूजक्लिक के संपादक, एचआर प्रमुख की न्यायिक हिरासत 17 फरवरी तक बढ़ी



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को मीडिया आउटलेट न्यूजक्लिक पर लगे आरोपों पर यूएपीए के प्रावधानों के तहत दर्ज मामले में इसके संस्थापक-संपादक प्रबीर पुरकायस्थ और एचआर प्रमुख अमित चक्रवर्ती की न्यायिक हिरासत 17 फरवरी तक बढ़ा दी। इन पर चीन के समर्थन में प्रचार प्रसार के लिए पैसे लेने का आरोप है।

## कृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह विवाद पर सुनवाई स्थगित

**एजेंसी। नई दिल्ली**



सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मथुरा के कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद से संबंधित कई याचिकाओं पर सुनवाई स्थगित कर दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा, ₹सभी पक्षों के अनुरोध पर इसे अप्रैल 2024 में फिर से सूचीबद्ध करें। इस बीच, पार्टियां दलीलें पूरी कर लेंगी। पीठ ने पक्षों से प्रत्येक मामले में तीन पेज की लिखित दलीलें दाखिल करने को कहा। पक्ष सुप्रीम कोर्ट के दूसरे केसों का हवाला दे सकते हैं। इसके अलावा, इसने आदेश दिया: अंतरिम आदेश, जहां भी दिए गए हों, लिस्टिंग की अगली तारीख तक जारी रह सकते हैं। 16 जनवरी को पारित एक अंतरिम आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट द्वारा विवादित स्थल के निरीक्षण के लिए आयुक्त की नियुक्ति के लिए हिंदू भक्तों के आवेदन को अनुमति देने के खिलाफ शाही ईदगाह मस्जिद प्रबंधन समिति द्वारा दायर याचिका पर आयोग के कार्यान्वयन को रोक दिया था। हालांकि, इसने स्पष्ट किया था कि उच्च न्यायालय के समक्ष लंबित मुकदमे की कार्यवाही जारी रह सकती है।

### ज्ञानवापी : हिंदू पक्ष ने एससी में दाखिल की याचिका

ज्ञानवापी मामले पर हिंदू पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। याचिका में एएसआई को निर्देश देने की मांग की गई है कि बिना शिवलिंग को नुकसान पहुंचाए वजूखाने का सर्वे करने का निर्देश दिया जाए। हिंदू पक्ष का कहना है कि कोर्ट एएसआई के डीजी को निर्देश दे कि शिवलिंग के आसपास की दीवार को हटाया जाए और शिवलिंग को नुकसान पहुंचाये बिना वैज्ञानिक सर्वे को अंजाम दिया जाए। हिंदू पक्ष ने 19 मई, 2023 को दिए उस आदेश को वापस लेने की मांग की है, जिसके तहत सुप्रीम कोर्ट ने शिवलिंग वाली जगह के वैज्ञानिक सर्वे के इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी थी।

**चेतावनी** — **अरब सागर में ईरानी जहाज का अपहरण**

# भारत ने समुद्री डाकुओं को खदेड़ा

### समुद्री लुटेरों को निहत्था करके सोमालिया की ओर जाने के लिए कहा गया

### एएलएच ध्रुव हेलीकॉप्टरों ने अपहृत जहाज को चारों ओर से घेरकर दी चेतावनी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



अरब सागर में कोच्चि से 700 समुद्री मील दूर पश्चिम में सोमालियाई समुद्री डाकुओं ने मछली पकड़ने वाले ईरानी जहाज एमवी इमान का अपहरण कर लिया। जहाज पर सवार 17 क्रू सदस्यों और अपहृत मछुआरों को बचाने के लिए भेजे गए भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा ने सोमालिया के समुद्री डाकुओं को खदेड़ दिया है।

अरब सागर में कोच्चि से 700 समुद्री मील पश्चिम में सोमालियाई समुद्री डाकुओं ने लगभग 17 क्रू सदस्यों वाले ईरानी मछली पकड़ने वाले जहाज एमवी इमान को अपहृत कर लिया था। भारतीय रक्षा अधिकारियों ने सोमवार को दोपहर में बताया कि अपहृत मछुआरों को बचाने के लिए भारतीय युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा को भेजा गया। युद्धपोत ने अपहृत इस जहाज को बचाने के लिए तत्काल ऑपरेशन शुरू किया।

रक्षा अधिकारियों ने बताया कि भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा ने मछली पकड़ने वाले जहाज इमान को सोमालियाई समुद्री लुटेरों से सुरक्षित बचा लिया है। समुद्री लुटेरों को निहत्था कर दिया गया है और सोमालिया की ओर बढ़ने को कहा गया है। युद्धपोत पर मौजूद एएलएच ध्रुव हेलीकॉप्टरों ने अपहृत जहाज को चारों ओर से घेर लिया था, ताकि उस पर मौजूद समुद्री डाकुओं को चेतावनी दी जा सके। ईरानी जहाज को बचाने के बाद भारतीय युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा अब इलाके से बाहर निकल गया है।

### पाक के 90,675 मतदान केंद्रों में आधे से ज्यादा संवेदनशील

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में आठ फरवरी को होने वाले आम चुनाव के मद्देनजर स्थापित किए जा रहे अधिकांश मतदान केंद्रों को संवेदनशील या अत्यधिक संवेदनशील घोषित किया गया है। देश के कुल 90,675 मतदान केंद्रों में से 46,065 को संवेदनशील के रूप में वर्गीकृत किया गया है। इनमें से 18,437 अत्यधिक संवेदनशील हैं। डॉन अखबार की रिपोर्ट में इस पर विस्तृत चर्चा की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, पंजाब में 'संवेदनशील' और 'सबसे संवेदनशील' मतदान केंद्रों की कुल संख्या 18,620 है। इनमें से 6,040 को सर्वाधिक संवेदनशील के रूप में वर्गीकृत किया गया है। पंजाब के कुल 50,944 मतदान केंद्रों में से 32,000 से अधिक को 'सामान्य' घोषित किया गया है। सिंध में 6,545 'संवेदनशील' और 6,524 'सबसे संवेदनशील' मतदान केंद्र हैं। प्रांत के कुल 19,006 मतदान केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं।

**फिल्म जगत**

## लाइव सिंगिंग परफॉर्मेंस को लेकर इमोशनल हुईं परिणीति चोपड़ा, कहा- 'वैसा ही हुआ, जैसी उम्मीद थी'



**मुंबई।** एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा ने लाइव सिंगिंग की शुरूआत की और कहा कि इस परफॉर्मेंस में वह सब कुछ था जो वह चाहती थीं। परिणीति ने इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें साझा कीं, जिसमें उनके कॉन्सर्ट की झलक है। उन्होंने एक वीडियो भी शेयर कर बताया कि ये परफॉर्मेंस इसलिए खास है क्योंकि उन्होंने अपने शहर मुंबई में परफॉर्म किया है। तस्वीरों को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, "और यह हो गया। जब मैं इसे लिख रही हूं तो मेरी आंखों में आंसू आ गए। मेरा अब तक का पहला लाइव सिंगिंग परफॉर्मेंस कल रात थी। ये वो सब कुछ था, जिसकी मैं उम्मीद कर रही थी। आप सभी ने जो प्यार दिखाया, उसके लिए आपका धन्यवाद। ये मेरे लिए बहुत मायने रखता है।" इस महीने की शुरूआत में, परिणीति ने साझा किया था कि अब उनके दो करियर हैं - एक्टिंग और उनकी म्यूजिकल जर्नी। वर्कफ्रंट की बात करें तो परिणीति की अगली फिल्म 'चमकीला' है, जिसमें उनके साथ दिलजीत दोसांझ दिखाई देंगे।